धनशोधन मामले में ईडी ने अदालत से कहा

हिरासत में लेकर रॉबर्ट वाड्रा से पूछताछ करने की जरूरत

नई दिल्ली, 26 सितंबर (भाषा)।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को दिल्ली हाई कोर्ट से कहा कि वह रॉबर्ट वाड्रा को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ करना चाहता है क्योंकि धनशोधन मामले में 'धन के लेन-देन की कड़ियों' से कथित रूप से उनका सीधा संबंध है। ईडी ने न्यायमूर्ति चंद्र शेखर के सामने कहा कि कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी के दामाद वाड्रा मामले की जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं।

वाड्रा पर लंदन में 12, ब्रायनस्टन स्क्वायर स्थित 17 करोड़ रुपए की सम्पत्ति की खरीदारी में धनशोधन का आरोप है। उनके खिलाफ धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत जांच की जा रही है।

एजंसी के वकील ने न्यायाधीश से कहा, 'हमें उन्हें हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ करने की जरूरत है। क्योंकि धन के लेन-देन की कड़ी का सीधा संबंध उनसे हैं।' वाड्रा के वकील ने ईडी के दावों को खारिज करते हुए कहा कि एजंसी जब कभी उनके मुवक्किल को बुलाती है, वह उसके सामने

एजंसी के वकील ने न्यायाधीश से कहा, 'हमें उन्हें हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ करने की आवश्यकता है क्योंकि धन के लेन-देन की कड़ी का सीधा संबंध उनसे हैं।' वाड्रा के वकील ने ईडी के दावों को खारिज करते हुए कहा कि एजंसी जब कभी उनके मुवक्किल को बुलाती है, वह उसके सामने पेश होते हैं और उन्होंने जांच में पूरा सहयोग किया है।

पेश होते हैं और उन्होंने जांच में पूरा सहयोग किया है। वकील ने यह भी कहा कि ईडी ने जो सवाल किए, उनके मुवक्किल ने उनका जवाब दिया और उन पर लगाए गए आरोपों को 'स्वीकार नहीं करने' का यह अर्थ नहीं है कि वह सहयोग नहीं कर रहे हैं। दलीलें सुनने के बाद अदालत ने मामले पर अंतिम बहस के लिए पांच नवंबर की तिथि तय की।

निचली अदालत ने वाड्रा को अग्रिम जमानत दे दी थी जिसे ईडी ने हाई कोर्ट में चुनौती दी है।

वाड्रा ने मंगलवार को अदालत में ईडी की याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि ऐसा एक भी उदाहरण नहीं है जब उन्होंने जांच में सहयोग नहीं किया हो और सबूतों के साथ छेड़छाड़ करने का भी कोई अंदेशा नहीं है, क्योंकि ईडी उनके पास से मामले से संबंधित सभी दस्तावेजों को पहले ही जब्त कर चुकी है।

ईडी ने अदालत से वाड्रा की अग्रिम जमानत को रद्द करने का अनुरोध किया था और कहा था कि वह जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं, इसलिए उन्हें हिरासत में लेना जरूरी है।

विदेश छोड़ कर भागने की आशंका संबंधी आरोप पर वाड्रा ने अपने जवाब में कहा था 'प्रतिवादी (वाड्रा) मीडिया में ये खबरें पढ़ कर खुद विदेश से भारत लौटे कि ईडी उनकी जांच कर रही है । इससे स्पष्ट है कि वाड्रा की देश छोड़ने की कोई मंशा नहीं है और वह भारत में रह कर खुद को पाक-साफ साबित करना चाहते हैं।'

समकालीन मुद्दों के समाधान के लिए गांधीवादी मूल्य प्रासंगिक : कोविंद

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 26 सितंबर।

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने गुरुवार को कहा कि दुनिया के सामने आतंकवाद, हिंसा, भ्रष्टाचार, भेदभाव और जलवायु परिवर्तन जैसे कई समकालीन मुद्दों के समाधान के लिए गांधीवादी मूल्य प्रासंगिक हैं। महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में अहिंसा विश्व भारती द्वारा आयोजित 'मानव और सामाजिक विकास के लिए आध्यात्मिकता' विषय पर संगोष्ठी का शुभारंभ करते हुए कोविंद ने कहा कि गांधीजी द्वारा दिखाए गए मार्ग के अनुसरण से विश्व समुदाय को फायदा होगा।

बकौल राष्ट्रपति उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि सत्य, अहिंसा, शांति और सौहार्द्र की बुनियाद पर ही मानव समाज की बेहतरी होगी। गांधीजी के ये विचार आज भी प्रासंगिक हैं और भविष्य में भी ये प्रासंगिक बने रहेंगे। उन्होंने कहा-दुनिया के सामने आतंकवाद, हिंसा, भ्रष्टाचार, अनैतिकता, धर्म, नस्ल और भाषा के आधार पर भेदभाव व जलवायु परिवर्तन जैसे विभिन्न समकालीन मुद्दों के समाधान के लिए गांधीवादी मूल्य प्रासंगिक हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत की आबादी में 65 फीसद युवा हैं और उन्हें गांधीजी के आदर्शों से जोड़ने से बेहतर समाज बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने अहिंसा विश्व भारती से अपने कार्यक्रमों में युवाओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा-दो अक्तूबर को हम सब राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती मनाएंगे।

संयुक्त राष्ट्र ने उनके जन्मदिन को अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस घोषित किया है। इसके मायने हैं कि महात्मा गांधी के अहिंसा के दर्शन पूरी दुनिया के लिए उपयोगी हैं। साथ ही यह विश्व स्तर पर गांधीजी के प्रति गहरे सम्मान का भी प्रमाण है।

अरब सागर में पाकिस्तान का युद्धाभ्यास, भारत ने उतारे जंगी जहाज

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 26 सितंबर।

पाकिस्तान इन दिनों उत्तरी अरब सागर में बड़े पैमाने पर युद्धाभ्यास कर रहा है। इसमें पाकिस्तानी नौसेना के कई युद्धपोत और पनडुब्बियां हिस्सा ले रही हैं। उसकी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए भारत ने ऐहतियातन अपनी पश्चिमी सीमा पर युद्धपोत, पनडुब्बियां, निगरानी एवं लड़ाकू विमान तैनात किए हैं।

अगले कुछ दिनों तक चलने वाले नौसैनिक अभ्यास में पाकिस्तानी नौसेना अपनी युद्धक क्षमताओं को आंकेगी। इसके मद्देनजर भारतीय निगरानी विमानों और पनडुब्बियों ने पाकिस्तानी नौसेना गतिविधियों पर नजर बना रखी है।

भारतीय नौसेना ने अपने कुछ युद्धपोत और युद्धक विमान अगले कुछ दिनों तक के लिए उत्तरी अरब सागर में अग्रिम पंक्ति में तैनात कर दिए हैं। नौसेना के साथ ही वायुसेना भी सतर्क है। नौसेना ने निगरानी के लिए पोसाइडन-81 (पी-81) निगरानी विमान तैनात किए हैं। उत्तरी अरब सागर में पाकिस्तान के कम से कम सात से आठ युद्धपोत तैनात किए गए हैं।

पाकिस्तान ने अपने युद्धाभ्यास को लेकर उत्तरी अरब सागर से गुजरने वाले मालवाहक जहाजों के लिए मेरिटाइम अलर्ट जारी कर रहा है कि वह 25 से 29 सितंबर तक मिसाइल, रॉकेट और युद्धपोत पर लगे तोपों से गोलाबारी करेगा।

रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों के मुताबिक, पाकिस्तान का यह युद्धाभ्यास सामान्य प्रक्रिया के तहत हो रहा है, लेकिन किसी भी अप्रिय हालात के मद्देनजर नौसेना को सतर्क रहने को कहा गया है। खासकर ऐसे हालात में जब जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद से ही पाकिस्तान की सेना और आतंकवादियों की ओर से हमले का खतरा बढ़ गया है।

पीड़िता की जमानत पर सुनवाई 30 को

पेज 1 का बाकी

गलत है। ऐसा क्यों किया गया, इसकी जांच होगी। पीआरओ से इस बाबत पूछताछ भी हुई। इसके अलावा मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य अभय सिन्हा और सीएमएस डॉ. एमपी गंगवार को भी तलब किया गया है।

एसआइटी में शामिल आइपीएस भारती सिंह ने मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज की पब्लिक रिलेशन ऑफीसर (पीआरओ) ने बयान दिया था कि एसआइटी के आदेश पर चिन्मयानंद के इलाज के लिए टीम पहुंची थी।

यह सरासर गलत है। उन्होंने कहा कि टीम ने इसे गंभीरता से लिया है।

तारीख पर तारीख अब और नहीं : सुप्रीम कोर्ट

पेज 1 का बाकी

सवाल उठाते हुए कहा था कि हर अध्याय एक लेखक ने लिखा है। लेकिन सारांश में किसी का जिक्र नहीं है।

संविधान पीठ के अन्य सदस्यों में न्यायमूर्ति एसए बोबडे, न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति अशोक भूषण और न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर भी शामिल हैं। पीठ ने कहा कि धवन ने अपनी शुरुआती टिप्पणी में कहा है कि उन्होंने रिपोर्ट पर सवाल करने का अपना अधिकार छोड़ा नहीं है लेकिन अदालत द्वारा स्वीकार किए जाने के बाद सबूतों पर संदेह नहीं किया जा सकता।

योगेश्वर दत्त और संदीप सिंह भाजपा में शामिल

पेज 1 का बाकी

हरियाणा के शिअद विधायक बलकौर सिंह भी भाजपा में शामिल हुए। दोनों खिलाड़ियों के लंबे समय से भाजपा में शामिल होने की चर्चा चल रही थी। दत्त और सिंह की हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा के टिकट पर मैदान में उतरने की उम्मीद हैं।

इस मौके पर दोनों खिलाड़ियों ने कहा कि भाजपा ने देश को नई दिशा दी है। वे भाजपा की नीतियों और कार्यों से प्रभावित होकर इसमें शामिल हो रहे हैं। पार्टी का जो भी आदेश होगा वह उसके हिसाब से कार्य करेंगे।

हरियाणा भाजपा अध्यक्ष सुभाष बराला ने खिलाड़ियों का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि योगेश्वर दत्त और संदीप सिंह के भाजपा में शामिल होने से पार्टी और मजबूत होगी। दोनों युवाओं के आदर्श हैं और पार्टी युवाओं को आगे लाने के लिए तत्पर है।

योगेश्वर दत्त बुधवार को नई दिल्ली में सुभाष बराला से मिले थे। इसके बाद से ही उनके भाजपा में शामिल होने की चर्चा थी। योगश्वर ने हरियाणा पुलिस की अपनी नौकरी से इस्तीफा दे दिया था। दत्त ने मंगलवार को मुख्यमंत्री खट्टर से मुलाक़ात की थी।

महाभियोग प्रक्रिया को बताया 'मजाक'

पेज 1 का बाकी

है कि उन्होंने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से बाइडेन के खिलाफ जांच करने की बार-बार अपील करके अपने पद का दुरुपयोग किया।

ट्रंप ने इन आरोपों से इनकार किया है। उन्होंने आधिकारिक महाभियोग जांच शुरू करने के बाद अपने पहले संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'वे मेरे पीछे हाथ धोकर पड़ गए हैं। यह सूचना (महाभियोग की जांच का आधार) देखने पर 'मजाक' लगती है।' उन्होंने कहा, 'महाभियोग, किसलिए? क्योंकि आपकी किसी से अच्छी बैठक या फोन पर अच्छी बातचीत हुई है? ट्रंप ने कहा कि उन्होंने यूक्रेन पर कोई दबाव नहीं बनाया। जेलेंस्की ने भी यही दावा किया है।

ट्रंप ने कश्मीर पर फिर मध्यस्थता की पेशकश की

पेज 1 का बाकी

पक्ष की मध्यस्थता की किसी गुंजाइश को स्पष्ट रूप से खारिज कर दिया है। मोदी ने पिछले महीने फ्रांस के समुद्र तटीय शहर बिआरित्ज में जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर ट्रंप के साथ अपनी द्विपक्षीय बैठक में कहा था, 'भारत और पाकिस्तान के बीच सभी मुद्दे द्विपक्षीय प्रकृति के हैं और हम किसी तीसरे देश को परेशान नहीं करना चाहते।
हम इन मुद्दों पर द्विपक्षीय चर्चा कर सकते हैं और उनका हल कर सकते हैं।' मोदी और ट्रंप ने इस हफ्ते की बैठक में पाकिस्तान से होने वाले आतंकवाद और भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार से जुड़े मुद्दों पर मुख्य रूप से ध्यान केंद्रित किया था। जबकि इमरान और ट्रंप ने अपनी बैठक में अफगान शांति प्रक्रिया और कश्मीर को लेकर भारत-पाक तनावों पर चर्चा की।

ट्रंप ने बुधवार को कहा कि पाकिस्तान और भारत के नेताओं के साथ उनकी बहुत सार्थक बातचीत हुई। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान और भारत की बात की जाए, तो हमने कश्मीर के बारे में चर्चा की। और मैंने कहा कि मैं जो कुछ भी मदद कर सकता हूं, मैंने पेशकश की, चाहे वह मध्यस्थता हो या जो कुछ और करना हो।' ट्रंप ने भारत-पाक तनावों के बीच हाल के हफ्तों में कश्मीर मुद्दे पर चौथी बार मध्यस्थता की पेशकश करते हुए कहा, 'मैं जो कुछ कर सकता हूं करूंगा। क्योंकि वे (भारत और पाक) अभी एक बहुत नाजुक मोड़ पर हैं और उम्मीद है कि स्थिति बेहतर हो जाएंगी।' ट्रंप ने कहा, 'आप इन दोनों देशों का नेतृत्व कर रहे दो भद्र पुरुषों (मोदी और खान) को देख रहे हैं, वे मेरे मित्र हैं। मैंने कहा कि आप इसका समाधान निकालिए। वे परमाणु शक्ति से संपन्न देश हैं, उन्हें समाधान निकालना होगा।'

अमेरिकी राष्ट्रपति की टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने कहा कि भारत का रुख 'बिल्कुल स्पष्ट' है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि प्रधानमंत्री पहले ही यह बता चुके हैं। विदेश सचिव ने भी (मंगलवार को) यही बात कही है।' मोदी और खान संयुक्त राष्ट्र महासभा को शुक्रवार को संबोधित करेंगे।

जनरल रावत आज संभालेंगे सीसीएस का अध्यक्ष पद

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 26 सितंबर।

सेना प्रमुख जनरल बिपिन रावत शुक्रवार को चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी (सीसीएस) के अध्यक्ष का प्रभार शुक्रवार को संभालेंगे। वे इस महीने सेवानिवृत्त हो रहे वायुसेना प्रमुख एअर चीफ मार्शल बीएस धनोआ से सीसीएस के अध्यक्ष का प्रभार ग्रहण करेंगे।

चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी (सीसीएस) में सेना, नौसेना और वायुसेना के प्रमुख शामिल हैं और इसके सबसे वरिष्ठ सदस्य को अध्यक्ष बनाया जाता है। रक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'वायु सेना प्रमुख सीओएससी के प्रमुख का प्रभार शुक्रवार को सेना प्रमुख को सौंपेंगे।' एअर चीफ मार्शल धनोआ ने 29 मई को नौसेना प्रमुख एडमिरल सुनील लांबा से सीसीएस के अध्यक्ष का प्रभार हासिल किया था।

राज्यसभा की दो सीटों का उपचुनाव 16 अक्तूबर को

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 26 सितंबर।

पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण जेटली और राम जेठमलानी के निधन से रिक्त हुई राज्यसभा की दो सीटों पर उपचुनाव 16 अक्तूबर को होगा। चुनाव आयोग द्वारा गुरुवार को घोषित चुनाव कार्यक्रम के मुताबिक 27 सितंबर को दोनों सीट के लिए चुनाव की अधिसूचना जारी की जाएगी।

उम्मीदवार चार अक्तूबर तक नामांकन पत्र भर सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच पांच अक्तूबर को होगी और नाम वापसी की अंतिम तिथि नौ अक्तूबर है। मतदान 16 अक्तूबर को सुबह नौ से शाम चार बजे तक होगा।

बताते चलें कि जेटली उत्तर प्रदेश से उच्च सदन में भाजपा के सदस्य थे जबकि जेठमलानी बिहार से उच्च सदन में राजद के सदस्य थे। जेटली का निधन 24 अक्तूबर को हुआ था। राज्यसभा सदस्य के रूप में उनका कार्यकाल दो अप्रैल 2024 तक था।

जेठमलानी का निधन आठ सितंबर को हुआ था और उच्च सदन में उनका कार्यकाल सात जुलाई 2022 तक था।

रात में आतंकवाद और दिन में क्रिकेट नहीं चलेगा

पेज 1 का बाकी

पीते हैं, चलो क्रिकेट खेलते हैं।' भारत और पाकिस्तान के बीच आखिरी द्विपक्षीय क्रिकेट सीरीज 2012 में खेली गई थी। हालांकि, दोनों देश आइसीसी (इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल) या एसीसी (एशियन क्रिकेट काउंसिल) के टूर्नामेंट में एक दूसरे का सामना करते रहे हैं। आखिरी बार दोनों देशों के बीच विश्व कप 2019 में मैच हुआ था, जहां पाकिस्तान को भारत से मुंह की खानी पड़ी थी।

जयशंकर ने कहा, 'हमें पाकिस्तान से बातचीत में कोई दिक्कत नहीं, लेकिन 'टेररिस्तान' से बातचीत शुरू करने में परेशानी जरूर है।' उन्होंने स्पष्ट कहा कि भारत को बातचीत के मंच तक लाने का दबाव बनाने के लिए पाकिस्तान आतंकवाद का इस्तेमाल कानूनी हथियार के रूप में करता है और हकीकत से रूबरू कराने पर उससे मुकर जाता है। जयशंकर ने कहा, 'भारत और पाकिस्तान के बीच कश्मीर बुनियादी मुद्दा नहीं है। यह कई मुद्दों में से एक है।' विदेश मंत्री ने कहा कि भारत के लिए मुद्दा यह नहीं है कि वह पाकिस्तान से बात करेगा या नहीं। मुद्दा यह है कि भारत एक ऐसे देश से बात कैसे कर सकता है, जो आतंकवाद फैलाता है। उन्होंने कहा, 'मैं एक ऐसे देश से बात कैसे कर सकता हूं, जो आतंकवाद फैलाता है और हकीकत से रूबरू कराने पर उससे इनकार करने की नीति अपनाता है।' जयशंकर ने सीमापार से रची साजिश और भारत में आतंकी हमलों का जिक्र किया। उन्होंने पाकिस्तान द्वारा द्विपक्षीय कारोबार पर रोक लगाने के फैसले का जिक्र करते हुए कहा, 'वह ऐसा पड़ोसी है जो संपर्क की अनुमति नहीं दे रहा। वह बहुत ही चुनौतीपूर्ण पड़ोसी है।'

न्यूयॉर्क में जयशंकर की इस बातचीत का ब्योरा विदेश मंत्रालय ने जारी किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ पाकिस्तान के रवैये में गंभीरता नहीं दिखती। ऐसे में भारत के रुख में कोई बदलाव नहीं है कि जब तक पाकिस्तान आतंकवाद बंद नहीं करेगा, भारत बातचीत नहीं करेगा। रवीश कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई बैठक का हवाला देते हुए कहा कि भारत बातचीत से पीछे नहीं हट रहा है।

सभी मौजूदा विधायकों को टिकट देगी कांग्रेस

पेज 1 का बाकी

जाएगा। इस फैसले से सूबे के कांग्रेसी दिग्गजों के अपने बेटे-बेटियों को चुनाव लड़ाने के मंसूबों पर पानी फिर गया है। कांग्रेस उम्मीदवारों की पहली सूची आगामी 30 सितंबर को जारी किए जाने की उम्मीद है।

राजधानी स्थित पंजाब भवन में गुरुवार को हरियाणा कांग्रेस की अध्यक्ष कुमारी सैलजा की अगुआई में हुई प्रदेश चुनाव समिति की पहली बैठक में तय किया गया कि पार्टी अपने सभी मौजूदा विधायकों को चुनावी टिकट देगी। बैठक में यह भी निर्णय किया गया कि एक परिवार से एक ही व्यक्ति चुनाव लड़ेगा। उम्मीदवारों के चयन के लिए लोकसभा का चुनाव लड़े कांग्रेस उम्मीदवारों से कहा गया कि वे अपने संसदीय क्षेत्र में आने वाले विधानसभा क्षेत्रों के लिए अपनी पसंद के उम्मीदवारों का एक पैनल सीलबंद लिफाफे में चुनाव समिति को सौंप दें। आगामी 28 व 29 सितंबर को पार्टी महासचिव मधूसूदन मिस्त्री की अध्यक्षता में गठित की गई चयन समिति की बैठक होगी जिसमें उम्मीदवारों के नाम की सूची बनाई जाएगी और 30 सितंबर को कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में इन उम्मीदवारों के नाम पर मोहर लगा दी जाएगी। चुनाव समिति की बैठक के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कुमारी सैलजा ने इन तमाम निर्णयों की जानकारी दी। बैठक में सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री व चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कुलदीप बिश्नोई, किरण चौधरी, रणदीप सिंह सुरजेवाला, कैप्टन अजय यादव आदि तमाम नेता मौजूद थे। सूत्रों ने बताया कि चुनाव समिति के निर्णय के बाद अब उन तमाम अटकलों पर विराम लग गया है जिनमें कहा जा रहा था कि हुड्डा के बेटे व पूर्व सांसद दीपेंद्र हुड्डा सहित कई अन्य नेताओं के बेटे और बेटियों को इस चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ाया जाएगा।

बारूदी सुरंग विस्फोट में सेना का कुली घायल

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 26 सितंबर।

जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास बारूदी सुरंग विस्फोट में सेना का एक कुली घायल हो गया। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। बुधवार शाम को सज्जाद अहमद कुछ सामग्री मंडी क्षेत्र में नियंत्रण रेखा के पास अग्रिम चौकी तक ले जा रहा था, तभी बारूदी सुरंग में विस्फोट हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बेटे-बेटियों के टिकट के लिए मंत्री पद छोड़ने को तैयार दिग्गज

पेज 1 का बाकी

इंद्रजीत सिंह ने अपनी बेटी के लिए पार्टी टिकट की मांग नेतृत्व के समक्ष रखी है।

गुरुग्राम और आसपास की डेढ़ दर्जन से ज्यादा विधानसभा क्षेत्रों में अपना दबदबा रखने वाले राव इंद्रजीत सिंह अपनी बेटी आरती राव के लिए भाजपा का टिकट मांग रहे हैं। उनके करीबी सूत्रों का कहना है कि यदि पार्टी ने एक परिवार के दो लोगों को टिकट नहीं देने का फार्मूला तय किया है तो यह चौधरी वीरेंद्र सिंह पर भी लागू होना चाहिए क्योंकि हाल ही में पार्टी ने उनके बेटे को लोकसभा चुनाव का टिकट दिया और अब उनकी पत्नी को विधानसभा का टिकट दिया जा रहा है। उनका यह भी कहना है कि यदि मंत्री पद छोड़ना ही इसकी शर्त है तो वह मंत्री पद छोड़ने तक को तैयार हैं।

सूत्रों की मानें तो हरियाणा से ताल्लुक रखने वाले केंद्र सरकार के एक अन्य मंत्री व फरीदाबाद के धाकड़ भाजपाई कृष्णपाल गुर्जर भी अपने बेटे देवेंद्र चौधरी के लिए विधानसभा चुनाव का टिकट मांग रहे हैं। दलील उनकी भी वही है जो राव इंद्रजीत ने दी है। उनका भी यही कहना है कि यदि चौधरी वीरेंद्र सिंह के परिजनों को टिकट देने में पार्टी को कोई एतराज नहीं है तो फिर उनके बेटे को टिकट क्यों नहीं मिले। जानकारों का कहना है कि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष रह चुके गुर्जर 2014 के लोकसभा चुनाव में फरीदाबाद से सांसद बनने के पहले तिगांव विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने जाते रहे।

धूर्त है मेहुल चोकसी, जल्द भारत भेजेंगे

पेज 1 का बाकी

नैतिकता के साथ एंटीगा-बरबूडा नहीं आया। ब्राउन ने चोकसी मामले में उनके देश को गलत जानकारी देने के लिए भारतीय अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया। गेस्टन ब्राउन ने कहा, 'मेहुल चोकसी के लिए भारतीय अधिकारियों ने यह कहते हुए स्वीकृति दी थी कि वो एक अच्छे व्यक्ति हैं। लेकिन बाद में सामने आया कि भारत में वास्तव में क्या हुआ और सच ये है कि हमें गलत जानकारी दी गई, इस स्थिति के लिए भारतीय अधिकारियों को जिम्मेदारी लेनी होगी। हमारे अधिकारियों ने भारत के ही जरिए दी गई जानकारी के आधार पर मेहुल चोकसी को नागरिकता दी। और बाद में हमें कहा गया कि वो एक धोखेबाज है।'

ब्राउन ने बताया कि मेहुल चोकसी के कारण उनके देश की नागरिकता लेने की योजना -सिटीजनशिप बाय इनवेस्टमेंट प्रोग्राम- को नुकसान पहुंचा है। मेहुल चोकसी ने इसी योजना के तहत एंटीगा की नागरिकता हासिल की। हाल में ब्राउन ने चोकसी की नागरिकता को रद्द करने का एलान किया था। इसके लिए वहां की सरकार चोकसी की याचिकाओं के निपटारे का इंतजार कर रही है, जो उसने एंटीगा की अदालतों में दाखिल कर रखे हैं।

मेहुल चोकसी को 15, जनवरी 2018 को एंटीगा-बरबूडा की नागरिकता मिली। मेहुल चोकसी और उसके भांजे नीरव मोदी पर पंजाब नेशनल बैंक में 13 हजार करोड़ रुपए के गबन का आरोप है। भारत का यह सबसे बड़ा बैंक घोटाला 2018 में सामने आया। इस घोटाले में हीरा कारोबारी नीरव मोदी के अलावा उसकी पत्नी ऐमी और उसके भाई निशाल भी अभियुक्त हैं। इस मामले में जांच शुरू होने के कुछ समय पूर्व सभी देश छोड़कर भाग गए थे।

बुलंदशहर हिंसा मामले में योगेश राज को जमानत

पेज 1 का बाकी

वकील की दलीलें सुनने के बाद राज की जमानत अर्जी मंजूर करने का आदेश पारित किया। याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि उस हिंसा में याचिकाकर्ता की कोई भूमिका नहीं थी और इस मामले में अन्य आरोपी पहले से जमानत पर हैं।

राज्य सरकार के वकील ने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि आवेदक ने राजद्रोह का गंभीर अपराध किया है, इसलिए उसकी जमानत की अर्जी खारिज की जानी चाहिए।

अदालत ने संबद्ध पक्षों की दलीलें सुनने के बाद योगेश राज की जमानत की अर्जी मंजूर कर ली।

गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के मेरठ मंडल से जुड़े बुलंदशहर जनपद में स्याना इलाके के महाव गांव में तीन दिसंबर, 2018 को कथित तौर पर गोकशी के बाद मचे बवाल में गुस्साई भीड़ ने स्याना थाने के इंस्पेक्टर की पत्थर या किसी भारी वस्तु मार कर हत्या कर दी थी। वहीं गोली लगने से एक युवक की मौत हो गई थी।

प्रदेश सरकार ने इस मामले की जांच एडीजी इंटेलीजेंस को सौंपी थी। इसके साथ ही मेरठ रेंज के महानिरीक्षक की अध्यक्षता में एक एसआइटी का भी गठन किया था। बुलंदशहर में हुई घटना में पांच पुलिस कर्मी तथा करीब आधा दर्जन आम लोगों को भी मामूली चोटें आई थीं। भीड़ की हिंसा में कई गाड़ियों को भी नुकसान पहुंचाया गया है तथा तीन कारों को आग लगा दी गई थी। इस हिंसा में तीन गांव के करीब चार सौ लोगों के शामिल होने की बात कही गई थी।

हिंसा के बाद पांच दिसंबर को एक वीडियो के माध्यम से योगेश ने खुद को बेकसूर बताया था। योगेश राज ने कहा था कि मामले में पुलिस ने उसकी छवि बतौर अपराधी पेश की है।

भारत-पाकिस्तान सीमा और नियंत्रण रेखा पर रेड अलर्ट

पेज 1 का बाकी

लिए हथियार, सैटेलाइट फोन एवं जाली करंसी गिराई गई। पंजाब पुलिस की जांच में खुलासा हुआ है कि 10 किलोग्राम तक भार उठाने में सक्षम जीपीएस संचालित सात से आठ ड्रोन विमानों को भेजा गया। ड्रोन विमानों से गिराए गए हथियार पंजाब के तरनतारन जिले से बरामद हुए। एक जला हुआ ड्रोन भी बरामद किया गया है, जो दुर्घटनाग्रस्त हो गया और पाकिस्तानी आकाओं के कहने पर खालिस्तानी मॉड्यूल के सदस्यों ने उसे जलाने की कोशिश की थी।

सेना और सीमा सुरक्षाबल (बीएसएफ) के वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक, सैनिकों एवं निगरानी चौकियों से अंतरराष्ट्रीय सीमा (आइबी) और नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर जम्मू कश्मीर के जम्मू, सांबा, कठुआ, राजौरी, पुंछ, बारामूला और कुपवाड़ा जिलों में सर्वोच्च स्तर की सतर्कता बरतने को कहा गया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने कहा, 'आतंक फैलाने के लिए भारत में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक भेजने के लिए पाकिस्तान का यह नया तरीका है। हमने अपने बलों को अंतरराष्ट्रीय सीमा पर ड्रोन विमानों की गतिविधि पर नजर रखने के लिए सक्रिय कर दिया है।'

अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पहरेदारी करने वाले बीएसएफ ने अपनी 'ऑब्जर्वेशन पोस्ट' (निगरानी चौकियों) और 'लिसनिंग पोस्ट' (दुश्मन की गतिविधि की खुफिया जानकारी हासिल करने वाली चौकियों) को अलर्ट कर दिया है। बीएसएफ के जवान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पानी वाले क्षेत्रों में भी गश्त कर रहे हैं और पाकिस्तान से आतंकियों की घुसपैठ के प्रयासों को विफल करने के लिए चिनाब नदी में जल गश्ती दल भी तैनात कर दिए हैं।

खाते से रकम निकाल सकता है हाफिज

पेज 1 का बाकी

लिए सचिवालय को निर्देश देंगे। सुरक्षा परिषद की तरफ से निर्धारित समय सीमा के भीतर किसी तरह की आपत्ति नहीं आने पर इसे मंजूरी दी गई है। इस तरह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद समिति प्रस्ताव ने हाफिज मोहम्मद सईद, हाजी मुहम्मद अशरफ, जफर इकबाल के मूलभूत खर्चे को लेकर रकम के वास्ते पाकिस्तानी सरकार को अधिकृत किया है।

बंगलुरु के पूर्व पुलिस आयुक्त के घर, दफ्तर पर सीबीआइ छापे

बंगलुरु, 26 सितंबर (भाषा)।

सीबीआइ ने गुरुवार को बंगलुरु के पूर्व पुलिस आयुक्त आलोक कुमार के कार्यालय और आवास पर फोन टैपिंग के एक मामले में छापेमारी की। छापेमारी की खबर के बाद राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा कि उनका मामले से कोई लेना-देना नहीं है इसलिए वे चिंतित नहीं हैं।

छापेमारी के बाद कुमारस्वामी ने संवाददाताओं से कहा, 'वे जिस पर चाहें छापेमारी करें। आप मुझसे क्यों पूछ रहे हैं? मैं इससे कैसे जुड़ा हुआ हूं?' जब उन्हें बताया गया कि उनके मुख्यमंत्री रहने के दौरान फोन टैपिंग से यह छापेमारी जुड़ी हुई है तो कुमारस्वामी ने कहा कि अपने कार्यकाल में हर कोई ऐसा करता है। अगर वे जांच कर रहे हैं कि पहले फोन टैपिंग कैसे हुई तो मुझे इस बारे में क्यों चितित होना चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि मामले से उनका कोई लेना-देना नहीं है। यह पूछने पर कि सीबीआइ उनसे भी पूछताछ कर सकती है, जद (सेकु) के नेता ने कहा, 'उन्हें आने दीजिए। कानून के मुताबिक किसी से भी पूछताछ हो सकती है और उसकी जांच की जा सकती है। मुझे क्यों भयभीत होना चाहिए?' सीबीआइ ने गुरुवार की सुबह आलोक कुमार के आवास और कार्यालय पर छापेमारी की।

पुलिस ने बताया कि कुमार के अदुगोडी घर पर सीबीआइ के 20 अधिकारी पहुंचे और उनसे पूछताछ की। वे कथित तौर पर कुछ पेन ड्राइव और कंप्यूटर की तलाश में थे। छापेमारी की पुष्टि करते हुए सीबीआइ के एक अधिकारी ने ब्योरा देने से इनकार किया। कुछ विधायकों ने आरोप लगाए थे कि उनके फोन कॉल टैप की गई हैं जिसके बाद राज्य सरकार ने फोन टैपिंग मामला सीबीआइ को सौंप दिया था। बंगलुरु के वर्तमान पुलिस आयुक्त भास्कर राव सहित कुछ पुलिस अधिकारियों ने भी फोन कॉल के टैप किए जाने की शिकायत की थी। भाजपा सरकार ने सत्ता में आते ही आलोक कुमार को पुलिस आयुक्त पद से हटा दिया था और उनकी जगह राव को नियुक्त किया था।

जेकेएलएफ-मलिक पर यूएपीए में प्रतिबंध बरकरार

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 26 सितंबर।

दिल्ली हाई कोर्ट के एक न्यायाधिकरण ने यासीन मलिक की अगुआई वाले जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) पर गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत प्रतिबंध सही ठहराया है। गृह मंत्रालय ने यह जानकारी दी। गृह मंत्रालय की एक अधिसूचना में बुधवार रात बताया गया कि जस्टिस चंद्र शेखर की अध्यक्षता वाले न्यायाधिकरण ने जेकेएलएफ-मलिक पर प्रतिबंध सही ठहराया है। जेकेएलएफ-मलिक को इस साल 22 मार्च को प्रतिबंधित किया गया था। इस संगठन पर कश्मीर में अलगाववाद को बढ़ावा देने का आरोप है।

जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में फरवरी महीने में सीआरपीएफ के काफिले पर हुए आतंकवादी हमले में 40 जवान शहीद होने की घटना के इस संगठन को गैरकानूनी घोषित कर दिया गया। इस पर प्रतिबंध लगाते हुए केंद्र ने कहा था कि उसका विचार है कि जेकेएलएफ का आतंकवादी संगठनों के साथ करीबी संपर्क है और यह जम्मू-कश्मीर तथा अन्य जगह पर आतंकवाद और चरमपंथ को बढ़ावा दे रहा है।

जेकेएलएफ-यासीन को प्रतिबंधित करने के अपने फैसले पर केंद्र ने हत्या, अपहरण, बमबारी और उगाही की 101 हिंसक घटनाओं का हवाला दिया था। इसमें श्रीनगर के बाहरी क्षेत्र में 25 जनवरी, 1990 को भारतीय वायु सेना के चार कर्मियों की हत्या और 10 को गंभीर रूप से घायल करने का मामला भी शामिल है।

इलाज में लापरवाही, डॉक्टर पर पांच लाख का जुर्माना

गुवाहाटी, 26 सितंबर (भाषा)।

असम मानवाधिकार आयोग (एएचआरसी) ने एक शहरी अस्पताल के डॉक्टर को इलाज में लापरवाही बरतने का दोषी पाते हुए उसे मरीज के पति को पांच लाख रुपए मुआवजा देने का आदेश दिया है। डॉक्टर की लापरवाही के चलते उस महिला की मौत हो गई।

एएचआरसी की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति टी वैफेई समेत इसकी पूर्ण पीठ ने बुधवार को 2017 के एक मामले में अंबरी अर्बन हेल्थ सेंटर के डॉक्टर घनश्याम ठाकुरिया को इलाज में लापरवाही का दोषी पाया। डॉक्टर की लापरवाही के चलते पिंकी दास की मौत हो गई।

आयोग ने कहा कि डॉक्टर ठाकुरिया दो महीने के अंदर मरीज के पति को रकम दें। एएचआरसी की विज्ञप्ति के अनुसार, 'आरोपी अधिकारी के नियोक्ता के तौर पर राज्य सरकार डॉक्टर की ओर से यह रकम दे और फिर इस रकम को उसके वेतन से किस्तों में या अन्य तरीके से काट ले।' एएचआरसी ने मरीज के पति की ओर से अक्टूबर 2017 में दायर शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया था।

मोरपेन लेबोरेटरीज़ लिमिटेड

(CIN: L24231HP1984PLC006028)

पंजीकृत कार्यालय : मोरपेन विलेज, नालागढ़ रोड, निकट बद्दी, जिला सोलन, हिमाचल प्रदेश–173205
टेलीफोन सं.: +91-01795-2760201-03; फैक्स सं.: 91-01795-276204
वेबसाइट: www.morepen.com; ई–मेल आईडी: investors@morepen.com

विशेष आम बैठक

यह सूचित किया जाता है कि मोरपेन लेबोरेटरीज़ लिमिटेड ('कम्पनी') के सदस्यों की एक विशेष आम बैठक ('ईजीएम'), कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय मोरपेन विलेज, नालागढ़ रोड, निकट बद्दी, जिला सोलन, हिमाचल प्रदेश–173 205 में शनिवार, 19 अक्टूबर, 2019 को प्रातः 10.00 बजे होना प्रस्तावित थी। कम्पनी ने सदस्यों को ईजीएम सूचना की भौतिक प्रतियां भी प्रेषित कर दी गई हैं तथा उपरोक्त उद्देश्य हेतु मंगलवार, 24 सितम्बर को ई–मेल भी भेज दिया था।

परन्तु, कम्पनी द्वारा जारी जीडीआर के संदर्भ में, 24 सितम्बर, 2019 को सेबी के आदेशानुसार, उपरोक्त ईजीएम को कुछ समय के लिए रोक दिया गया है तथा तद्नुसार कम्पनी के सदस्यों को प्रदान की गई ई–वोटिंग की सुविधाएं भी वापस ली जाती हैं। बोर्ड के आदेशानुसार

कृते मोरपेन लेबोरेटरीज़ लिमिटेड
हस्ताक्षर
सुशील सूरी
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

दिनांक: 26.09.2019
स्थान : नई दिल्ली

This Public Announcement is made in furtherance to earlier public announcement made by Ms. Preeti Jaiswal (Erstwhile Interim Resolution Professional) in the News Paper (Jansatta- Hindi News Paper on 16.09.2019 and in Financial Express- English News Paper on 16.09.2019), since the undersigned has been replaced as the Interim Resolution Professional in Place of Ms. Preeti Jaiswal vide the order of Hon'ble NCLT, New Delhi Bench dated 20.09.2019.

FORM A
PUBLIC ANNOUNCEMENT

(Under Regulation 6 of the Insolvency and Bankruptcy Board of India (Insolvency Resolution Process for Corporate Persons) Regulations, 2016)

FOR THE ATTENTION OF THE CREDITORS OF NTL ELECTRONICS INDIA LTD

RELEVANT PARTICULARS		
1	Name of corporate debtor	NTL Electronics India Limited
2	Date of incorporation of corporate debtor	26.04.2002
3	Authority under which corporate debtor is incorporated / registered	Registrar of Companies, Delhi
4	Corporate Identity No. / Limited Liability Identification No. of corporate debtor	U32109DL2002PLC115129
5	Address of the registered office and principal office (if any) of corporate debtor	305, Guru Amar Dass Bhawan, 78 Nehru Place, New Delhi-110019
6	Insolvency commencement date in respect of corporate debtor	27.08.2019
7	Estimated date of closure of insolvency resolution process	22.02.2020 (180 days from the Insolvency Commencement date)
8	Name and registration number of the insolvency professional acting as interim resolution professional	Naresh Kumar Bhutani Reg No. IBBI/IPA-002/IP-N00547/2017-2018/11673
9	Address and e-mail of the interim resolution professional, as registered with the Board	Address: B-803, Happy Home Apartments, Plot No. 12A, Sector-7 Dwarka New Delhi- 110075 Email: naresh101@gmail.com
10	Address and e-mail to be used for correspondence with the interim resolution professional	805, New Delhi House 27, Barakhamba Road New Delhi-110001 Email: nareshibbi@gmail.com
11	Last date for submission of claims	28.09.2019
12	Classes of creditors, if any, under clause (b) of sub-section (6A) of section 21, ascertained by the interim resolution professional	Not Applicable
13	Names of Insolvency Professionals identified to act as Authorised Representative of creditors in a class (Three names for each class)	Not Applicable
14	(a) Relevant Forms and (b) Details of authorized representatives are available at:	a) https://www.ibbi.gov.in/home/downloads b) Not Applicable

Notice is hereby given that the National Company Law Tribunal, New Delhi has ordered the commencement of Corporate Insolvency Resolution Process of **M/S NTL Electronics India Limited** on 27.08.2019.

The creditors of **NTL Electronics India Limited**, are hereby called upon to submit their claims with proof on or before 28.09.2019 to the interim resolution professional at the address mentioned against entry No. 10.

The financial creditors shall submit their claims with proof by electronic means only. All other creditors may submit the claims with proof in person, by post or by electronic means.

Submission of false or misleading proofs of claim shall attract penalties.

Note- Creditors who have already submitted their claim in pursuant of the Public Announcement made by Ms. Preeti Jaiswal (erstwhile IRP) are not required to submit their claim again with the undersigned.

Sd/-
Name and Signature of Interim Resolution Professional : Naresh Kumar Bhutani
Date: 27.09.2019 Reg No : IBBI/IPA-002/IP-N00547/2017-2018/11673
Place: New Delhi

सार्वजनिक सूचना

नगर निगम गुरुग्राम के भवन कर रिकार्ड में आई.डी.No. 245C25U61 जिसका पता Flat No. 1101, 11F, Harmony Apartment Tower-2, Sector-50, Gurugram के मलकियत तब्दीली हेतु Mrs. Mamta Sahni & Mr. Sudhir Sahni ने आवेदन किया है। यह यूनिट रिकार्डनुसार Mrs. Mamta Sahni के नाम दर्ज है।

Mr. Manmohan Bhasin की मृत्यु दिनांक 24.12.2014 को हो चुकी है। तदोपरांत उनकी पुत्री ने वसीयत की प्रति को सबूत के तौर पर पेश कर उक्त मलकियत तब्दीली के लिये आवेदन किया है।

उपरोक्त मलकियत/भवन/आई.डी./ (245C25U61) के भाग को Mrs. Mamta Sahni & Mr. Sudhir Sahni के नाम दर्ज करने हेतु यदि किसी भी व्यक्ति को कोई ऐतराज है, तो वह प्रकाशन के 30 दिन के अंदर अपना ऐतराज अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत कर सकता है। यदि 30 दिन के अंदर कोई आपत्ति इस कार्यालय में प्राप्त नहीं होती है, तो उपरोक्त मलकियत आवेदन अनुसार स्थानांतरित कर दी जायेगी, जिसके लिये नगर निगम उत्तरदायी नहीं होगा। सूचित रहे।

क्षेत्रीय कराधान अधिकारी-IV
नगर निगम, गुरुग्राम

DIRECTORATE OF FARMS,JNKVV, JABALPUR

E-Tender Notice

Offer's are invited for the supply of Tractor required for JNKVV Farms. Documents are available on www.mptenders.gov.in and information on www.jnkvv.org Purchase of on-line tender 26.09.19 to 18.10.19; Pre Bid meeting on 05.10.19, 03.00 PM; Submission of bid on-line up to 25.10.19, Submission of hardcopy of Technical bid: 05.11.19 at 03.PM. Opening of Technical Bid 05.11.19 at 03.30 PM. Opening of Financial Bid online: Opening of Financial bid will be announced after approval of technical bid.

IPRO/DF/2019-20/63 Director Farms

प्रपत्र क
सार्वजनिक घोषणा
(भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड
(स्वैच्छिक समापन प्रक्रिया) विनियमन, 2017 के विनियम 14 के अधीन)
ऋषभ हैण्डीक्राफ्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के पक्षकारों के ध्यानार्थ

1.	कारपोरेट व्यक्ति का नाम	ऋषभ हैण्डीक्राफ्ट्स प्राइवेट लिमिटेड
2.	कारपोरेट व्यक्ति के निगमन की तारीख	20/04/1995
3.	प्राधिकरण जिसके अधीन कारपोरेट व्यक्ति निगमित/रजिस्ट्रीकृत है	कंपनी रजिस्ट्रार – दिल्ली
4.	कारपोरेट व्यक्ति की कारपोरेट पहचान संख्या/सीमित देयता भागीदारी संख्या	U74899DL1995PTC067553
5.	कारपोरेट व्यक्ति के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय और प्रधान कार्यालय (यदि कोई हो) का पता	11, लाजपत नगर–IV, बेसमेंट, रिंग रोड, नई दिल्ली–110024
6.	कारपोरेट व्यक्ति का समापन प्रारंभ होने की तारीख	23/09/2019
7.	परिसमापक का नाम, पता, ई–मेल पता, दूरभाष संख्या और रजिस्ट्रीकरण संख्या	राजीव लोचन 1203, विजया बिल्डिंग, बाराखंबा रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली–110001 csrajeevlochan@gmail.com टेलीफोन नं.9818034467 IBBI/IPA-002/IP-N00606/ 2018-19/11885
8.	दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	23/10/2019

सूचित किया जाता है कि ऋषभ हैण्डीक्राफ्ट्स प्राइवेट लिमिटेड ने 23/09/2019 को स्वैच्छिक समापन प्रारंभ किया है।

ऋषभ हैण्डीक्राफ्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के पक्षकारों को 23/10/2019 को अथवा उससे पहले मद संख्या 7 में उल्लिखित पते पर परिसमापक के समक्ष उनके दावों के साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए कहा जाता है।

वित्तीय लेनदार अपने दावों के प्रमाण केवल इलेक्ट्रॉनिक तरीके में प्रस्तुत करें। अन्य सभी पक्षकार अपने दावों के प्रमाण व्यक्तिगत रूप से, डाक द्वारा अथवा इलेक्ट्रॉनिक तरीके से प्रस्तुत कर सकते हैं।

दावों का गलत अथवा गुमराह करने वाला प्रमाण प्रस्तुत करने पर जुर्माना लगाया जा सकता है।

– हस्ता. –
राजीव लोचन
(आईपी. एफसीएस, एलएल.बी, एम.कॉम)
रजि.नं.: IBBI/IPA-002/IP-N00606/2018-9/11885
ऋषभ हैण्डीक्राफ्ट्स प्राइवेट लिमिटेड का स्वैच्छिक परिसमापक

तारीख: 24/09/2019
स्थान: नई दिल्ली

आन्ध्रा बैंक ANDHRA BANK (A Govt. of India Undertaking)

ओम बिल्डिंग, आगरा चौक, पलवल, हरियाणा, फोन: 01275–242052

कब्जा सूचना (प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(1) के तहत) (अचल सम्पत्ति के लिए)

जबकि अधोहस्ताक्षरी प्राधिकृत अधिकारी ने **आंध्रा बैंक**, की ओर से वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का संख्यांक 54) के अन्तर्गत तथा नियम 13(12) के सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन), नियम 2002 के नियम 3 के तहत दिए गए अधिकारों का प्रयोग करते हुए दिनांक **18.09.2018** को एक माँग नोटिस जारी करके ऋणी **मैसर्स सतीश क्रॉकरी एंड गिफ्ट हाउस, श्री सतीश कुमार तनेजा पुत्र केशव देव तनेजा के स्वामित्व में**, को नोटिस में वर्णित, रुपये 10,00,000/– के कुल ऋण के खिलाफ बकाया राशि **रु. 11,72,607.55 (रुपए ग्यारह लाख बहत्तर हजार छः सौ सात और पचपन पैसे)** और दिनांक 11.09.2019 तक के ब्याज और प्रभार के साथ, उक्त नोटिस मिलने की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने के लिए कहा गया था।

ऋणी द्वारा उक्त राशि की अदायगी न करने के कारण ऋणी और जन साधारण को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(4) के सपठित नियमों के नियम 8 के अन्तर्गत दिये गये अधिकारों का उपयोग करते हुए निम्नलिखित संपत्तियों का कब्जा **दिनांक 11, सितंबर 2019** को ले लिया है।

सुरक्षित सम्पत्ति के एवज में उपलब्ध समय के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिए उधारकर्ता का ध्यान आमंत्रित किया जाता है।

ऋणी एवं जन साधारण को इस नोटिस के द्वारा चेतावनी दी जाती है कि वे निम्नलिखित संपत्तियों से सम्बन्धित कोई लेन–देन न करें तथा संपत्तियों में किया गया कोई भी लेन–देन आंध्रा बैंक की बकाया राशि व आगे के ब्याज के अधीन होगा।

अचल सम्पत्ति का विवरण

भूमि और भवन – दुकान नंबर 18 पर स्थित लगभग 300 वर्ग फुट की दुकान, इसकी संपत्ति संख्या 4142, क्रम संख्या 10928, पलवल में जवाहर नगर, नगर परिषद की सीमा के साथ स्थित, कैंप मार्केट, गोल चक्कर के पास, पलवल, 121102 जोकि श्री सतीश कुमार तनेजा पुत्र केशव देव तनेजा के स्वामित्व में है और इसकी सीमाएं: **पूर्व** मन्दिर श्री संतन धर्म सभा, **पश्चिम:** रस्ता सरे आम, **उत्तर:** श्री दसू राम का मकान, **दक्षिण:** श्री अमीर चंद का मकान।

दिनांक: 26.09.2019
स्थान: पलवल
मुख्य प्रबन्धक एवं प्राधिकृत अधिकारी
आन्ध्रा बैंक

सार्वजनिक सूचना

एतद्वारा सूचना दी जाती है कि हम इन्द्र सिंह एण्ड सन्स प्राइवेट लिमिटेड जिसका पंजीकृत कार्यालय ब्लॉक 11 में प्लॉट सं. 23, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली जिसे 17, तुगलक रोड, नई दिल्ली–110011 (''सम्पत्ति'') भी कहा जाता है, में 1.655 (एक दशमलव छः पाँच पाँच) एकड़ माप में एससीओ 604, प्रथम तल, केशव राम कॉम्पलेक्स, सेक्टर 45सी, चण्डीगढ़ 160047 (''कम्पनी'') पर स्थित है, के अधिकारों, स्वामित्व तथा हित की जाँच कर रहे हैं।

किसी भी बैंक या वित्तीय संस्थान सहित किन्तु सीमित नहीं, कोई भी संस्था/व्यक्ति जो इस सम्पत्ति के परिप्रेक्ष्य में किसी अधिकार, स्वामित्व, लाभ, माँग या हित का दावा रखता हो या करता हो या किसी बैंक या वित्तीय संस्थान संस्थान सहित किन्तु सीमित नहीं, कोई भी संस्था/व्यक्ति को इस सम्पत्ति के परिप्रेक्ष्य में किसी बिक्री, विनिमय, आवंटन, प्रभार, उपहार, लाइसेंस, किरायेदारी, उत्तराधिकार, हक, बन्धक, दृष्टि बन्धक, ऋणभार, लम्बित मुकदमा, कब्जा, अनुबन्ध/समझौता, कानून के किसी न्यायालय की डिक्री या आदेश, सरकार या किसी संस्थान द्वारा अधिग्रहण, निषेध या किसी अन्य अवरोध की सूचना हो, ऐसी संस्था/व्यक्ति हमें नीचे लिखित पते पर इस सूचना के प्रकाशन की तिथि के 10 (दस) दिनों के भीतर लिखित रूप में हमें सूचित कर सकता है जिसमें असफल रहने पर यह माना जायेगा कि इस सम्पत्ति के परिप्रेक्ष्य में अथवा इस पर कोई प्रतिकूल अधिकार, स्वामित्व, हित, हिस्सा, दावा अथवा किसी भी प्रकृति की माँग नहीं है, कम्पनी का इस सम्पत्ति पर पूर्ण, स्पष्ट एवं बाजारयोग्य स्वामित्व है।

हरदीप सचदेवा और अभिषेक अवस्थी
अधिवक्ता
एजेडबी एण्ड पार्टनर्स
प्लॉट सं.-ए-8, सेक्टर 4,
नोएडा 201301 (उ.प्र.)

दिनांक : 27.09.2019

प्रपत्र क
सार्वजनिक घोषणा
[भारतीय दिवाला और ऋण शोध अक्षमता बोर्ड (कार्पोरेट व्यक्तियों के लिए ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 6 के अधीन]
केमलिंकर ट्रेडेक्स प्राइवेट लिमिटेड के लेनदारों के ध्यानार्थ

सुसंगत विशिष्टियाँ

1.	कार्पोरेट देनदार का नाम	केमलिंकर ट्रेडेक्स प्राइवेट लिमिटेड
2.	कार्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि	10 जून, 2013
3.	प्राधिकरण जिसके अधीन कार्पोरेट देनदार निगमित/पंजीकृत है	कम्पनी अधिनियम, 1956 के तहत रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज, नई दिल्ली
4.	कार्पोरेट देनदार की कार्पोरेट पहचान संख्या/सीमित दायित्व पहचान संख्या	सीआईएन : U51101DL2013PTC253766
5.	कार्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई हो) का पता	पंजीकृत कार्यालय : दुकान नं. जी-3, भूतल, वर्धमान भनोफ प्लाजा, प्लॉट सं. 6, पॉकेट-7, सेक्टर-12, द्वारका, नई दिल्ली-110075
6.	कार्पोरेट देनदार के सम्बन्ध में ऋण शोध अक्षमता आरंभन की तिथि	23 सितम्बर, 2019 (आदेश की प्रमाणित प्रति 25 सितम्बर, 2019 को प्राप्त हुआ)
7.	ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया के समापन की पूर्वानुमानित तिथि	22 मार्च 2020 (ऋण शोधन समाधान प्रक्रिया प्रारम्भ होने की तिथि से 180वाँ दिन)
8.	अन्तरिम समाधान प्रोफेशनल के रूप में कार्यरत ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनल का नाम और रजिस्ट्रेशन नम्बर	विकास गर्ग पंजीकरण सं. : IBBI/IPA-001/IP-P01050/2017-18/11733
9.	अन्तरिम समाधान प्रोफेशनल पता और ई-मेल, जैसा कि बोर्ड में पंजीबद्ध है।	809, 8वीं मंजिल, अरुणाचल बिल्डिंग, 19, बाराखम्भा रोड, नई दिल्ली-110001 ई-मेल : vikas@vamindia.in
10.	अन्तरिम समाधान प्रोफेशनल का पत्राचार हेतु प्रयुक्त पता और ई-मेल	यूनिट सं. 111, प्रथम तल, टॉवर-ए, स्पेजेज कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, सेक्टर-47, सोहना रोड, गुड़गाँव-122018 ई-मेल : cirp.chemlinker@gmail.com
11.	दावा प्रस्तुत करने हेतु अन्तिम तिथि	9 अक्टूबर, 2019
12.	अन्तरिम समाधान प्रोफेशनल द्वारा धारा 21 की उप-धारा (6क) के क्लॉज (ख) के तहत अभिनिश्चित लेनदारों की श्रेणियाँ, यदि कोई हो	लागू नहीं
13.	किसी श्रेणी में लेनदारों के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने हेतु चिन्हित ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनल के नाम (प्रत्येक श्रेणी के लिए तीन नाम)	लागू नहीं
14.	(क) सम्बन्धित प्रपत्र और (ख) अधिकृत प्रतिनिधियों का विवरण पर उपलब्ध है :	वेब लिंक : http://ibbi.gov.in/home/downloads स्तम्भ 10 में उल्लिखित पते पर

एतद्वारा सूचना दी जाती है कि राष्ट्रीय कम्पनी विधि न्यायाधिकरण, पीठ-III, नई दिल्ली ने दिनांक 23 सितम्बर, 2019 को केमलिंकर ट्रेडेक्स प्राइवेट लिमिटेड के विरुद्ध ऋण शोध अक्षमता प्रक्रिया आरम्भ करने का आदेश दिया है।

केमलिंकर ट्रेडेक्स प्राइवेट लिमिटेड के लेनदारों से एतद्वारा अपने दावों का प्रमाण 9 अक्टूबर, 2019 को अथवा इससे पूर्व अन्तरिम समाधान प्रोफेशनल के समक्ष ऊपर आइटम 10 के समक्ष वर्णित पते पर प्रस्तुत करने के लिए कहा जाता है।

वित्तीय लेनदारों को अपने दावों का प्रमाण केवल इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा प्रस्तुत करना होगा। अन्य सभी लेनदार अपने दावों का प्रमाण दस्ती (व्यक्तिगत रूप से), डाक द्वारा अथवा इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा प्रस्तुत कर सकते हैं।

किसी श्रेणी के साथ सम्बन्धित वित्तीय लेनदार, जैसा कि प्रविष्टि सं. 12 के समक्ष सूचीबद्ध है, प्रपत्र सीए में श्रेणी अप्रयोज्य के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए प्रविष्टि सं. 13 के समक्ष सूचीबद्ध तीन ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनल्स में से अपनी पसन्द का अधिकृत प्रतिनिधि निदर्शित करेगा।

दावे के फर्जी अथवा भ्रामक प्रमाण की प्रस्तुति दण्डनीय होगी।

ह./-
विकास गर्ग
अन्तरिम समाधान प्रोफेशनल
कृते केमलिंकर ट्रेडेक्स प्राइवेट लिमिटेड

दिनांक : 26 सितम्बर, 2019
स्थान : नई दिल्ली

नोबल को-ऑपरेटिव बैंक लि.

प्रधान कार्यालय: रघुनाथपुर, एमपी-1 रोड, सेक्टर-22, नोएडा
फोन: 0120-4503015, 4503013, ईमेल: ncblnoida@gmail.com

कब्जा सूचना

जैसा कि, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत नोबल को-ऑपरेटिव बैंक लि. के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (2) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना तिथि 2.11.2018 जारी कर सुश्री सुनयना गिरधर, पुत्री श्री विनोद गिरधर, निवासी मकान सं. केजे-120, कविनगर, गाजियाबाद (ऋणधारक) तथा श्री रजनीश अगरवाल, पुत्र श्री वी.के. अगरवाल, निवासी फ्लैट नं. के-829, भूतल, संजय नगर, सेक्टर-23, जिला-गाजियाबाद (गारन्टर) को उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर सूचना में वर्णित राशि 31.8.2018 को कुल रु. 21,74,960/- (रुपये इक्कीस लाख चौहत्तर हजार नौ सौ साठ मात्र) के साथ ब्याज, दंड ब्याज, वसूली प्रभारों, विधिक प्रभारों तथा ऐसे अन्य विविध प्रभारों जो उक्त सूचना की राशि में पूर्व में शामिल नहीं थे वापस लौटाने का निर्देश दिया था। यह सूचना ऋण के उक्त पुनर्भुगतान को प्रतिभूत करने के लिये 26.12.2017 को नोबल को-ऑपरेटिव बैंक लि. नोएडा के पक्ष में आपके द्वारा निर्मित अचल सम्पत्ति, जिसका विवरण इस सूचना में नीचे दिया गया है, की इक्विटेबल गिरवी के संदर्भ में गारन्टर/ मार्टगैजर होने के नाते आपको अग्रसारित की गई थी। (देखें नं. एनओबी/टीएल)

ऋणधारक इस राशि को वापस लौटाने में विफल रहे, अतः एतद्द्वारा ऋणधारक/गारन्टर/मार्टगैजर तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आज, दिनांक 25 सितम्बर, 2019 को अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा कर लिया है।

विशेष रूप से ऋणधारकों एवं गारन्टरों तथा आम जनता को एतद्द्वारा सतर्क किया जाता है कि वे यहां नीचे वर्णित संपत्ति का व्यवसाय न करें तथा इन संपत्तियों का किसी भी तरह का व्यवसाय वास्तविक भुगतान की तिथि तक ब्याज, दंडात्मक ब्याज, अनुषांगिक खर्चे, लागत, चार्जेज आदि के साथ 31.8.2018 को रु. 21,74,960/- (रुपये इक्कीस लाख चौहत्तर हजार नौ सौ साठ मात्र) की राशि के लिए नोबल को-ऑपरेटिव बैंक लि., नोएडा के चार्ज के अधीन होगा।

अचल प्रतिभूत सम्पत्ति का विवरण

सम्पत्ति का मार्टगैज-आवासीय प्लॉट नं. के-829, भू तल, संजय नगर, सेक्टर-23, जिला गाजियाबाद, माप 40 वर्ग मी.

तिथि: 25.9.2019
स्थान: नोएडा
प्राधिकृत अधिकारी
नोबल को-ऑपरेटिव बैंक लि.

संशोधित फार्म जी
अभिरुचि की अभिव्यक्ति के लिये आमंत्रण
(दिवाला तथा दिवालिया (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिये दिवाला प्रस्ताव प्रक्रिया) विनियमन, 2016 के विनियमन 36ए (1) के अंतर्गत)

आम जनता को सूचित किया जाता है कि 5 जुलाई, 2019 को फाइनांसियल एक्सप्रैस तथा जनसत्ता (दोनों दिल्ली एवं एनसीआर संस्करण में) में मारग्रा इंडस्ट्रीज लिमिटेड के संदर्भ में संभावित प्रस्ताव आवेदक (कों) से अभिरुचि की अभिव्यक्ति के आमंत्रण के लिये पूर्व में प्रपत्र जी प्रकाशित की गई थी। पुनः 2 अगस्त, 2019 को आईबीबीआई की वेबसाईट पर ई-ओआई जमा करने की नई तिथियों की जानकारी देने के लिये 2रा संशोधित प्रपत्र जी अपलोड किया गया था। अब, सीओसी के सदस्यों की स्वीकृति से नई तिथियों पर विचार करते हुए पुनः प्रपत्र जी प्रकाशित की जा रही है जो इस प्रकार है:

संबंधित विवरण		
1.	कॉर्पोरेट ऋणधारक का नाम	मारग्रा इंडस्ट्रीज लिमिटेड
2.	कॉर्पोरेट ऋणधारक के निगमन की तिथि	15 मार्च, 1979
3.	वह प्राधिकरण जिसके अंतर्गत कॉर्पोरेट ऋणधारक निगमित/पंजीकृत है	कम्पनी रजिस्ट्रार, रा. रा. क्षेत्र दिल्ली तथा हरियाणा
4.	कॉर्पोरेट ऋणधारक का कॉर्पोरेट पहचान संख्या/सीमित दायित्व पहचान संख्या	U36999DL1979PLC009497
5.	कॉर्पोरेट ऋणधारक के पंजीकृत कार्यालय एवं प्रधान कार्यालय (यदि कोई हो) का पता	प्राईमरी स्कूल के निकट, ग्राम घरोली दिल्ली
6.	कॉर्पोरेट ऋणधारक के संदर्भ में दिवाला आरंभ होने की तिथि	एनसीएलटी का आदेश तिथि 15 मार्च, 2019 लेकिन आदेश प्राप्त की तिथि 26 मार्च, 2019 है।
7.	प्रपत्र जी का प्रकाशन	15 जून, 2019
8.	1ला संशोधित प्रपत्र जी	5 जुलाई, 2019
9.	2रा संशोधित प्रपत्र जी	2 अगस्त, 2019
10.	नया प्रपत्र जी	27 सितम्बर, 2019
11.	अभिरुचि की अभिव्यक्ति प्राप्ति की अंतिम तिथि	12 अक्टूबर, 2019
12.	संभावित प्रस्ताव आवेदकों की अस्थाई सूची जारी होने की तिथि	17 अक्टूबर, 2019
13.	अस्थाई सूची की प्रति आपत्ति जमा करने की अंतिम तिथि	22 अक्टूबर, 2019
14.	संभावित प्रस्ताव आवेदकों की अंतिम सूची जारी होने की तिथि	25 अक्टूबर, 2019
15.	संभावित प्रस्ताव आवेदकों को प्रस्ताव योजना के लिये सूचना मेमोरैण्डम, मूल्यांकन मैट्रिक्स तथा अनुरोध जारी होने की तिथि	22 अक्टूबर, 2019
16.	प्रस्ताव योजना जमा करने की अंतिम तिथि	21 नवम्बर, 2019
17.	स्वीकृति के लिये निर्णायक प्राधिकरण के पास प्रस्ताव योजना जमा करने की अनुमानित तिथि	6 दिसम्बर, 2019
18.	नये प्रपत्र जी के प्रकाशन की तिथि	27 सितम्

द करूर वैस्य बैंक लि.
मंडल कार्यालय, नं. 6, 3रा तल,
मेट्रो पिलर नं. 80 के सामने, पूसा रोड
करोलबाग, नई दिल्ली-110005

KVB Karur Vysya Bank
Smart way to bank

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिये)

प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(1) के अंतर्गत जारी

जैसा कि, वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम (द्वितीय) 2002 (2002 के अधिनियम 54) के अंतर्गत द करूर वैश्य बैक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना तिथि 22.7.2019 जारी कर ऋणधारकों (1) मै. वेस्ट एंड एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसायटी, पर प्रेजीडेन्ट श्री सीएम भाटिया एवं सचिव श्रीमती राज भाटिया, ई-75, रमेश नगर, दिल्ली-110015, दिल्ली; 2) श्री चन्दर मोहन भाटिया पुत्र श्री अरुर चन्द भाटिया; 3) श्री राज भाटिया, पुत्र श्री पूरण चन्द भाटिया, नं. 2 एवं 3 निवासीः डी-6, चौथा तल, बाली नगर, नई दिल्ली-110015, 4) श्रीमती राज रानी गुप्ता,पत्नी श्री सुमेर चन्द गुप्ता, निवासीः ए-172, मीरा बाग, नई दिल्ली-110087 तथा 5) मै. मदर्स प्राइड एजुकेशन पर्सोन्ना प्रा. लि., पंजी. कार्यालयः 11/77, वेस्ट पंजाबी बाग, नई दिल्ली-110018 को सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर सूचना में वर्णित राशि रु. 2,09,41,068.11 (रुपए दो करोड़ नौ लाख इकतालिस हजार अड़सठ एवं पैसे ग्यारह मात्र) वापस लौटाने का निर्देश दिया था।

ऋणधारक, इस राशि को वापस लौटाने में विफल रहे, अतः एतद्द्वारा ऋणधारक, तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आज, 26 सितम्बर, 2019 को अधोहस्ताक्षरी ने उक्त प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा कर लिया है।

विशेष रूप से ऋणधारकों तथा आम जनता को एतद्द्वारा सतर्क किया जाता है कि वे यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का व्यवसाय न करें तथा इन सम्पत्तियों का किसी भी तरह का व्यवसाय रु. 2,09,41,068.11 (रुपए दो करोड़ नौ लाख इकतालिस हजार अड़सठ एवं पैसे ग्यारह मात्र) तथा उस पर ब्याज के लिये द करूर वैस्य बैंक लिमिटेड के चार्ज के अधीन होगा।

ऋणधारक का ध्यान प्रतिभूत परिसम्पत्तियों को विमोचित करने के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के प्रति आकृष्ट की जाती है।

अचल सम्पत्ति का विवरण

पॉकेट नं. 2, सेक्टर-17, द्वारका में निर्मित इंस्टीट्यूशनल सम्पत्ति माप लगभग 799.86 वर्ग मी. जो बिक्री प्रलेख सं. 20526, तिथि 7.12.2011 द्वारा कवर्ड है, तथा चौहद्दीः उत्तरः पार्क, दक्षिणः ओ.एच.ए.एफ., पूर्वः खेल मैदान, पश्चिमः 12 मी. रोड

स्थानः दिल्ली **मुख्य प्रबंधक एवं प्राधिकृत अधिकारी**
तिथिः 26.9.2019 **द करूर वैस्य बैंक लिमिटेड**

प्रपत्र ए
सार्वजनिक उद्घोषणा
[भारत दिवाला तथा दिवालिया मंडल (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला प्रस्ताव प्रक्रिया) विनियमन, 2016 के विनियमन 6 के अंतर्गत]
पार्सन्स ब्रिंकढ़ ऑफ इंडिया प्राईवेट लिमिटेड के क्रेडीटरों के ध्यानार्थ

संबंधित विवरण		
1.	कॉर्पोरेट ऋणधारक का नाम	पार्सन्स ब्रिंकढ़ ऑफ इंडिया प्राईवेट लिमिटेड
2.	कॉर्पोरेट ऋणधारक के निगमन की तिथि	17 जून, 1998
3.	वह प्राधिकरण जिसके अंतर्गत कॉर्पोरेट ऋणधारक निगमित/पंजीकृत है	कम्पनी रजिस्ट्रार-दिल्ली
4.	कॉर्पोरेट पहचान संख्या/कॉर्पोरेट ऋणधारक का लिमिटेड लाएबिलिटी पहचान संख्या	U74210DL1998PTC094533
5.	कॉर्पोरेट ऋणधारक के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई हो) का पता	पंजी.कार्यालयः 210, 2रा तल, एलीगैन्स, जसोला डिस्ट्रिक्ट सेन्टर,, पुराना मथुरा रोड, नई दिल्ली-110044
6.	कॉर्पोरेट ऋणधारक के संदर्भ में दिवाला आरंभ होने की तिथि	25 सितम्बर, 2019
7.	दिवाला प्रस्ताव प्रक्रिया के समापन की अनुमानित तिथि	दिवाला प्रस्ताव प्रक्रिया शुरू होने से 180 दिन
8.	अंतरिम प्रस्ताव प्रॉफेशनल का नाम, पंजीकरण संख्या, जो अंतरिम प्रस्ताव प्रॉफेशनल के रूप में कार्यरत है	नामः चन्द्र प्रकाश पंजीकरण सं. IBBI/IPA-002/IP-N00660/2018-19/12023
9.	बोर्ड में यथा पंजीकृत अंतरिम प्रस्ताव प्रॉफेशनल का पता एवं ईमेलः	पताः 58 बी, पॉकेट-4, मयूर विहार फेज-1, दिल्ली-110091 ईमेलः cppumba2409@gmail.com
10.	अंतरिम प्रस्ताव प्रॉफेशनल के साथ पत्राचार के लिये प्रयुक्त होने वाला पता तथा ईमेल	पताः 58 बी, पॉकेट-4, मयूर विहार फेज-1, दिल्ली-110091 ईमेलः ip.parsonscirp@gmail.com
11.	दावे जमा करने की अंतिम तिथि	12 अक्तूबर, 2019

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय कम्पनी विधि अधिकरण, 25 सितम्बर, 2019 को पार्सन्स ब्रिंकढ़ ऑफ इंडिया प्राईवेट लिमिटेड के संदर्भ में कॉर्पोरेट इन्सॉल्वेन्सी प्रस्ताव प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया है। एतद्द्वारा पार्सन्स ब्रिंकढ़ ऑफ इंडिया प्राईवेट लिमिटेड के क्रेडीटरों को निर्देश दिया जाता है कि आइटम नं. 11 में वर्णित पते पर अंतरिम प्रस्ताव प्रॉफेशनल के पास 12 अक्तूबर, 2019 को या उससे पूर्व प्रमाण के साथ अपने दावे जमा करें।

फाइनांसियल क्रेडीटर्स केवल इलेक्ट्रॉनिक पद्धति से ही प्रमाण के साथ अपने दावे जमा कर सकते हैं। अन्य सभी क्रेडीटर्स व्यक्तिगत, डाक द्वारा अथवा इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से अपने प्रमाण के साथ दावे जमा कर सकते हैं।

दावे का प्रमाण भारत दिवाला तथा दिवालिया मंडल (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला प्रस्ताव प्रक्रिया) विनियन, 2016 के शीर्षक IV के अनुसार जमा किया जाएगा। दावे का प्रमाण अधोलिखित विनिर्दिष्ट प्रपत्रों में जमा किया जाएगा।

प्रपत्र बी- ऑपरेशनल क्रेडीटर्स द्वारा दावे के लिए
प्रपत्र सी- वित्तीय क्रेडीटर्स द्वारा दावे के लिए
प्रपत्र डी- कर्मियों तथा कर्मचारियों द्वारा दावे के लिए

प्रपत्र की एक प्रति प्राप्त करने के लिए आप वेबसाईट www.ibbi.gov.in तथा भारत दिवाला मंडल (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला प्रस्ताव प्रक्रिया) विनियमन, 2016 से उपरोक्त प्रपत्रों को डाउनलोड कर सकते हैं।

दावे का गलत अथवा भ्रामक प्रमाण जमा करने पर दंडित किया जा सकता है।

तिथिः 26 सितम्बर, 2019 **अंतरिम प्रस्ताव प्रॉफेशनल का नाम तथा हस्ताक्षर**
स्थानः नई दिल्ली **चन्द्र प्रकाश**

ई - प्रोक्योरमेन्ट सेल
मुख्य अभियंता का कार्यालय, कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड, रांची

ई-प्रोक्योरमेन्ट नोटिस(अति अल्पकालीन)
टेन्डर रेफरेन्स नं0-BCD/CE/24/Ramgarh/2019-20
दिनांक- 25-09-2019

1	कार्य का नाम	Construction of Trauma Center at Ramgarh
2	प्राक्कलित राशि (रू0)	रू0 1,32,74,415.00 (रुपये एक करोड़ बत्तीस लाख चौहत्तर हजार चार सौ पंद्रह।) मात्र ।
3	कार्य पूर्ण करने की अवधि	9 महीने
4	वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि	03-10-2019
5	बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय	10-10-2019 के 11.00 AM तक
6	निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता	ई - प्रोक्योरमेन्ट सेल मुख्य अभियंता का कार्यालय , कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची।
7	प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या	0651-2206238
8	ई-प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या	0651-2206238

- किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

Note: UCAN Registration is mandatory for the Bidders

नोडल पदाधिकारी
ई - प्रोक्योरमेन्ट सेल,
मुख्य अभियंता का कार्यालय,कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग,
भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची।

P.R.218013 Building(19-20):D **बूंद - बूंद नहीं बरसेंगे तो बूंद को तरसेंगे**

प्रपत्र क
सार्वजनिक घोषणा
[भारतीय दिवाला और ऋण शोध अक्षमता बोर्ड (कार्पोरेट व्यक्तियों के लिए ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 6 के अधीन]
केयरवे एग्रो प्रोक्योरमेंट प्राइवेट लिमिटेड के लेनदारों के ध्यानार्थ

सुसंगत विशिष्टियाँ		
1.	कार्पोरेट देनदार का नाम	केयरवे एग्रो प्रोक्योरमेंट प्राइवेट लिमिटेड
2.	कार्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि	15.06.2009
3.	प्राधिकरण जिसके अधीन कार्पोरेट देनदार निगमित/पंजीकृत है	रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज, दिल्ली
4.	कार्पोरेट देनदार की कार्पोरेट पहचान संख्या/सीमित दायित्व पहचान संख्या	U15494DL2009PTC191232
5.	कार्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई हो) का पता	प्लॉट सं. 915-916 तृतीय तल, रिठाला औद्योगिक क्षेत्र, दिल्ली, उत्तरी-पश्चिमी दिल्ली 110085
6.	कार्पोरेट देनदार के सम्बन्ध में ऋण शोध अक्षमता आरंभन की तिथि	25.09.2019 (आईआरपी द्वारा आदेश की प्रमाणित प्रति के प्राप्ति की तिथि) प्रवेश दिनांक : 02.09.2019
7.	ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया के समापन की पूर्वानुमानित तिथि	22.03.2020 (25.09.2019 से 180 दिन)
8.	अन्तरिम समाधान प्रोफेशनल के रूप में कार्यरत ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनल का नाम और रजिस्ट्रेशन नम्बर	नरेश कुमार मुंजाल IBBI/IPA-001/IP-P00362/2017-18/10620
9.	अन्तरिम समाधान प्रोफेशनल पता और ई-मेल, जैसा कि बोर्ड में पंजीबद्ध है।	125, द्वितीय तल, कैलाश हिल्स, नई दिल्ली-110065; nkmunjalcacs@yahoo.co.in
10.	अन्तरिम समाधान प्रोफेशनल का पत्राचार हेतु प्रयुक्त पता और ई-मेल	125, द्वितीय तल, कैलाश हिल्स, नई दिल्ली-110065; irpcarewayagro@gmail.com
11.	दावा प्रस्तुत करने हेतु अन्तिम तिथि	08.10.2019
12.	अन्तरिम समाधान प्रोफेशनल द्वारा धारा 21 की उप-धारा (6क) के क्लॉज (ख) के तहत अभिनिश्चित लेनदारों की श्रेणियाँ, यदि कोई हो	लागू नहीं
13.	किसी श्रेणी में लेनदारों के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने हेतु चिन्हित ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनल के नाम (प्रत्येक श्रेणी के लिए तीन नाम)	लागू नहीं
14.	(क) सम्बन्धित प्रपत्र और (ख) अधिकृत प्रतिनिधियों का विवरण पर उपलब्ध है :	वेब लिंक : http://ibbi.gov.in/home/downloads भौतिक पता : ऊपर स्तम्भ 10 में उल्लिखित के अनुसार

एतद्वारा सूचना दी जाती है कि राष्ट्रीय कम्पनी विधि न्यायाधिकरण, पीठ-III, नई दिल्ली ने दिनांक 25.09.2019 को **केयरवे एग्रो प्रोक्योरमेंट प्राइवेट लिमिटेड** के विरुद्ध ऋण शोध अक्षमता प्रक्रिया आरम्भ करने का आदेश दिया है।

केयरवे एग्रो प्रोक्योरमेंट प्राइवेट लिमिटेड के लेनदारों से एतद्वारा अपने दावों का प्रमाण 08.10.2019 को अथवा इससे पूर्व अन्तरिम समाधान प्रोफेशनल के समक्ष ऊपर आइटम 10 के समक्ष वर्णित पते पर प्रस्तुत करने के लिए कहा जाता है।

वित्तीय लेनदारों को अपने दावों का प्रमाण केवल इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा प्रस्तुत करना होगा। अन्य सभी लेनदार अपने दावों का प्रमाण दस्ती (व्यक्तिगत रूप से), डाक द्वारा अथवा इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा प्रस्तुत कर सकते हैं।

किसी श्रेणी के साथ सम्बन्धित वित्तीय लेनदार, जैसा कि प्रविष्टि सं. 12 के समक्ष सूचीबद्ध है, प्रपत्र सीए में श्रेणी अप्रयोज्य के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए प्रविष्टि सं. 13 के समक्ष सूचीबद्ध तीन ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनल्स में से अपनी पसन्द का अधिकृत प्रतिनिधि निदर्शित करेगा।

दावे के फर्जी अथवा भ्रामक प्रमाण की प्रस्तुति दण्डनीय होगी।

अन्तरिम समाधान प्रोफेशनल का नाम तथा हस्ताक्षर : नरेश कुमार मुंजाल
तिथि एवं स्थान : 27.9.2019, नई दिल्ली

दिल्ली जल बोर्ड: रा.रा. क्षेत्र दिल्ली सरकार

कार्यालयः कार्यपालक अभियंता (एनई)- III
जी.टी.रोड शाहदरा दिल्ली-110032
ईमेलः eeneiii.ee@gmail.com फोन नं. 22596645
एनआईटी सं. 25 (19-20)

क्रम सं.	कार्य का विवरण	निविदा राशि (रु. में)	निविदा शुल्क (रु.)	ईएमडी (रु.)	ई-प्रापण सॉल्यूशन के माध्यम से निविदा जारी की तिथि	ई-प्रापण सॉल्यूशन के माध्यम से निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय
1.	सीलमपुर एसी-65 एनई-III में गली नं. 10/1 से 10/7 चौहान बांगर में 100 एमएम/150 एमएम डाया पाइप द्वारा वाटर लाइन का मरम्मत तथा विस्थापन। निविदा आई.डी. नं.: 2019_DJB_180731_4	2719905/-	500/-	55000/-	23.09.19	10.10.19

इस संदर्भ में अधिक विवरण वेबसाईट https://govtprocurement.delhi.gov.in पर देखें।

पी.आर.ओ. (जल) द्वारा जारी **हस्ता./-**
विज्ञा. सं. जे.एस.वी. 2019-20/401 **कार्यपालक अभियंता (एनई) III**

केनरा बैंक Canara Bank
(भारत सरकार का उपक्रम) (A Govt. of India Undertaking)
शाखाः हस्सनपुर रोड, होडल, जिला पलवल

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिये)

जैसा कि, वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002 (2002 के अधिनियम 54) (यहां के बाद ''अधिनियम'' वर्णित) के अंतर्गत केनरा बैंक, हसनपुर रोड, होडल जिला पलवल के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना तिथि 9 अप्रैल 2018 जारी कर ऋणधारक श्री मूसा, पुत्र श्री इब्राहिम मै. साहिल फर्नीचर हाउस के प्रॉप्राईटर को सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर सूचना में वर्णित राशि रु. 5,45,630/- (रुपये पांच लाख पैंतालिस हजार छः सौ तीस मात्र) वापस लौटाने का निर्देश दिया था।

उपरोक्त ऋणधारक इस राशि को वापस लौटाने में विफल रहे, अतः एतद्द्वारा ऋणधारक, तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आज, 21 सितम्बर, 2019 को अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा कर लिया है।

विशेष रूप से ऋणधारकों/गारन्टर/मार्टगैजर तथा आम जनता को एतद्द्वारा सतर्क किया जाता है कि वे यहां नीचे वर्णित संपत्ति का व्यवसाय न करें तथा इन संपत्तियों का किसी भी तरह का व्यवसाय रु. 5,45,630/- (रुपये पांच लाख पैंतालिस हजार छः सौ तीस मात्र) तथा आगे के ब्याज एवं लागत के लिए केनरा बैंक के चार्ज के अधीन होगा।

ऋणधारक का ध्यान प्रतिभूत परिसम्पत्तियों को विमोचित करने के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8)के प्रावधानों के प्रति आकृष्ट की जाती है।

अचल सम्पत्ति का विवरण

म्यूनिसिपल कमिटी होडल, तहसील-होडल, जिला पलवल, हरियाणा की सीमाओं के भीतर स्थित खेवत/खतोनी नं.-448/473, रेक्ट. नं.-244, किल्ला नं.-7/2 (3-10), 13/3 (4-13), कुल माप 8 कनाल 13 मरला जिसमें 3/163 शेयर जो 03 मरला अर्थात् 100 वर्ग यार्ड्स होता है, में शामिल सम्पत्ति का सभी भाग तथा हिस्सा। चौहद्दीः इस प्रकार हैः उत्तरः पप्पू का मकान, दक्षिणः अन्य प्लॉट, पूर्वः कुन्दन का मकान, पश्चिमः रास्ता।

तिथिः 27.9.2019, स्थानः होडल **प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक**

कार्यालयः रिकवरी अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण-I, दिल्ली
4था तल, जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001

ई-नीलामी बिक्री सूचना

आर.सी. नं. 26/2016 **केनरा बैंक बनाम राकेश शर्मा**

''आदेश''

कथित रिकवरी प्रमाण पत्र में मेरे आदेश तिथि 23.9.2019 के अनुसार 7.11.2019 को सार्वजनिक ई नीलामी बिक्री द्वारा नीचे वर्णित संपत्ति की बिक्री की जाएगी यह बिक्री वेबसाईट https://drt.auctiontiger.net के माध्यम से ऑन लाइन ई-नीलामी होगी।
नीलामी की तिथि एवं समयः 7.11.2019 को 3 बजे अप. से 4 बजे अप. (4 बजे अप. के बाद यदि जरूरी हुआ, 5 मिनट की अवधि के विस्तार के साथ।)

संपत्ति का विवरण

संपत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य	ईएमडी
फ्लैट नं. बी-705, मण्डेश्वरी सहकारी आवास समिति लि., प्लॉट नं. डी-35ए/2, सेक्टर-48, केसर अपार्टमेन्ट्स, नोएडा-201301, उ.प्र. में।	रु. 52,31,250/- (रुपये बावन लाख इक्कतीस हजार दो सौ पचास मात्र)	रु. 5,23,125/- (रु. पांच लाख तैईस हजार एक सौ पच्चीस मात्र)

नियम एवं शर्त

1. नीलामी बिक्री वेबसाईट पोर्टलः https://drt.auctiontiger.net पर ''ऑन लाईन ई-नीलामी'' होगी।
2. ईएमडी का भुगतान रिकवरी अधिकारी-I, डीआरटी-II, दिल्ली खाता आर.सी. नं. 26/2016 के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट/ पे आर्डर द्वारा किया जाएगा जिसके साथ पहचान के स्व- सत्यापित प्रमाण (वोटर आई-कार्ड/ ड्राइविंग लाइसेंस/ पासपोर्ट) जिसमें भविष्य में पत्राचार का पता शामिल हो तथा पैन कार्ड की स्वतः सत्यापित प्रति अधिकतम 5.11.2019 के 5.00 बजे अप. तक रिकवरी अधिकारी-I, डीआरटी-I, दिल्ली के कार्यालय में पहुंच जाना चाहिए। उसके बाद प्राप्त ईएमडी अथवा ईएमडी के मूल प्रमाण को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
3. ईएमडी या ईएमडी के एनईएफटी/ आरटीजीएस द्वारा जमा की गई मूल प्रमाण तथा प्रेषक के विवरणों जैसे पते, ई-मेल आईडी तथा मोबाईल नंबर आदि से युक्त लिफाफे के ऊपर 'आरसी नं. 26/2016' शीर्षांकित किया जाना चाहिए।
4. संपत्ति की बिक्री **''जैसा है जहां है आधार''** पर की जा रही है।
5. बोलीदाता को सलाह दी जाती है कि अपनी बोली जमा करने तथा ई-नीलामी में भाग लेने से पूर्व विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए पोर्टल https://www.drtauctiontiger.net देखें एवं/ अथवा श्री रणजीत कुमार, मुख्य प्रबंधक, श्री सुमित कुमार, अधिकारी, केनरा बैंक एआरएम-II शाखा, संसद मार्ग, नई दिल्ली, लैंडलाइन नम्बरः 23323891/23723121, मो.नं. 9773670093, 9643475460, ई-मेलः cb-3038@canarabank.com से सम्पर्क करें।
6. संभावित बोलीदाता को पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा तथा अग्रिम में लॉगिन आईडी तथा पास्वर्ड प्राप्त करना होगा जो ई-प्रॉक्योर्मेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, बी-704, वाल स्ट्रीट-II, ऑरिएंट क्लब के सामने, एलिस ब्रिज, गुजरात कॉलेज के निकट, अहमदाबाद-3800006 (गुजरात), सम्पर्क व्यक्तिः श्री नितीश झा, सम्पर्क सं. 9265562821, 7082880393, 0796120051, ईमेल आईडीः delhi@auctiontiger.net, manoj@auctiontiger.net से प्राप्त करना अनिवार्य है।
7. इच्छुक बोलीदाता मै ई-प्रॉक्योर्मेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, बी-704, वाल स्ट्रीट-II, ऑरिएंट क्लब के सामने, एलिस ब्रिज, गुजरात कॉलेज के निकट, अहमदाबाद-3800006 (गुजरात), सम्पर्क व्यक्तिः श्री नितीश झा, सम्पर्क सं. 9265562821, 7082880393, 0796120051, ईमेल आईडीः delhi@auctiontiger.net, manoj@auctiontiger.net से ई-नीलामी प्रक्रिया का प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।
8. केवल ऐसे बोलीदाता ऑनलाइन ई-नीलामी में भाग लेने के लिए अधिकृत होंगे जिनके पास वैध यूजर आईडी एवं पास्वर्ड तथा डिमांड ड्राफ्ट/ पे आर्डर या एनईएफटी/ आरटीजीएस के माध्यम से ईएमडी के भुगतान का निश्चित प्रमाण होगा।
9. जो इच्छुक बोलीदाता 5.11.2019 के 5 बजे अप. तक आरक्षित मूल्य से ऊपर अपना प्रस्ताव जमा करते हैं वे ई-नीलामी में भाग लेने के योग्य होंगे जो 7.11.2019 को 3 बजे अप. से 4 बजे अप. के बीच आयोजित की जाएगी। यदि बोली अंतिम 5 मिनट में रखी जाती है तो अंतिम समय स्वतः 5 मिनट आगे बढ़ जाएगी।
10. बोलीदाता रु. 50,000/- (रुपए पचास हजार मात्र) के गुणक में अपनी बोली में सुधार कर सकते हैं।
11. सफल/ उच्चतम बोलीदाता को ई-नीलामी की समाप्ति के बाद धरोहर राशि (ईएमडी) समायोजित करने के बाद 24 घंटे के भीतर रिकवरी अधिकारी-I, डीआरटी-I, दिल्ली खाता ''आरसी नं. 26/2016'' के पक्ष में 25% का डिमांड ड्राफ्ट/ पे आर्डर तैयार करना होगा तथा उसे रिकवरी अधिकारी-I, डीआरटी-I, दिल्ली के कार्यालय में इस तरह से भेजना होगा ताकि वह ई-नीलामी की समाप्ति से 3 दिनों के भीतर रिकवरी अधिकारी कार्यालय में पहुंच जाए।
12. सफल उच्चतम बोलीदाता को रिकवरी अधिकारी-I, डीआरटी-I, दिल्ली ''आर.सी. नं. 26/2016'' के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर द्वारा तथा संपत्ति की नीलामी की तिथि से 15 वें दिन, उस दिन को छोड़कर अथवा यदि 15वाँ दिन रविवार या अवकाश होता है तो 15वें दिन के बाद प्रथम कार्यालय दिवस को रिकवरी अधिकारी- I, डीआरटी-I, दिल्ली आर.सी. नं. 26/2016 के पक्ष में देय डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर द्वारा शेष 75% बोली राशि के साथ 1000/- तक 2% तथा 1000 से अधिक की सकल राशि पर 1% की दर से पाउंडेज शुल्क का रजिस्ट्रार, डीआरटी-I, दिल्ली के पक्ष में देय डीडी/पे आर्डर द्वारा भुगतान करना होगा (डाक द्वारा शेष 75% राशि के भुगतान की स्थिति में वह उक्त रूप से रिकवरी अधिकारी के पास पहुंच जाना चाहिए।)
13. असफल बोलीदाता ई-नीलामी के तत्काल बाद रिकवरी अधिकारी-I, डीआरटी-I, दिल्ली से प्रत्यक्ष रूप से अपना ईएमडी प्राप्त कर सकते हैं।
14. रिकवरी अधिकारी को बिना कारण बताये किसी या सभी बोलियों को स्वीकार या निरस्त करने, यदि अनुपयुक्त पाई जाती है, या किसी समय नीलामी को स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

(संजू स्नेही)
रिकवरी अधिकारी-I, डीआरटी-I, दिल्ली

RBL BANK Ltd. आरबीएल बैंक लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः 1st लेन शाहुपुरी कोल्हापुर, 416001.
क्षेत्रीय कार्यालयः हंसालय बिल्डिंग, अपर ग्राउण्ड फ्लोर, 15, बारहखम्भा रोड, नई दिल्ली-110001

ई-नीलामी विक्रय सूचना (सरफेसी एक्ट 2002 के अन्तर्गत)

प्रतिभूत हित (प्रर्वतन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक व बैंक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार ऋणी, **जमानतदारों, और बन्धककर्ताओं** को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो आरबीएल बैंक लिमिटेड के पास गिरवी/प्रभारित है, जिसका भौतिक कब्जा (सामने के क्षेत्र में से 8 दुकानों को छोडकर अर्थात् प्रत्येक प्लॉट में 4 दुकानें) आरबीएल बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **''जहाँ है'', ''जैसी है'' और ''जो कुछ भी है''** के आधार पर **एशियन डेयरी मिल्क एण्ड फूड कम्पनी**, स्वामित्व श्री अजय गुप्ता (''ऋणी'') एवं श्री अजय गुप्ता व श्रीमती अदिति गुप्ता (''जमानतदार(रों)'') से बैंक की बकाया राशि **रूपये 4,67,02,254.88 (रूपये चार करोड़ सडसठ लाख दो हजार दो सौ चौवन एवं अठ्यासी पैसे मात्र) + आगे के ब्याज व खर्चों के साथ पुर्ण बकाया जमा होने तक (मांग सूचना की दिनांक 08.06.2016 के अनुसार)** की वसूली हेतु दिनांक **31-10-2019** को विक्रय किया जाएगा। प्रतिभूत सम्पत्तियों का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है।

क्र.सं.	सम्पत्तियों का विवरण	आरक्षित मूल्य	ईएमडी
1.	सम्पत्ति के सभी अंश एवं हिस्से डी-1135, गली नं.7, भूमि के क्षेत्रफल 250 वर्गगज पर निर्मित सम्पत्ति संख्या 533, खसरा नं. 929/537, गांव सबोली, अशोक नगर, शाहदरा, दिल्ली में स्थित।	2,22,00,000/-	22,20,000/-
2.	सम्पत्ति के सभी अंश एवं हिस्से डी-1135, गली नं.7, भूमि के क्षेत्रफल 250 वर्गगज पर निर्मित सम्पत्ति संख्या 534, खसरा नं. 929/537, गांव सबोली, अशोक नगर, शाहदरा, दिल्ली में स्थित।	2,22,00,000/-	22,20,000/-

प्रमुख दिनांकेः-

सम्पत्तियों के निरीक्षण की दिनांक व समय	दिनांक 22.10.2019 को दोपहर 2.30 से सायंकाल 5.00 बजे के मध्य
ई-नीलामी की दिनांक व समय	दिनांक 31.10.2019 को प्रातः 11.30 से दोपहर 01.30 बजे तक
बोली वृद्धि राशि	रू. 50,000/-
सहभागिता पत्र/केवाईसी दस्तावेज/ धरोहर राशि का साक्ष्य आदि के अनुरोध पत्र जमा कराने की दिनांक व समय	दिनांक 29.10.2019 को सांय 5.00 तक

इच्छुक बोलीदाता को प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त श्रेष्ठ ज्ञान और जानकारी के अनुसार, सम्पत्तियों पर ज्ञात प्रभार निम्नानुसार है : बैंक ने सामने के क्षेत्र में 8 दुकानों(दो भूखण्डों में से प्रत्येक में 4) सहित 105 वर्गगज को छोडकर सम्पत्ति का भौतिक कब्जा ले लिया है। माननीय डीआरटी दिल्ली ने एसए 205/2016 में, इन दुकानों में वर्तमान रहने वालों को सम्पत्ति को खाली करने का आदेश दिया है, हालांकि वहां रहने वालों ने माननीय डीआरएटी दिल्ली (अपील संख्या 109/2019) के समक्ष अपील दायर की है, जिसके तहत डीआरएटी ने आदेश दिया की अपीलकर्ताओं के कब्जे के संबंध में स्थिति को बनाए रखा जाए। मामला वर्तमान में उप-न्यायिक है।

नियम व शर्तें : 1.नीलामी ई-नीलामी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन होगी। इच्छुक बोलीदाताओ को सलाह दी जाती है कि अपनी बोली प्रस्तुत करने और ई-नीलामी में भाग लेने से पहले वेबसाईट https://www.bankeauctions.com पर उपलब्ध नीलामी के विस्तृत नियम व शर्तों की जानकारी प्राप्त कर सकते है। 2. इच्छुक बोलीदाता बिक्री के विस्तृत नियमों व शर्तों के लिए लिंक https://www.rblbank.com/pdf-pages/news का संदर्भ लेवें। 3. बोली लगाने से पहले सम्पत्तियों और विनिर्देश के बारे में निरीक्षण करना और उसे संतुष्ट करना बोलीदाताओं की जिम्मेदारी होगी। 4.धरोहर राशि आरबीएल बैंक लिमिटेड के निम्नलिखित खाते में एनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से देय होगी। खाता नाम -Auction Proceeds Collection GL : खाता संख्या : 2599109900130047 (IFSC Code RATN0000990) दिनांक 29.10.2019 को सायं 5.00 बजे से पूर्व जमा होगी। 4. इच्छुक बोलीदाता मैसर्स सी1 इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड से उपलब्ध सपोर्ट/ऑनलाई प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है सम्पर्क 124-4302020/21/22/23, 7291981124/25/26, सम्पर्क व्यक्ति श्री विनोद चौहान मोबाईल नं. 9813887931, ई

पीएमसी बैंक के खाताधारक निकाल सकेंगे 10 हजार

मुंबई, 26 सितंबर (भाषा)।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) ने पंजाब एंड महाराष्ट्र को-ऑपरेटिव बैंक (पीएमसी बैंक) के परेशान ग्राहकों को राहत देते हुए जमाकर्ताओं के लिए निकासी की सीमा को बढ़ाकर गुरुवार को 10 हजार रुपए कर दिया है। रिजर्व बैंक के इस कदम से सहकारी बैंक के 60 फीसद ग्राहकों को मदद मिलेगी।

आरबीआई ने मंगलवार को पीएमसी बैंक पर छह महीने के लिए कई पाबंदियां लगाई थीं। जिससे हजारों जमाकर्ताओं के बीच अफरा-तफरी मच गई। रिजर्व बैंक ने इससे पहले पीएमसी खाताधारकों के लिये निकासी की सीमा 1,000 रुपये तय की थी। इसके अलावा इस अवधि में बैंक द्वारा नया कर्ज देने पर भी रोक लगाई गई है। आरबीआइ को पीएमसी बैंक में एनपीए कम करके बताने समेत कई अनियमितताएं मिली थीं, जिसके बाद उसने यह कदम उठाया।

रिजर्व बैंक ने विज्ञप्ति में कहा- जमाकर्ताओं को उनके बचत/चालू या किसी अन्य जमा खाते में रखी कुल शेष राशि में से पहले निकाले गए हजार रुपए सहित 10 हजार रुपए तक की राशि निकालने की अनुमति देने का निर्णय लिया गया है। इस सीमा से बैंक के 60 फीसद से अधिक जमाकर्ता अपने पूरे पैसे खाते से निकाल सकेंगे। हालांकि, केंद्रीय बैंक ने कहा है कि बढ़ी हुई राशि की निकासी तभी हो सकेगी जब खाताधारक की बैंक में कोई कर्ज देनदारी नहीं हो और वह किसी तीसरे पक्ष को दिए गए कर्ज में जमानतदार नहीं हो। आरबीआइ ने कहा कि जमाकर्ताओं की मुश्किलें कम करने के उद्देश्य से यह छूट दी गई है।

पीएमसी बैंक अधिकारियों के खिलाफ शिकायत दर्ज

खाताधारकों ने सामूहिक रूप से लूट का मामला दर्ज कराया

मुंबई, 26 सितंबर (भाषा)।

संकट में घिरे पंजाब एंड महाराष्ट्र को-ऑपरेटिव बैंक (पीएमसी) के कई खाताधारकों ने बैंक के अधिकारियों के खिलाफ गुरुवार को पुलिस में सामूहिक शिकायत दर्ज कराई। इसके अलावा पूर्व भाजपा सांसद किरीट सोमैया ने भी बैंक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया कि बैंक के शीर्ष अधिकारियों और एचडीआइएल के खिलाफ कथित रूप से जमाकर्ताओं के 3,000 करोड़ रुपए की 'लूट' का मामला दर्ज कराया गया है।

सोमैया ने मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्लू) के पास बैंक के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पूर्व सांसद ने अपनी शिकायत में कहा है कि कम से कम 9.12 लाख जमाकर्ताओं का पैसा पीएमसी बैंक के प्रबंधन और रियल एस्टेट कंपनी एचडीआइएल ने लूटा है। आर्थिक अपराध शाखा के बाहर संवाददाताओं से बात करते हुए सोमैया ने आरोप लगाया कि पीएमसी बैंक प्रबंधन और एचडीआइएल के मालिक ने साजिश कर जमाकर्ताओं के धन का गबन किया है। इस मामले में पूरी जांच होनी चाहिए। उन्होंने यह भी मांग की कि रिजर्व बैंक के अधिकारियों को बैंक और एचडीआइएल के संबंधित अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक शिकायत दर्ज करानी चाहिए।

उन्होंने बैंक के एचडीआइएल से लेनदेन की पूर्ण फॉरेंसिक आडिट कराने की मांग की। पूर्व सांसद ने कहा- बैंक द्वारा दिए गए कुल 8,000 करोड़ रुपए के कर्ज में से अकेले 3,000 करोड़ रुपए एचडीआइएल और समूह की बेनामी कंपनियों को दिए गए हैं। एचडीआइएल की ओर से भुगतान में चूक के बावजूद बैंक ने कंपनी को सैकड़ों रुपए का और कर्ज बिना उचित दस्तावेजों के दिया। इससे पहले बैंक के खाताधारकों का एक प्रतिनिधिमंडल मध्य मुंबई के सियान पुलिस स्टेशन गया और बैंक अधिकारियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। रिजर्व बैंक ने पीएमसी बैंक पर नियामकीय खामियों के चलते कई पाबंदियां लगाई हैं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि ग्राहकों की ओर से बैंक के चेयरमैन और उसके निदेशकों के खिलाफ जनता के धन का गबन करने की शिकायत दर्ज कराई गई है।

पुलिस अधिकारी ने कहा, शिकायत में आरोप लगाया गया है कि पीएमसी बैंक के चेयरमैन और उसके सभी निदेशकों सहित कम से कम 14 लोगों ने खाताधारकों के धन का गबन किया है। खाताधारकों ने अपनी शिकायत में इस बारे में उचित कार्रवाई करने का आग्रह किया है। खाताधारकों ने कहा है कि शिकायत में जिन लोगों का नाम है, उनका पासपोर्ट जब्त किया जाए जिससे वे देश छोड़कर नहीं जा सकें।

अनुराग ठाकुर को अर्थव्यवस्था में सुधार की उम्मीद

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 26 सितंबर।

वित्त राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को कहा कि कॉरपोरेट कर कम करने से आर्थिक वृद्धि और निवेश में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि नकली सामान, तस्करी आदि के खिलाफ लड़ाई की जरूरत है क्योंकि यह अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाता है व रोजगार के मौके कम करता है। उन्होंने इस अवसर पर एक रिपोर्ट भी जारी की।

रिपोर्ट के मुताबिक पांच मुख्य क्षेत्रों कपड़ा, तंबाकू, परिधान, पूंजीगत वस्तुएं व उपभोक्ता इलेक्ट्रानिक्स में तस्करी रोक दी जाए तो रोजगार के 16.36 लाख अवसर सृजित किए जा सकते हैं। इन पांच क्षेत्रों में तस्करी से अर्थव्यवस्था को 1,17,253 करोड़ रुपए का नुकसान होता है।

- नकली सामान, तस्करी आदि के खिलाफ लड़ाई की जरूरत है क्योंकि यह अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाता है व रोजगार के मौके कम करता है

ठाकुर ने कॉरपोरेट कर में कटौती के बारे में कहा कि नए निवेश से रोजगार के अपार अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा- भारत अब विश्व में सबसे प्रतिस्पर्धी दर की पेशकश करता है और विनिर्माण में नया निवेश आकर्षित करेगा। जो देश को पांच हजार अरब डालर की अर्थव्यवस्था बना देगा। सरकार ने पिछले हफ्ते शुक्रवार को 28 साल में सबसे बड़ी कटौती की घोषणा करते हुए कारपोरेट कर की दर को करीब 10 फीसद कम कर दिया ताकि अर्थव्यवस्था को छह साल के निचले स्तर से ऊपर लाया जा सके। साथ ही रोजगार की स्थिति में सुधार लाया जा सके। हाल में बेरोजगारी की दर 45 साल में सबसे ऊंची पहुंच गई।

पीएमसी के निलंबित एमडी का दावा, लोगों की पाई-पाई सुरक्षित

जॉय थॉमस ने दावा किया है कि ऋणदाता के पास अपनी देनदारियों को निपटाने के लिए पर्याप्त नकदी है। बैंक के सभी ऋण सुरक्षित हैं। एक बड़ा खाता एचडीआइएल मौजूदा संकट की एकमात्र वजह है।

मुंबई, 26 सितंबर (भाषा)।

पंजाब एंड महाराष्ट्र कोआपरेटिव बैंक (पीएमसी) के निलंबित प्रबंध निदेशक जॉय थॉमस ने दावा किया है कि ऋणदाता के पास अपनी देनदारियों को निपटाने के लिए पर्याप्त नकदी है और जनता की पाई-पाई सुरक्षित है। थॉमस ने बुधवार शाम एक इंटरव्यू में पीएमसी के जमाकर्ताओं और ग्राहकों की आशंकाओं को दूर करने की कोशिश की।

उन्होंने कहा कि बैंक के सभी ऋण सुरक्षित हैं। सिर्फ एक बड़ा खाता एचडीआइएल मौजूदा संकट की एकमात्र वजह है। भारतीय रिजर्व बैंक ने मंगलवार को नियामकीय कार्रवाई करते हुए पीएमसी के प्रबंधन को भंग कर दिया है। केंद्रीय बैंक ने छह महीने के लिए पीएमसी के कामकाज के लिए प्रशासक नियुक्त किया है। कई बार प्रयास के बावजूद एचडीआइएल से संपर्क नहीं हो पाया। रिजर्व बैंक ने छह महीने के लिए पीएमसी के खाताधारकों की निकासी की सीमा तय की है। इसके अलावा इस अवधि में बैंक द्वारा नया कर्ज देने पर भी रोक लगाई गई है। हालांकि, थॉमस ने यह नहीं बताया कि एचडीआईएल पर पीएमसी का कितना कर्ज बकाया है। उन्होंने कहा कि एचडीआइएल बैंक का सबसे बड़ा और पुराना ग्राहक है। उन्होंने कहा कि बैंक के अन्य सभी खाते सुरक्षित हैं।

थॉमस ने कहा कि सभी कर्ज पूरी तरह सुरक्षित हैं और ग्राहकों को घबराने की कोई जरूरत नहीं है। हमारे पास पर्याप्त नकदी है। साथ ही हमने जो कर्ज दिया है उसके एवज में वैकल्पिक प्रतिभूतियां हैं। हम बिना गारंटी कोई कर्ज नहीं देते और हमारा ऋण कवरेज अनुपात हमेशा 100-110 फीसद रहा है। बैंक के पास सांविधिक तरलता अनुपात (एसएलआर) और नकद आरक्षित अनपुात (सीआरआर) के रूप में 4,000 करोड़ रुपए की नकदी है। बैंक की देनदारियां करीब 11,600 करोड़ रुपए हैं। रिजर्व बैंक द्वारा पीएमसी पर कार्रवाई की प्रमुख वजह बैंक द्वारा अपने डूबे कर्ज को कम कर दिखाना है। सूत्रों का कहना है कि बैंक की गैर निष्पादित आस्तियां (एनपीए) दहाई अंकों में ऊंचे स्तर पर हैं। वहीं वित्त वर्ष 2018-19 में बैंक के बही खाते में एनपीए को 2.19 फीसद के निचले स्तर पर दिखाया गया है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2017-18 में यह 1.05 फीसद था।

थॉमस ने स्वीकार किया कि एचडीआइएल के खाते में एनपीए को कम कर दिखाने की वजह से यह समस्या खड़ी हुई है। झुग्गी पुनर्विकास कंपनी पहले से नकदी संकट से जूझ रही है। अब यह दिवाला प्रक्रिया में है। पिछले कई साल से कंपनी भुगतान में देरी कर रही है। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि एचडीआइएल पर बैंक का कितना कर्ज बकाया है। उन्होंने कहा कि यह कर्ज पूरी तरह सुरक्षित या गारंटी वाला है।

थॉमस ने कहा कि समस्या की प्रमुख वजह एचडीआइएल द्वारा भुगतान में देरी है। उन्होंने विश्वास जताया कि देर-सवेर बैंक में स्थिति सामान्य हो जाएगी। यह कर्ज पूरी तरह गारंटी में है। बैंक अब एचडीआइएल से उसकी संपत्तियों की बिक्री के लिए बात कर रहा है जिससे वह अपना बकाया वसूल सके। उन्होंने कहा- हम पिछले कई माह से एचडीआइएल के साथ काम कर रहे हैं। हमें इस बात की जानकारी है कि कंपनी अपनी संपत्तियों के मौद्रिकरण के अग्रिम चरण में है। इसी वजह से हम कह रहे हैं कि जल्द समस्या दूर हो जाएगी।

नवंबर से नीचे आने लगेंगे प्याज के दाम : चंद

नई दिल्ली, 26 सितंबर (भाषा)।

नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद ने गुरुवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी और देश के अन्य हिस्सों में नवंबर से प्याज की ताजा खरीफ फसल आनी शुरू होगी। उसके साथ ही प्याज के दाम नीचे आने लगेंगे। देश के विभिन्न हिस्सों में इस समय प्याज 70-80 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया है।

कीमतों पर अंकुश रखने के लिए केंद्र सरकार राष्ट्रीय राजधानी में नाफेड, एनसीसीएफ और मदर डेयरी के सफल बिक्री केंद्रों के माध्यम से अपने बफर स्टॉक से प्याज को 23.90 रुपए प्रति किलोग्राम की सस्ती दर पर बाजार में उतार रही है। यहां तक कि अन्य राज्यों द्वारा भी इस प्याज की खरीद की जा रहे है जिसे वे अपने यहां बेच रहे हैं। चंद ने एक कार्यक्रम के मौके पर बताया- हमारे पास 50,000 टन का बफर स्टॉक है। हम पहले ही 15,000 टन प्याज को बाजार में उतार चुके हैं। मुझे लगता है कि हम शेष स्टॉक को लगभग दो महीने तक बाजार में उतारना जारी रख सकते हैं। उसके बाद नवंबर की शुरुआत में हम खरीफ की फसल बाजार में आने की उम्मीद कर रहे हैं, जिससे प्याज की कीमतें नीचे आना शुरू होंगी। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चंद ने कहा कि वर्तमान में प्याज का जो संकट दिख रहा है ऐसी स्थिति से बचने को भारत को कृषि फसलों के बारे में अपना दृष्टिकोण बनाना चाहिए।

> हर साल, हम कुछ गंभीर झटकों का सामना करते हैं। अब, प्याज चर्चा के केंद्र में है। अचानक कीमतों में 2-3 गुना की वृद्धि हुई है। हमारे पास पहले से इसके बारे में कोई अनुमान नहीं रहता।
>
> **रमेश चंद**
> **नीति आयोग के सदस्य**

उन्होंने कहा- मुझे लगता है कि भारतीय कृषि में जिस तरह के बदलाव आए हैं, उससे हमें एक दृष्टिकोण रखने की सख्त जरूरत है। प्याज के मूल्य निर्धारण की भविष्यवाणी करने में सरकार की असमर्थता पर, चंद ने कहा कि चूंकि कृषि परिदृश्य पर अनुमान लगाने का कोई तंत्र नहीं है, इसलिए सरकार इसको लेकर रणनीति नहीं बना पाती है। उन्होंने कहा- हर साल, हम कुछ गंभीर झटकों का सामना करते हैं। अब, प्याज चर्चा के केंद्र में है। अचानक कीमतों में 2-3 गुना की वृद्धि हुई है। हमारे पास पहले से इसके बारे में कोई अनुमान नहीं रहता। उन्होंने कहा कि बेमौसम बारिश और बाढ़ के कारण उत्पादन पर होने वाले असर की पहले से कल्पना करना संभव नहीं है। लेकिन, कुछ चीजें हैं जिनके बारे में पहले से कोई अनुमान लगाया जा सकता है।

उन्होंने कहा- इस तरह का कोई पूर्वानुमान लगाने वाले तंत्र होने से हमें सही रणनीति बनाने में मदद मिलेगी। अगर हम प्याज की कमी के बारे में पता होता तो हम पहले से इसका आयात कर सकते थे। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय कृषि अब वाणिज्यिकरण के उच्च चरण में है और यह वैश्विक बाजार के साथ अच्छी तरह से जुड़ चुकी है। उन्होंने कहा- हमें किसानों, राज्यों और निजी व्यापारियों के साथ-साथ नीति निर्माताओं को भी बताने की आवश्यकता है - हमारी मांग और आपूर्ति और विभिन्न वस्तुओं की कीमतों में क्या कुछ होने की संभावना है, ताकि हर कोई पूर्वयोजना बना सके और हम कठोर उपाय करने से बच सकें। उन्होंने कहा कि कुछ हद तक, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका जैसे अन्य देशों में ऐसा तंत्र मौजूद है। उन्होंने कहा कि भारत को भी जल्द ही इसका विकास करना चाहिए।

एससी-एसटी को नौकरी देने वाली कंपनियों को प्रोत्साहन देने पर विचार

नई दिल्ली, 26 सितंबर (भाषा)।

श्रम मंत्रालय सकारात्मक पहल करते हुए अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों को रोजगार देने वाली सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की कंपनियों को प्रोत्साहन देने पर विचार कर रहा है। समझा जाता है कि श्रम मंत्रालय ने इस बारे में एक प्रस्ताव पर विचार विमर्श किया है। सकारात्मक पहल के तहत उद्योग संगठन स्वैच्छिक रूप से अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के सदस्यों को समान अवसर देने की प्रतिबद्धता जताते है।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआइआइ) और एसोचैम जैसे उद्योग मंडलों ने औपचारिक रूप से इस अवधारणा को अपनाया है। श्रम मंत्री संतोष गंगवार ने गुरुवार को यहां कहा- हम सकारात्मक पहल के तहत विभिन्न प्रस्तावों पर लगातार विचार करते रहते हैं। उनसे पूछा गया था कि क्या उनका मंत्रालय सकारात्मक पहल के तहत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों को नौकरी देने के लिए किसी तरह का प्रोत्साहन देने पर विचार कर रहा है।

मंत्री ने यहां फिक्की की ओर से आयोजित एक सम्मेलन के मौके पर अलग से बातचीत में कहा- हम इसके बारे में ब्योरा लेने के बाद इस प्रस्ताव के पूरे तौर तरीके के बारे में बता सकते हैं। हमें अंशधारकों के साथ विचार विमर्श के दौरान कई तरह के सुझाव मिलते रहते हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) अपने 136 क्षेत्रीय कार्यालयों के जरिए सार्वजनिक और निजी क्षेत्र में काम करने वाले अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के कर्मचारियों के आंकड़े जुटा रहा है।

अधिकारी ने बताया- श्रम मंत्रालय सरकारी शोध संस्थान नीति आयोग द्वारा कराए जा रहे एक अध्ययन के जरिये ईपीएफओ से आंकड़े जुटा रहा है। इससे अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की नियुक्ति के लिए कंपनियों को दिए जाने वाले प्रोत्साहनों के वित्तीय प्रभाव का आकलन किया जा सकेगा।

वैश्विक संकेतों से सूचकांक 396 अंक चढ़ा

बंबई शेयर बाजार का 30 शेयरों वाला सूचकांक दिन में कारोबार के दौरान एक समय 565 अंक तक चढ़ने के बाद अंत में 396.22 अंक यानी 1.03 फीसद की बढ़त के साथ 38,989.74 अंक पर बंद हुआ।

मुंबई, 26 सितंबर (भाषा)।

सकारात्मक वैश्विक संकेतों के बीच बैंक, ऊर्जा व वाहन कंपनियों के शेयरों में लाभ से गुरुवार को शेयर बाजारों में रौनक लौटी और सूचकांक 396 अंक की छलांग लगा गया। सितंबर शृंखला के डेरिवेटिव अनुबंधों के निपटान से भी बाजार धारणा मजबूत हुई।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि चीन के साथ व्यापार करार उम्मीद से पहले हो सकता है। ट्रंप के इस बयान से वैश्विक बाजारों में तेजी लौट आई। कारोबारियों ने कहा कि इससे यहां के बाजारों की धारणा भी मजबूत हुई। रिजर्व बैंक की अगले हफ्ते होने वाली मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक से पहले निवेशक आशान्वित हैं। बंबई शेयर बाजार का 30 शेयरों वाला सूचकांक दिन में कारोबार के दौरान एक समय 565 अंक तक चढ़ने के बाद अंत में 396.22 अंक यानी 1.03 फीसद की बढ़त के साथ 38,989.74 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 131 अंक यानी 1.15 फीसद के लाभ से 11,571.20 अंक पर पहुंच गया।

सूचकांक में शामिल कंपनियों में वेदांता, महिंद्रा एंड महिंद्रा, आइसीआइसीआइ बैंक, टाटा स्टील, ओएनजीसी, मारुति, इंडसइंड बैंक, एलएंडटी, हीरो मोटोकॉर्प, बजाज फाइनेंस और कोटक बैंक 6.47 फीसद तक के लाभ में रहे। वहीं दूसरी ओर कारोबार के अंत में येस बैंक, इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचसीएल टेक, एचडीएफसी, एनटीपीसी, पावरग्रिड और टीसीएस के शेयर 4.93 फीसद तक नीचे आ गए। जियोजीत फाइनेंशियल सिंवसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा- बाजार में लाभ व्यापक रहा। त्योहारी सीजन में बेहतर मांग की उम्मीद से वाहन, बैंक और धातु कंपनियों के शेयर लाभ में रहे। व्यापार युद्ध समाप्त होने और घरेलू स्तर पर प्रोत्साहन से यह सकारात्मक रुख आगे भी जारी रह सकता है।

एशियाई बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग, जापान का निक्कई और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी लाभ में रहा।

कॉल ड्रॉप संबंधी प्रावधानों की समीक्षा करेगा ट्राई

नई दिल्ली,26 सितंबर (भाषा)।

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) की योजना दो साल से लागू कॉल सेवा गुणवत्ता प्रावधानों के परिणाम की समीक्षा करने की है। ट्राई प्रौद्योगिकी में हुए बदलाव को देखते हुए प्रावधानों को बेहतर बनाने की संभावना की तलाश करने के लिए परामर्श पत्र पेश करगी।

ट्राई के चेयरमैन आरएस शर्मा ने कहा कि सेवा गुणवत्ता प्रावधानों में बदलाव के ठीक दो साल हो गए हैं और तब 4जी इतना अधिक इस्तेमाल में नहीं था। आने वाले समय में नई प्रौद्योगिकियां आ रही हैं। बदली परिस्थिति में प्रावधानों को बेहतर बनाना होगा। शर्मा से पूछा गया था कि उपभोक्ताओं को अभी भी कॉल ड्रॉप से परेशान होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा- हमारे पास दूरसंचार कंपनियों के प्रदर्शन का दो साल का आंकड़ा है। हम इस बात का परीक्षण कर रहे हैं कि क्या इन्हें बेहतर बनाये जाने की जरूरत है और यह परामर्श के जरिए किया जाएगा।

इजराइल से सीख लेनी चाहिए : भागवत

जनसत्ता संवाददाता
देहरादून, 26 सितंबर।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को कहा कि हमें इजराइल जैसे देश से सीख लेनी चाहिए। इजराइल ने सदियों की गुलामी के बाद भी अपनी संस्कृति व धर्म को नहीं छोड़ा। हमेशा इजराइल ने अपने धर्म व संस्कृति के लिए संघर्ष किया और उसे बचाए रखा। भागवत हरिद्वार के पतंजलि योगपीठ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के धर्म जागरण समन्वय विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय साधु स्वाध्याय संगम शिविर का बतौर मुख्य अतिथि उद्घाटन कर रहे थे।

उन्होंने उम्मीद जताई कि हमारी युवा पीढ़ी ऋषि परंपरा का पालन करते हुए अपनी धर्म और संस्कृति को आगे बढ़ाने का काम करेगी। भागवत ने कहा कि हमारे साधु-संत हमारी संस्कृति को बचाने के लिए हमेशा आगे आए हैं और उन्होंने अपने घर बार त्याग कर भारतीय संस्कृति की रक्षा की है। साथ ही ऋषि परंपरा को जीवित बनाए रखा है। संगम शिविर का उद्घाटन करने से पहले उन्होंने गुरुवार सुबह स्वामी रामदेव के योग शिविर में प्रतिभाग किया। रामदेव ने पतंजलि के जरिए भारतीय संस्कृति और आयुर्वेद के प्रचार प्रसार में महत्त्वपूर्ण कार्य किया है। स्वामी रामदेव ने कहा कि संघ ने हमेशा भारतीय संस्कृति की रक्षा की है। स्वामी रामदेव ने भागवत को शाल और माला भेंट कर सम्मानित किया। संघ प्रमुख भागवत ने कहा कि हमारी धार्मिक संस्थाएं और साधु संत जिस तरह से ऋषि परंपरा का निर्वहन कर रहे हैं, उससे एक दिन भारत विश्व गुरु जरूर बनेगा। भारतवर्ष लंबे समय तक गुलाम रहा है और हमारे ऊपर शासन करने वालों ने हमारे यहां धर्म परिवर्तन व्यापक स्तर पर करवाया। इसलिए हमारे कई भाई विभिन्न धर्मों में शामिल हो गए। उन्होंने साधु-संतों से अपील की कि वे उन हिंदू भाइयों के बीच में जाएं जो विवशता के कारण अन्य धर्मों में शामिल हो गए थे और साधु-संत उन हिंदू भाइयों को फिर से हिंदू धर्म में वापस लाएं। वे उन्हें जबरन नहीं बल्कि प्यार से समझा बुझा कर अपने धर्म पर वापस लाएं।

आइआइटी मद्रास में कल से सिंगापुर-भारत हैकाथन

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 26 सितंबर।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) मद्रास में 28 और 29 सितंबर को सिंगापुर-भारत हैकाथन के दूसरे संस्करण का आयोजन होगा। इसका उद्घाटन मानव संसाधन विकास (एचआरडी) राज्य मंत्री संजय धोत्रे करेंगे। उच्च शिक्षा विभाग के सचिव आर सुब्रह्मण्यम ने गुरुवार को एक प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी।

सुब्रह्मण्यम ने बताया कि हैकाथन में नवोन्मेष विचारों और उत्पादों पर भारतीय विद्यार्थी अन्य देशों के विद्यार्थियों के साथ काम करेंगे। इसका पहला संस्करण नवंबर 2018 में सिंगापुर में आयोजित हुआ था। इस हैकाथन पर एचआरडी मंत्रालय, मंत्रालय का नवोन्मेष प्रकोष्ठ, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआइसीटीई), नन्यांग प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एनटीयू)-सिंगापुर आदि कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 सितंबर को आइआइटी मद्रास में प्रतिभागियों को संबोधित करेंगे और विजेता को पुरस्कार देंगे।

इस मौके पर एचआरडी मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक भी मौजूद रहेंगे। लगातार 36 घंटे चलने वाले सिंगापुर-भारत हैकाथन में बेहतर स्वास्थ्य एवं कल्याण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सस्ता एवं स्वच्छ ऊर्जा थीम पर विद्यार्थी कार्य करेंगे। इस साल 20 टीम भाग ले रही हैं और हर टीम में तीन भारतीय और तीन सिंगापुर के विद्यार्थी शामिल हैं। विजेता टीम को 10 हजार अमेरिकी डॉलर का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। हर टीम में दो मेंटर भी शामिल हैं।

'आयोग टाल सकता है कर्नाटक उपचुनाव'

नई दिल्ली, 26 सितंबर (भाषा)।

कर्नाटक में 15 विधानसभा सीटों पर 21 अक्तूबर को होने वाले उपचुनावों को लेकर संशय की स्थिति के बीच चुनाव आयोग ने गुरुवार को कहा कि वह सुप्रीम कोर्ट के आदेश का अध्ययन करने के बाद फौरन ही उसके अनुरूप कदम उठाएगा।

चुनाव आयोग ने शीर्ष न्यायालय से कहा कि कर्नाटक विधानसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराए गए 17 विधायकों द्वारा दायर याचिकाओं पर शीर्ष न्यायालय के फैसला करने तक वह राज्य में 15 विधानसभा सीटों पर होने जा रहे उपचुनावों को टाल देगा। चुनाव आयोग ने राज्य में 15 विधानसभा सीटों पर 21 अक्तूबर को उपचुनाव कराने की घोषणा 21 सितंबर को की थी।

- **वकील ने सुप्रीम कोर्ट में कहा, तो आयोग को चुनाव टालने के लिए कहूंगा**
- **सुप्रीम कोर्ट के आदेश अध्ययन कर फौरन कदम उठाएगा चुनाव आयोग**

वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने चुनाव आयोग की ओर से पेश होते हुए शीर्ष न्यायालय से कहा, 'तो फिर मैं चुनाव आयोग को इसे (कर्नाटक में उपचुनाव को) कुछ समय के लिए टालने को कहूंगा।' न्यायमूर्ति एनवी रमण, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी की पीठ ने जब द्विवेदी से यह पूछा कि क्या उनका आदेश इस न्यायालय के आदेश में दर्ज किया जाना चाहिए, वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा, 'हम ऐसा करेंगे। इस बयान को दर्ज करने की कोई जरूरत नहीं है।' चुनाव आयोग के प्रवक्ताा ने कहा, 'सुप्रीम कोर्ट के आदेश का अध्ययन करने के बाद और वरिष्ठ अधिवक्ता (द्विवेदी) की प्रतिक्रिया लेने के बाद चुनाव आयोग कर्नाटक में विधानसभा उपचुनावों के कार्यक्रम से जुड़े विषय में फौरन कदम उठाएगा।'

तलब नहीं, फिर भी पवार जाएंगे ईडी कार्यालय

मुंबई, 26 सितंबर (भाषा)।

राकांपा प्रमुख शरद पवार ने गुरुवार को कहा कि बैंक घोटाला मामले में वह शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश होंगे। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि वे यहां केंद्रीय एजंसी के कार्यालय के पास एकत्र न हों और सुनिश्चित करें कि लोगों को कोई असुविधा न हो। पवार ने बुधवार को कहा था कि वह महाराष्ट्र राज्य सहकारी (एमएससी) बैंक घोटाले के संबंध में अपने खिलाफ दर्ज धनशोधन के मामले में जांच एजंसी के सामने पेश होंगे। हालांकि, ईडी ने मामले में पवार या किसी अन्य को अब तक तलब नहीं किया है।

नीरव ने भगोड़ा अपराधी घोषित करने की याचिका का विरोध किया

मुंबई, 26 सितंबर (भाषा)।

पीएनबी के दो अरब डॉलर के धोखाधड़ी मामले में मुख्य आरोपी नीरव मोदी ने गुरुवार को विशेष अदालत से अनुरोध किया कि वह उसे भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करने की मांग करने वाली याचिका को खारिज कर दे। केंद्रीय एजंसी ने 2018 में मोदी को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करने के लिए आवेदन दायर किया था। मोदी के वकीलों ने विशेष न्यायाधीश वीसी बारडे के समक्ष आवेदन में दावा किया कि ईडी एफईओ अधिनियम के तहत उपचार के अनुरोध के लिए धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत दर्ज साक्ष्य पर भरोसा कर रही है।

तिहाड़ में शिवकुमार से मिले पटेल व शर्मा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 26 सितंबर।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं अहमद पटेल और आनंद शर्मा ने गुरुवार को तिहाड़ जेल पहुंचकर कर्नाटक के पूर्व मंत्री डीके शिवकुमार से मुलाकात की और कहा कि उनके साथ जो हो रहा है वो अनुचित है।

शिवकुमार धनशोधन के आरोप में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद न्यायिक हिरासत में हैं। पटेल और शर्मा की शिवकुमार के साथ मुलाकात के दौरान डीके सुरेश भी मौजूद थे, जो पार्टी सांसद और शिवकुमार के भाई हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने शिवकुमार की सेहत के बारे में जानकारी ली और उनके प्रति एकजुटता जताई। शिवकुमार से मुलाकात के बाद शर्मा ने कहा, 'हमने उनकी खैरियत पूछी। हमारा मानना है कि उनके साथ जो किया गया है वह ठीक नहीं है।' उन्होंने कहा, 'यह निजी आजादी, उनके स्वास्थ्य और मौलिक अधिकारों का मुद्दा है। हम आशा करते हैं कि अदालत न्याय करेगी।' कुछ दिनों पहले ही कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने तिहाड़ पहुंचकर पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम से मुलाकात की थी जो आइएनक्स मीडिया मामले में गिरफ्तार किए गए हैं।

खबर कोना

जर्मनी के फ्रैंकफर्ट में नए फुटबॉल संघ के मुख्यालय का शिलान्यास करतीं जर्मनी की चांसलर एंगिला मरकेल।

आस्ट्रेलिया में महात्मा गांधी की 150 जयंती मनाने की तैयारियां

मेलबर्न, 26 सितंबर (भाषा)।

आस्ट्रेलिया में महात्मा गांधी की 150वीं जयंती मनाने की तैयारी चल रही है। यहां भारत के राष्ट्रपिता की विरासत को सम्मान देने के लिए कई तरह के कार्यक्रम होने वाले हैं। अगले कुछ सप्ताह में मेलबर्न में एक सप्ताह लंबे चलने वाली प्रदर्शन, गोष्ठी का आयोजन मेलबर्न में किया जाएगा। इसके अलावा एडिलेड में गांधी के दर्शनशास्त्र, सिद्धांत, संघर्ष और उपलब्धि पर पोस्टर प्रतियोगिता के आयोजन के साथ ही कैनबरा स्थित भारतीय उच्चायोग में प्रार्थना सभा आयोजित होगी।

वहीं यूनिवर्सिटी ऑफ एडिलेड में गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने का कार्यक्रम होगा। आस्ट्रेलिया के चार शहरों में गांधी की पांच प्रतिमाएं लगी हुई हैं और यहां भी कार्यक्रम होंगे।

पाकिस्तान में भूकम्प का हल्का झटका

मीरपुर, 26 सितंबर (एएफपी)।

उत्तर पूर्वी पाकिस्तान में गुरुवार को भूकम्प का हल्का झटका महसूस किया गया, इससे घबरा कर लोग सड़कों पर आ गए। कुछ दिन पहले इसी इलाके में शक्तिशाली भूकम्प आया था जिसमें सड़कें और इमारतें आदि क्षतिग्रस्त हो गए थे और 38 लोगों की जान चली गई थी।

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में स्थित मीरपुर में एएफपी संवाददाता ने बताया कि धरती हिल रही थी।

पाकिस्तान के मौसम विज्ञानी मोहम्मद रियाज ने कहा कि भूकम्प का केंद्र 12 किलोमीटर की गहराई में था। इसकी तीव्रता 4.4 आंकी गई।

झटके के बाद एक व्यक्ति मोहम्मद बिलाल ने कहा, 'यह बहुत बुरा था। मैं अपनी जान बचाने के लिए भाग रहा था।'

फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति जैक शिराक का 86 साल की उम्र में निधन

पेरिस, 26 सितंबर (एपी)।

फ्रांस के 12 साल तक राष्ट्रपति रहे जैक शिराक का 86 साल की उम्र में गुरुवार को निधन हो गया। वह ऐसे पहले नेता थे जिन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान यहूदी नरसंहार में फ्रांस की भूमिका को स्वीकार किया था। जैक ने 2003 में इराक पर अमेरिकी हमले का विरोध किया था।

शिराक के रिश्तेदार ने बताया कि शिराक ने अपने परिवार के बीच अंतिम सांस ली। उन्होंने शिराक के निधन का कारण नहीं बताया है, लेकिन 2007 में राष्ट्रपति का पद छोड़ने के बाद से ही वह कई बीमारियों से घिर गए थे। वह 1995 से 2007 तक राष्ट्र प्रमुख रहे थे। शिराक राष्ट्रपति बनने से पहले करीब दो दशक तक पेरिस के मेयर भी रहे थे।

शिराक फ्रांस के ऐसे आखिरी नेता रहे जिनके ज़हन में द्वितीय विश्व युद्ध की यादें थीं। उन्होंने इस मिथक को भी तोड़ा कि फ्रांस को यहूदियों के नरसंहार और उन्हें भगाने की जानकारी नहीं थी। उन्होंने इसमें फ्रांस की भूमिका को स्वीकार किया।

आतंकवादियों को पनाह देने वाले देशों के खिलाफ

भारत ने कड़े कदम उठाने की अपील की

संयुक्त राष्ट्र, 26 सितंबर (भाषा)।

पाकिस्तान का परोक्ष तौर पर जिक्र करते हुए भारत ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई की पहचान करनी चाहिए, उसकी जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए और उन देशों के खिलाफ कड़े कदम उठाए जाने चाहिए जो आतंकवादियों को धन मुहैया कराते हैं तथा उन्हें पनाह देते हैं।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की मंत्री स्तरीय चर्चा बुधवार को हुई जिसे विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन ने संबोधित किया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से 'बगैर किसी देरी के' अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर व्यापक संधि (सीसीआइटी) को जल्द से जल्द स्वीकार करने का आह्वान किया।

सीसीआइटी एक प्रस्तावित संधि है, जिसमें सभी रूपों में अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद को अपराध घोषित करने तथा आतंकवादियों, उनके धन के स्रोत एवं कोष, हथियार तथा पनाह देने वाले समर्थकों के खात्मे का प्रावधान है।

मुरलीधरन ने पाकिस्तान का नाम लिए बगैर कहा, 'हमारा मानना है कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई सिर्फ आतंकवादियों और आतंकवादी संगठनों तथा उनके नेटवर्क को तबाह करने तक नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसमें उनकी पहचान की जानी चाहिए, उन्हें जिम्मेदार ठहराना चाहिए और उन देशों के खिलाफ कड़े कदम उठाने चाहिए जो आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं, उनका समर्थन करते हैं और धन मुहैया कराते हैं तथा आतंकवादियों एवं आतंकवादी संगठनों को पनाह देते हैं।'

मंत्री ने कहा कि आज की सुरक्षा समस्याओं को भौतिक या राजनीतिक सीमाओं में बांधा नहीं जा सकता है। आतंकवाद, मादक पदार्थ की तस्करी, अंतरराष्ट्रीय अपराध और नयी प्रौद्योगिकियों के सुरक्षा निहितार्थ वैश्विक चुनौतियां हैं जिन्हें अलग-अलग बांटकर नहीं देखा जा सकता है।

उन्होंने कहा, 'इसलिए उनके प्रति हमारी प्रतिक्रिया में सीमा पार सहयोग को भी शामिल किया जाना चाहिए।' भारत ने 1996 में संयुक्त राष्ट्र में सीसीआइ मसौदा प्रस्ताव पेश किया था लेकिन संयु राष्ट्र के सदस्य देशों के बीच आम सहमति नहीं बन पाने के कारण इसे हकीकत का रूप नहीं दिया जा सका।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की मंत्री स्तरीय चर्चा बुधवार को हुई जिसे विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन ने संबोधित किया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से 'बगैर किसी देरी के' अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर व्यापक संधि (सीसीआइटी) को जल्द से जल्द स्वीकार करने का आह्वान किया।

सीसीआइटी एक प्रस्तावित संधि है, जिसमें सभी रूपों में अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद को अपराध घोषित करने तथा आतंकवादियों, उनके धन के स्रोत एवं कोष, हथियार तथा पनाह देने वाले समर्थकों के खात्मे का प्रावधान है।

आतंकवाद के 'भयावह खतरे' का सामना कर रही है दुनिया : गुतारेस

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने चेतावनी दी है कि दुनिया असहिष्णुता, हिंसा, अतिवाद और आतंकवाद के कारण एक 'अभूतपूर्व खतरे' का सामना कर रही है। इस खतरे से हर देश प्रभावित है और यह संघर्षों को बढ़ा रहा है तथा सभी क्षेत्रों को अस्थिर कर रहा है।

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने सुरक्षा परिषद की मंत्री स्तरीय बैठक में बुधवार को कहा कि उनका नया मोर्चा साइबर आतंकवाद है जिसमें सोशल मीडिया और डार्क वेब का इस्तेमाल हमलों में तालमेल करने, प्रचार करने और नए लोगों को अपने साथ जोड़ने के लिए किया जाता है। गुतारेस ने जोर देकर कहा कि आतंकवाद के भयावह खतरे का जवाब हमें सुरक्षा उपायों, रोकथाम के प्रयासों के साथ देना चाहिए जिसमें मूल कारण की पहचान की जाए और उसका समाधान निकाला जाए।

इंडोनेशिया में भूकम्प से 20 लोगों की मौत

एम्बोन सिटी, 26 सितंबर (एएफपी)।

इंडोनेशिया के सुदूर मालुकु द्वीप में गुरुवार को 6.5 तीव्रता के आए भूकंप में एक नवजात सहित 20 लोगों की मौत हो गई। वहीं कई अन्य घायल हो गए। भूकंप से कई मकान ध्वस्त हो गए और भूस्खलन की घटनाएं सामने आई। भूकंप से भयभीत लोग गिरती इमारतों के बीच दौड़ते नजर आए।

राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण प्रवक्ता अगुस विबोवो ने मृतकों की संख्या बताते हुए कहा, 'कम से कम 100 लोग घायल हुए हैं और 2000 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।' उन्होंने बताया कि मृतकों में एक नवजात बच्चा भी शामिल है। इससे पहले स्थानीय आपदा एजेंसी के अधिकारियों ने बताया था कि कुछ पीड़ितों की मौत मलबे में दबने से हुई जबकि एक व्यक्ति भूस्खलन की चपेट में आ गया। करीब 400,000 आबादी वाले एम्बोन शहर के निवासी घायल नागरिकों की मदद कर रहे हैं। ऐसी तस्वीरें सामने आई हैं जिसमें ध्वस्त मकान और मलबा दिख रहा है।

इंडोनेशिया के मौसम, जलवायु और भू-भौतिकी एजंसी में भूकंप और सुनामी इकाई के प्रमुख रहमत त्रियोनो ने कहा, 'भूकंप का असर एम्बोन शहर और आस-पास के इलाकों में महसूस किया गया। कई लोग कंपन के साथ उठे।

वरिष्ठ न्यायाधीशों ने गलती की : बोरिस जानसन

लंदन, 26 सितंबर (भाषा)।

ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जानसन ने हाउस ऑफ कॉमन्स में अराजक दृश्यों के बीच विपक्षी दलों को चुनौती दी कि वे उनकी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश करें। ब्रिटिश कोर्ट ने संसद को निलंबित करने के उनके फैसले को पलट दिया था। जानसन अपने पक्ष पर कायम दिखे और कहा कि वरिष्ठ न्यायाधीशों ने गलती की है। उन्होंने सांसदों की इस दलीलों को भी खारिज कर दिया कि वे अपने भड़काऊ भाषा को नरम बनाएं।

उन्होंने हाउस ऑफ कॉमन्स में तीखी बहस के बीच कहा, 'मतदाताओं का सामना करने के बजाय विपक्ष चुनाव से भाग गया। मतदाताओं को फैसला करने देने के बदले वे अदालतों के लिए भाग गए। न्यायपालिका के लिए यह कहना बिल्कुल अनादर नहीं है कि मुझे लगता है कि अदालत गलत थी।'

जानसन की बात का जवाब देते हुए लेबर पार्टी के नेता कॉर्बिन ने उन पर अदालत में हार को गंभीरता से लेने में विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने उनकी टिप्पणी को ऐसे खतरनाक प्रधानमंत्री का बयान बताया जो यह सोचते हैं कि वह कानून से ऊपर हैं।

संसद में हुए मतदान में पराजित हुए बोरिस जानसन

बोरिस जानसन अपनी पार्टी का वार्षिक अधिवेशन होने देने के लिए संसद में तीन दिन के अवकाश पर हुए मतदान में हार गए। हार के बाद मैनचेस्टर में होने वाले पार्टी अधिवेशन के समय पर असर पड़ सकता है। अब पार्टी को अधिवेशन का समय कम करना पड़ सकता है या इसे निरस्त भी करना पड़ सकता है। इससे पहले शीर्ष अदालत ने ब्रेक्जिट से संसद को निलंबित करने के जानसन के फैसले को निष्प्रभावी करते हुए इसे गैरकानूनी बताया था।

खंडित जनादेश के बाद नेतन्याहू ने शुरू की साथी की तलाश

यरुशलम, 26 सितंबर (एपी)।

इजराइल में दोबारा हुए आम चुनाव में किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं मिलने के बाद निवर्तमान प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गुरुवार को गठबंधन सरकार बनाने की चुनौतीपूर्ण कोशिश शुरू की।

नेतन्याहू के लिए गठबंधन सरकार बनाने के लिए छह सप्ताह का वक्त है लेकिन उनकी राहें मुश्किल लग रही है। यहां तक कि छोटे दलों के सहयोग के बावजूद नेतन्याहू और उनके मुख्य प्रतिद्वंद्वी ब्लू एंड वाइट पार्टी के नेता एवं पूर्व सेना प्रमुख बेनी गैंट्ज 120 सदस्यीय संसद में सरकार बनाने के लिए जरूरी 61 सीटों के जादुई आंकड़े को हासिल करने में नाकाम रहे। नेतान्याहू पारंपरिक अति रूढ़िवादी और धार्मिक-राष्ट्रवादी सहयोगियों के समर्थन के बावजूद बहुमत से दूर हैं। यही वजह है कि गुरुवार को नेतन्याहू की लिकुड पार्टी के वार्ताकारों ने बातचीत शुरू की। लिकुड पार्टी के सांसद ज़ीव इल्किन ने कहा, 'कोई चमत्कार नहीं हो सकता।

डोभाल ने दिए निर्देश, जम्मू कश्मीर में आतंक रोधी अभियान तेज करें

श्रीनगर, 26 सितंबर (भाषा)।

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने गुरुवार को यहां सिलसिलेवार उच्चस्तरीय बैठकों की अध्यक्षता की और सुरक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जम्मू कश्मीर में आम लोगों के जीवन में सुधार लाने के लिए कदम उठाएं तथा आतंकवाद रोधी अभियान तेज करें। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए कि आम लोगों को किसी भी तरह से जानमाल की क्षति नहीं पहुंचे।

अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को यहां एक दिन के दौरे पर पहुंचे डोभाल ने सुरक्षा अधिकारियों और नौकरशाहों के साथ कई बैठकें कीं। इस दौरान उन्होंने यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि आतंकवादी समूहों से भयभीत हुए बगैर आम आदमी अपनी दिनचर्या का ठीक तरीके से पालन कर सके। इसके बाद वह राष्ट्रीय राजधानी लौट गए।

केंद्र सरकार द्वारा पांच अगस्त को अनुच्छेद 370 के तहत राज्य को प्राप्त विशेष दर्जा समाप्त करने और इसे दो केंद्र शासित क्षेत्रों — जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख में विभाजित करने के बाद डोभाल की यह घाटी की दूसरी यात्रा थी।

बैठक के दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने लोगों के लिए विकास योजनाओं की समीक्षा की और अधिकारियों से कहा कि वे इसे लागू करने में तेजी लाएं। इनमें लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना, लोगों के व्यवसाय के लिए कश्मीर घाटी से बाहर सेब की खेप भेजा जाना आदि शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि एनएसए ने सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आतंकवाद रोधी अभियान में तेजी लाएं तथा घाटी के कुछ हिस्सों में गतिविधियां चला रहे आतंकवादियों को निशाना बनाएं।

उन्होंने कहा कि बहरहाल, डोभाल ने आगाह किया कि आतंकवाद के खिलाफ अभियान के दौरान सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि आम लोगों को जानमाल का कोई नुकसान न हो। अधिकारियों ने कहा कि यह निर्देश इन खबरों के बाद दिया गया कि आतंकवादी आम लोगों, सेब उत्पादकों को धमका रहे हैं और जबर्दस्ती कर्फ्यू जैसी स्थिति पैदा कर रहे हैं।

इस्लामी टीवी चैनल शुरू करेंगे: इमरान

न्यूयार्क, 26 सितंबर (भाषा)।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा है कि इस्लाम को लेकर गलत धारणाओं को दूर करने और चुनौतियों से निपटने के लिए पाकिस्तान, तुर्की और मलेशिया ने साथ मिल कर अंग्रेजी भाषी इस्लामी टेलीविजन चैनल शुरू करने का फैसला किया है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा के 74 वें सत्र में शामिल होने न्यूयार्क आए प्रधानमंत्री खान ने कहा कि इस्लामी इतिहास से दुनिया को अवगत कराने के लिए चैनल पर मुसलमानों से संबंधित कार्यक्रमों और फिल्मों का प्रसारण किया जाएगा।

खान ने एक ट्वीट में कहा, 'राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन, प्रधानमंत्री महातिर मोहम्मद और मैंने आज बैठक की। इस बैठक में इस्लाम को लेकर बनी गलत धारणाओं को दूर करने और हमारे महान धर्म इस्लाम के बारे में एक अंग्रेजी चैनल शुरू करने का फैसला किया गया।'

दावा : सऊदी प्रिंस ने कहा कि खशोगी की हत्या उनकी निगरानी में हुई

वाशिंगटन, 26 सितंबर (एएफपी)।

सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस ने पत्रकार जमाल खशोगी की हत्या की जिम्मेदारी कथित तौर पर स्वीकार कर ली है। उन्होंने घटना के कुछ महीनों बाद एक अमेरिकी टीवी चैनल से कहा कि यह मेरी निगरानी में हुआ। हालांकि उन्होंने इसकी पहले से जानकारी होने से इनकार किया।

अगले हफ्ते प्रसारित होने वाली एक नई डॉक्यूमेंट्री के अनुसार प्रिंस सलमान ने दिसंबर 2018 में एक पत्रकार से कहा था, 'यह मेरी निगरानी में हुआ।' दो अक्तूबर को हुई हत्या के बाद सलमान ने कहा, 'मैं पूरी जिम्मेदारी लेता हूं क्योंकि यह मेरी निगरानी में हुआ।' अमेरिका में रह रहे पत्रकार और लेखक की हत्या के बाद प्रिंस पर काफी अंतरराष्ट्रीय दबाव था। खशोगी का शव कभी नहीं मिला।

दिसंबर 2018 में रियाद में हुई बातचीत के दौरान उनसे सवाल किया गया था कि उन्हें हत्या की जानकारी क्यों नहीं थी। इसके जवाब में सलमान ने कहा कि हमारे यहां दो करोड़ लोग हैं और 30 लाख सरकारी कर्मचारी हैं। जब इस बात पर जोर दिया गया कि हत्या को अंजाम देने के लिए एक टीम इस्तांबुल में शाही विमानों में से एक को कैसे ले जा सकती है, तो उन्होंने कहा कि मेरे पास अधिकारी हैं, कार्य पालन के लिए मंत्री हैं और उनके पास ऐसा करने का अधिकार है। रियाद लगातार खगोशी की हत्या में प्रिंस मोहम्मद के हाथ से इंकार करता रहा है।

जब इस बात पर जोर दिया गया कि हत्या को अंजाम देने के लिए एक टीम इस्तांबुल में शाही विमानों में से एक को कैसे ले जा सकती है, तो उन्होंने कहा कि मेरे पास अधिकारी हैं, कार्य पालन के लिए मंत्री हैं और उनके पास ऐसा करने का अधिकार है। रियाद लगातार खगोशी की हत्या में प्रिंस मोहम्मद के हाथ से इंकार करता रहा है।

बीमार बेटी से मिलकर लौट रही महिला से सामूहिक बलात्कार

अगरतला, 26 सितंबर (भाषा)।

त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में एक महिला से कथित सामूहिक बलात्कार का मामला सामने आया है। बीमार बेटी से मिलकर लौट रही महिला के साथ चलती कार में बलात्कार करने के बाद आरोपियों ने उसे एक सड़क पर फेंक दिया। महिला की हालत गंभीर बनी हुई है।

पुलिस ने बताया कि पीड़िता के पति ने बुधवार को महिला थाने में शिकायत दर्ज कराई और उसी दिन छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। महिला थाने की प्रभारी ने शिकायत के हवाले से बताया कि मंगलवार करीब शाम साढ़े सात बजे पीड़िता घर जाने के लिए ऑटो रिक्शा में सवार हुई जिसके चालक को वह जानती थी। जब ऑटो रिक्शा चालक ने वाहन को दूसरे रास्ते पर मोड़ा तो महिला ने विरोध किया लेकिन चालक यात्रियों को लेने की बात कर दूसरे रास्ते पर चला गया।

थाना प्रभारी के मुताबिक रास्ते में चार लोग ऑटो रिक्शा में सवार हुए और महिला के हाथ और मुंह बांध दिए। उन्होंने उसे कार में डाला और करीब 15 किलोमीटर दूर ले गए। जहां महिला के साथ दुष्कर्म को आंजाम दिया गया।

विमान वाहक पोत से गायब कंप्यूटर हार्डवेयर मामले की जांच करेगी एनआइए

कोच्चि, 26 सितंबर (भाषा)।

राष्ट्रीय जांच एजंसी (एनआइए) देश के पहले स्वदेश निर्मित विमान वाहक पोत से कंप्यूटर के कुछ हार्डवेयर गायब होने की जांच करेगी। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। यह विमान वाहक यहां कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड(सीएसएल) में तैयार किया गया था।

एनआइए के एक अधिकारी ने कहा, 'हम इस मामले की जांच करेंगे।' फिलहाल इस मामले की जांच विशेष जांच दल (एसआइटी) कर रहा है। हार्डवेयर गायब होने के संबंध में शिकायत मिलने के बाद एसआइटी ने जांच शुरू की थी।

यह घटना सीएसएल के उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्र में हुई जहां प्रतिष्ठित युद्धपोत बनाया गया था।

सीएसएल अधिकारियों ने एक हफ्ते पहले एर्नाकुलम साउथ पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज कराई थी। अधिकारियों को कथित चोरी के समय और तारीख की जानकारी नहीं है। स्वदेशी तकनीक से निर्मित विमान वाहक पोत के 2020 में समुद्री परीक्षण शुरू होने की उम्मीद है।

प्रदर्शनी — शाही युगल शानदार तरीके से जीवन जीने के लिए मशहूर थे

इंदौर के महाराजा-महारानी की तस्वीरों की फ्रांस में प्रदर्शनी

पेरिस, 26 सितंबर (एएफपी)।

फ्रांस के एक मशहूर संग्रहालय में इंदौर के महाराज यशवंत राव होल्कर और उनकी महारानी संयोगिता देवी के जीवन और कलाप्रेम को दर्शाने वाली तस्वीरों और पेंटिंग्स की प्रदर्शनी लगाई गई है। इंदौर का यह शाही युगल 1920 और 1930 के दशक में अपनी खूबसूरती, कलाप्रेम और शानदार तरीके से जीवन जीने के लिए मशहूर था। पूरी दुनिया में उनकी सुंदरता और सम्मोहन के चर्चे होते थे।

पेरिस में मशहूर पेंटर-फोटोग्राफर मैन रे ने महाराज यशवंत राव होल्कर और महारानी संयोगिता देवी की हॉलीवुड सितारों के साथ कुछ तस्वीरें उस जमाने में खींची थीं। जब यूरोप पर द्वितीय विश्व युद्ध का खतरा मंडरा रहा था, तब इस शाही जोड़े ने मध्य प्रदेश के मालवा क्षेत्र में इंदौर में एक शानदार और भव्य महल बनाया था। इस महल में सादगीपूर्ण सुख की अनुभूति होती थी तो चकाचौंध करने वाली आधुनिक सुख-सुविधाएं भी थीं। महल को उस समय के मशहूर और बेहतरीन माने जाने वाले डिजाइनरों इलीन ग्रे, ली कॉरबुसियर और पियरे जीनेरेट की डिजाइन की गई कलाकृतियों से सजाया गया था। इस महल को भारतीय उपमहाद्वीप की पहली वातानुकूलित इमारत भी बताया जाता है। इसमें जैज प्रेमी महाराजा के थिरकने के लिए एक बॉलरूम भी बनाया गया था।

पेरिस स्थित संग्रहालय के मुख्य क्यूरेटर ओलिवियर गाबेट के अनुसार यशवंत होल्कर की शादी जब संयोगिता देवी से हुई थी तब रानी महज 10 साल की थीं और महाराजा उनसे कुछ साल बड़े थे। वे राजकाज को समझने और परंपराओं को निभाने के साथ ही पूरी तरह आधुनिक दंपति थे। उन्होंने बताया कि महारानी संयोगिता देवी महाराज की सभी परियोजनाओं में शामिल रहती थीं और महाराज उन्हें समान अधिकार देते थे। वह एक विलक्षण जोड़ा था।

फ्रेंच रिवीरा में महाराज के अतिथि रहे मैन रे ने अपनी मुलाकात का जिक्र करते हुए एक जगह लिखा है, 'फ्रांसीसी परिधान में सजी महारानी ने बड़े से पन्ने की एक अंगूठी पहन रखी थी जो महाराजा ने उसी सुबह उनके लिए खरीदी थी।'

महारानी संयोगिता देवी का 22 साल की उम्र में अपेंडिसाइटिस से निधन हो गया था। उनके बाद उनकी बेटी उषा महारानी बनीं। गाबेट के अनुसार महाराज का कलाप्रेम महारानी के जाने के बाद खत्म सा हो गया। महाराजा का 1961 में निधन हो गया था।

पेरिस में मशहूर पेंटर-फोटोग्राफर मैन रे ने महाराज और महारानी की हॉलीवुड सितारों के साथ कुछ तस्वीरें उस जमाने में खींची थीं।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म सभी चुनावों में करेंगे आचार संहिता का पालन

नई दिल्ली, 26 सितंबर (भाषा)।

चुनाव आयोग ने गुरुवार को कहा कि फेसबुक, ट्विटर और व्हाट्सएप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने भविष्य के सभी चुनावों में स्वैच्छिक आचार संहिता के पालन पर सहमति जताई है। आयोग ने कहा कि वे आगामी महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनावों में भी इसका पालन करेंगे।

चुनाव आयोग ने बयान जारी कर कहा, 'इंटरनेट और मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आइएएमएआइ) अपने सदस्यों की तरफ से भविष्य के सभी चुनावों में स्वैच्छिक आचार संहिता का पालन करने पर सहमत हुआ है। हरियाणा और महाराष्ट्र में अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनावों और उपचुनावों के दौरान भी वे संहिता का पालन करेंगे।' पिछले लोकसभा चुनावों के दौरान विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने चुनाव आयोग की तरफ से रिपोर्ट किए गए 909 उल्लंघनकारी मामलों में कार्रवाई की थी।

संहिता के मुताबिक चुनाव समाप्त होने के 48 घंटे पहले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कोई राजनीतिक प्रचार नहीं होगा। इस अवधि को 'साइलेंस पीरियड' (चुनाव प्रचार पर रोक) कहते हैं ताकि मतदाता सोच विचार कर निर्णय कर सकें कि किसे वोट देना है। संहिता में पेड राजनीतिक विज्ञापन में पारदर्शिता लाने का भी प्रावधान है। पहली बार इंटरनेट आधारित कंपनियों ने स्वेच्छा से ऑनलाइन चुनाव प्रचार के लिए नियमों का पालन करने पर सहमति जताई है।

चुनाव आयोग ने बयान जारी कर कहा, 'इंटरनेट और मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आइएएमएआइ) अपने सदस्यों की तरफ से भविष्य के सभी चुनावों में स्वैच्छिक आचार संहिता का पालन करने पर सहमत हुआ है। हरियाणा और महाराष्ट्र में अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनावों और उपचुनावों के दौरान भी वे संहिता का पालन करेंगे।'

मोदी और आर्डर्न ने पुलवामा व क्राइस्टचर्च हमलों की निंदा की

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 26 सितंबर।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और न्यूजीलैंड की उनकी समकक्ष जेसिंडा आर्डर्न ने न्यूयॉर्क में मुलाकात की और आतंकवाद से लड़ाई में एक दूसरे का समर्थन करते हुए पुलवामा तथा क्राइस्टचर्च आतंकी हमलों की कड़ी निंदा की। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि मोदी और आर्डर्न ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) सम्मेलन से इतर मुलाकात की और द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा करते हुए राजनीतिक, आर्थिक, रक्षा, सुरक्षा तथा जनता के बीच संबंधों को मजबूत करने के कदमों पर चर्चा की।

दोनों नेताओं ने अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद के मुद्दे समेत आपसी हित के वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की व इस विषय पर दोनों देशों के विचार मिलने की सराहना की। बयान में कहा गया, 'दोनों देशों ने पुलवामा और क्राइस्टचर्च आतंकी हमलों की कड़ी निंदा की और इनके बाद एक दूसरे को समर्थन जताया।'

बयान में कहा गया कि भारत ने आतंकवादियों एवं ऑनलाइन हिंसक आतंकवादी सामग्री को समाप्त करने के उद्देश्य से न्यूजीलैंड-फ्रांस की संयुक्त पहल का भी समर्थन किया। मोदी से मुलाकात में आर्डर्न ने कहा कि न्यूजीलैंड में भारतीय मूल के लोग और छात्र दोनों देशों के बीच महत्त्वपूर्ण सेतु का काम करते हैं और दोस्ती में योगदान दे रहे हैं।

उन्होंने मोदी को न्यूजीलैंड के नए रणनीतिक पत्र 'इंडिया 2022-इन्वेस्टिंग इन द रिलेशनशिप' के बारे में भी जानकारी दी। मोदी और आर्डर्न ने नवंबर 2017 में मनीला में अपनी मुलाकात को याद किया और कहा कि अक्तूबर 2016 में न्यूजीलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री जॉन की भारत यात्रा के बाद नई संस्थागत प्रणालियां स्थापित की गई हैं, जिनसे द्विपक्षीय संबंधों का महत्त्वपूर्ण तरीके से विस्तार हुआ है।

गांधी जयंती पर कांग्रेस दिखाएगी ताकत

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 26 सितंबर।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के मौके पर आगामी 2 अक्तूबर को कांग्रेस दिल्ली में अपनी सियासी ताकत दिखाने की तैयारी में जुटी है। पार्टी बापू की जयंती पर डीडीयू मार्ग स्थिति प्रदेश कांग्रेस कार्यालय से राजघाट तक आयोजित की जा रही पदयात्रा में बड़ी भीड़ जुटाकर सूबे में अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराना चाहती है। खुद कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के इस पदयात्रा में शामिल होने की संभावना है।

कांग्रेस अध्यक्ष गांधी की अगुआई में बीते 12 सितंबर को पार्टी मुख्यालय में पार्टी महासचिवों, राज्य प्रभारियों, मुख्यमंत्रियों, प्रदेश अध्यक्षों सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं की बैठक में यह तय किया गया कि कांग्रेस महात्मा गांधी की जयंती पर आगामी 2 अक्तूबर को देश भर में पदयात्राओं का आयोजन करेगी। दिल्ली में सबसे विशाल आयोजन करने का निर्णय किया गया जिसमें पार्टी अध्यक्ष सहित वरिष्ठ कांग्रेसी शिरकत करेंगे।

इस पदयात्रा की तैयारी के सिलसिले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अहमद पटेल की अध्यक्षता में गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में पदयात्रा की तैयारियों से जुड़े नेताओं की एक बैठक हुई। इसमें दिल्ली के प्रभारी पीसी चाको सहित अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे। सूत्रों ने बताया कि बैठक में सभी नेताओं की जिम्मेदारी तय की गई।

ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स
(भारत सरकार का उपक्रम)
Cluster Office- RR&L :
Resolution, Recovery & Law पीबी-107, केजे-13, कविनगर, गाजियाबाद-201002,
ई-मेल: rrl_7624@obc.co.in

शुद्धि पत्र

दिनांक 19.09.2019 को इस समाचार पत्र में छपे विज्ञापन ई-नीलामी सूचना के संदर्भ में आम जनता सूचित किया जाता है कि खाता **मैसर्स राजदूत ट्रेडिंग कम्पनी** (क्र.सं. 14) की सम्पत्ति की ई-नीलामी दिनांक 05.10.2019 को होनी थी, हम आम जनता को सूचित करते है कि इस खाते की सम्पत्ति की ई-नीलामी को रद्द/निरस्त करते है।
शेष पूर्वानुसार रहेगा।

प्राधिकृत अधिकारी, ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स

उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0 तिथि विस्तार सूचना ई-निविदा सूचना सं0 ETC/MU/T-128/2019-20 जो कि दिनांक 25.09.2019 को खुलनी प्रस्तावित थी, के सम्बन्ध में सूचित करना है कि निविदा में किसी भी फर्म द्वारा प्रतिभाग न किये जाने के फलस्वरुप उक्त निविदा की तिथि दिनांक 03.10.2019 तक विस्तारित की जाती है। कृपया www.etender.up.nic.in पर विस्तार से सभी सूचना, विवरण/डाउनलोड तथा अन्य किसी भी प्रकार के संशोधन/विस्तार हेतु निविदा खुलने की तिथि तक लॉग ऑन कर सकते है। शेष अन्य नियम व शर्ते यथावत रहेंगी।
"राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें" पत्रांक/ No. 2005 / वि0पा0म0 (ETC)/मु0नगर (MZN)/ दिनांक/ DATED 25.09.2019

HDB FINANCIAL SERVICES From the trusted family of HDFC Bank

पंजीकृत कार्यालयः राधिका, 2रा तल, लॉ गार्डन रोड, नवरंगपुरा, अहमदाबाद, गुजरात, पिन कोड-380009
शाखा कार्यालयः एडीबी फाइनांसियल सर्विसेस लि., 3, पार्क स्ट्रीट रोड, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के ऊपर, पिंक सिटी पेट्रोल पम्प के सामने, खासा कोठी, जयपुर, राजस्थान-3002001

कब्जा सूचना

जैसा कि, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002 (2002 के 64) के अंतर्गत एचडीबी फाइनांसियल सर्विसेस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना नीचे वर्णित रूप में जारी कर संबंधित ऋणधारक को उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर सूचना में वर्णित राशि के साथ भुगतान की वास्तविक तिथि तक सभी लागतों, चार्जेज, खर्चे आदि को वापस लौटाने का निर्देश दिया था।

उक्त ऋणधारक/ सह-ऋणधारक इस राशि को वापस लौटाने में विफल रहे, अतः एतद्द्वारा ऋणधारक, सह-ऋणधारक तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि यहां नीचे वर्णित रूप में अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने नीचे वर्णित तिथि को यहां नीचे वर्णित संपत्ति का सांकेतिक कब्जा कर लिया है।

विशेष रूप से ऋणधारकों तथा आम जनता को एतदद्वारा सतर्क किया जाता है कि वे यहां नीचे वर्णित संपत्ति का व्यवसाय न करें तथा इन संपत्तियों का किसी भी तरह का व्यवसाय संबंधित तिथि से आगे के ब्याज, लागतों एवं चार्जेज के साथ उसमें निर्दिष्ट राशि के लिए एचडीबी फाइनांसियल सर्विसेस लिमिटेड के चार्ज के अधीन होगा।

ऋणधारक/ सह-ऋणधारकों/गारन्टरों, ऋण खाता संख्या, ऋण राशि, प्रतिभूतियों का विवरण, मांग सूचना तिथि, मांग की गई राशि, कब्जा की तिथि का विवरण इस प्रकार है:

1) ऋणधारक/सह-ऋणधारक/गारन्टर का नाम एवं पता; 2) ऋण खाता संख्या; 3) ऋण राशि; 4) प्रतिभूतियों का विवरण; 5) मांग सूचना तिथि; 6) आईएनआर में मांग की गई राशि; 7) कब्जा की तिथि

1) डांगयाच इन्फ्रा लि., 705-706, बृज अनुकम्पा टावर, अशोक मार्ग सी स्कीम जयपुर-302001, तथा साथ ही: प्लॉट नं. 134, गोम डिफेन्स, वैशाली नगर, जयपुर-302021, राधा डांगयाच, महेश डांगयाच, मुदित डांगयाच, निहाल डांगयाच, रमेश डांगयाच, प्लॉट नं. 134, गोम डिफेन्स, वैशाली नगर, जयपुर-302021, साथ ही: फ्लैट नं. 805, माधव विलास अपार्टमेन्ट, माधो सिंह सर्किल बाणीपार्क, जयपुर-302016, महेश डांगयाच, बी 5, वार्ड नं. 36, सेन कॉलोनी, निकट रेलवे स्टेशन बाणी पार्क, जयपुर-302016, **ऋण खाता सं.:** 1616884, **ऋण राशिः** रु 33001960 (रुपये तीन करोड़ तीस लाख एक हजार नौ सौ साठ मात्र), 4) **प्रतिभूति का विवरणः** प्लॉट नं. 134, गोम डिफेन्स, वैशाली नगर, जयपुर-302021, माप 408.39 वर्ग यार्ड्स जो रमेश डांगयाच के नाम में दर्ज है, पंजीकरण दस्तावेजः सब-रजिस्ट्रार, जयपुर V के कार्यालय में बुक नं. 1, वॉल्यूम नं. 937, पेज नं. 26 पर क्रम सं. 201603019108027 में। **सम्पत्ति की चौहद्दीः** उत्तरः रोड 40, दक्षिणः प्लॉट नं. 133, पूर्वः रोड 30, पश्चिमः प्लॉट नं. 269, 5) **मांग सूचना तिथिः** 10 जुलाई, 2019; 6) **मांग की गई राशि (आईएनआर में):** रु. 32041561/- (रुपए तीन करोड़ बीस लाख इकतालिस हजार पांच सौ इकसठ मात्र) 5 जुलाई, 2019 को तथा अनुषांगिक खर्चे, लागत, चार्जेज आदि के साथ वास्तविक वसूली तक अनुबंधित दर पर आगे का ब्याज; 7) **कब्जा की तिथिः** 25.9.2019

ऋणधारक का ध्यान प्रतिभूत परिसंपत्तियों को विमोचित करने के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के प्रति आकृष्ट की जाती है।

किसी भी प्रकार के स्पष्टीकरण के लिए कृपया सम्पर्क करें: श्री प्रशांत राठौरः 9928818000 तथा जीतेन्द्र सिंह राजावत (9983291777), एचडीबी फाइनांसियल सर्विसेस लिमिटेड, 3, पार्क स्ट्रीट रोड, एचडीएफसी बैंक लि. के ऊपर, पिंक सिटी पेट्रोल पम्प के सामने, खासा कोठी, जयपुर, राजस्थान-3002001

स्थानः जयपुर
तिथिः 25.9.2019
हस्ता./- एचडीबी फाइनांसियल सर्विसेस लिमिटेड के लिये
प्राधिकृत अधिकारी

उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0 ई-निविदा आमंत्रण सूचना अनुभवी कार्यदायी संस्थाओ/फर्मो से विद्युत पारेषण मंडल, मुजफ्फरनगर के अन्तर्गत निम्न कार्यो/आपूर्ति हेतु ई-निविदायें ई-पोर्टल etender.up.nic.in पर दो भागो मे निविदा खोलने की दिनांक को 12.00 बजे तक आंमत्रित की जाती है। निर्धारित निविदा शुल्क आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0 तथा धरोहर राशि आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0/बैंक गारन्टी के माध्यम से (निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि पृथक-पृथक हस्तांरित की जानी है) Executive Engineer Electy Tr. Division Muzaffarnagar के पक्ष में पंजाब नैशनल बैंक की शिव चौक मुजफ्फरनगर शाखा में संचालित चालू बैंक खाता संख्या 0332002100027440 (IFSC Code PUNB0033200) में जमा करायी जायेगी। निविदा के प्रथम भाग में आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0/बैंक गारन्टी द्वारा जमा किये गये निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि की यथा योज्य यू0टी0आर0 संख्या की प्रति, खाते का नाम, निर्गतकर्ता बैंक अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित एवं निविदादाता द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित पे-इन स्लिप की प्रति, निविदा प्रपत्र, पैन कार्ड, जी0एस0टी0 संख्या, इन्कम टैक्स रिटर्न की स्वयं प्रमाणित छाया प्रति, तकनीकी अनुभव इत्यादि ई-पोर्टल पर स्कैन्ड प्रतियॉ (PDF format) तथा ई-निविदा के द्वितीय भाग मे दरे एवं वाणिज्यक नियम व शर्ते ई-पोर्टल पर अपलोड की जायेगी। निविदा शुल्क, धरोहर राशि एवं अन्य व्यवसायिक प्रपत्र हार्ड कॉपी में अथवा व्यक्तिगत संवाहक के माध्यम से इस कार्यालय में प्राप्त नही किये जायेंगें। निविदा की वैधता खुलने की तिथि से 90 दिन होगी। ई-निविदा के प्रथम भाग उसी दिन निर्धारित समय पर सार्वजनिक रूप से खोला जायेगा एवं भाग द्वितीय (प्राइजबिड) खुलने की तिथि तदोनुसार वेबसाइट पर सूचित की जायेगीं। निविदा भाग प्रथम में सम्बधित प्रपत्रों का अपलोंड ना किये जाने की स्थिति में निविदा का भाग द्वितीय (प्राईस बिड) नही खोला जायेगा। ई-निविदा खुलनें की तिथि पर अवकाश होने की स्थिति में ई-निविदा अगले कार्य दिवस मे खोली जायेगी। ई-निविदाओं को बिना कोई कारण बताये अस्वीकार /विभाजित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा। कृपया विस्तृत जानकारी, डाउन लोड, अन्य संशोधनों एवं ई-निविदा प्रस्तुत करने के दिनांक तक विस्तार आदि के सम्बन्ध में कृपया etender.up.nic.in पर लॉग आन करें। विवरण निम्न प्रकार है- ई-निविदा संख्या, कार्य/सामग्री का विवरण, खुलने की दिनांक, आमंत्रित एवं खोलने का समय धरोहर राशि एवं निविदा का मूल्य के क्रम में पढ़ा जाये। **1. वि0पा0म0/मु0/टी-151/2019-20** : विद्युत 400 के0वी0 उपकेन्द्र खण्ड, मुजफ्फरनगर के अन्तर्गत 400 के0वी0 मुजफ्फरनगर-श्रीनगर लाईन बे पर स्थापित 50 एमवीएआर शंट रिएक्टर्स की सेन्ट्रफ्यूजिंग का कार्य। दिनांक 24.10.2019, 12:00 बजे (आमंत्रित), 13:00 बजे (तकनीकी भाग पार्ट-1 खोलने हेतु) रू0 1600/-, रू. 590/- (कर सहित)। **2. वि0पा0म0/मु0/टी-152/2019-20** : विद्युत 400 के0वी0 उपकेन्द्र खण्ड, मुजफ्फरनगर के अर्न्तगत 400 के0वी0 उपकेन्द्र जौली रोड पर स्थापित विभिन्न उपकरणों, फेन्सिंग, एमएस फ्लैट लाईट पोल्स की पेन्टिंग का कार्य। दिनांक 24.10.2019, 12:00 बजे (आमंत्रित), 13:15 बजे (तकनीकी भाग पार्ट-1 खोलने हेतु) रू0 1500/-, रू. 590/- (कर सहित)। **3. वि0पा0म0/मु0/टी-153/2019-20** : विद्युत पारेषण खण्ड, शामली के अर्न्तगत 132 के0वी0 उपकेन्द्र झिंझाना पर स्थापित उपकरणो की अर्थिंग का कार्य। दिनांक 24.10.2019, 12:00 बजे (आमंत्रित), 13:30 बजे (तकनीकी भाग पार्ट-1 खोलने हेतु) रू0 1800/-, रू. 590/- (कर सहित)। **4. वि0पा0म0/मु0/टी-154/2019-20** : विद्युत 400 के0वी0 उपकेन्द्र खण्ड, मुजफ्फरनगर के अर्न्तगत 400 के0वी0 उपकेन्द्र मुजफ्फरनगर पर घास कटाई का कार्य। दिनांक 24.10.2019, 12:00 बजे (आमंत्रित), 13:45 बजे (तकनीकी भाग पार्ट-1 खोलने हेतु) रू0 14800/-, रू. 1770/- (कर सहित)। **5. वि0पा0म0/मु0/टी-155/2019-20** : विद्युत पारेषण खण्ड, शामली के अर्न्तगत 220 के0वी0 उपकेन्द्र शामली पर स्थापित उपकरणों की अर्थिंग का कार्य। दिनांक 25.10.2019, 12:00 बजे (आमंत्रित), 13:00 बजे (तकनीकी भाग पार्ट-1 खोलने हेतु) रू0 1800/-, रू. 590/- (कर सहित)। **6. वि0पा0म0/मु0/टी-156/2019-20** : विद्युत 400 के0वी0 उपकेन्द्र खण्ड, मुजफ्फरनगर के अर्न्तगत 400 के0वी0 उपकेन्द्र जौली रोड के नियन्त्रण कक्ष में प्रकाश व्यवस्था के सुदृढीकरण का कार्य। दिनांक 25.10.2019, 12:00 बजे (आमंत्रित) 13:15 बजे (तकनीकी भाग पार्ट-1 खोलने हेतु) रू0 2000/-, रू. 590/- (कर सहित)। **7. वि0पा0म0/मु0/टी-157/2019-20** : विद्युत पारेषण खण्ड-द्वितीय, सहारनपुर के अन्तर्गत उपखण्ड अधिकारी, विद्युत पारेषण उपखण्ड-द्वितीय, नानौता के प्रयोगार्थ 01 अदद डीजल चालित वाहन चालक सहित किराये पर उपलब्ध कराये जाने हेतु। दिनांक 25.10.2019, 12:00 बजे (आमंत्रित), 13:30 बजे (तकनीकी भाग पार्ट-1 खोलने हेतु) रू0 2000/-, रू. 590/- (कर सहित)। "राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें" पत्रांक/ No. 2004 / वि0पा0म0(ETC)/मु0नगर(MZN)/ दिनांक/ DATED 25.09.2019

कजारिया सेरामिक्स लिमिटेड
शेयर प्रमाण पत्र गुम होने की सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे कजारिया सेरामिक्स लि0 के 5000 शेयर जिसका प्रमाण पत्र संख्या 278, विशिष्ट संख्या 156572475 से 156577474, तथा फोलियो नं0 00020805 है, जो कही खो गया है। उक्त शेयर पत्र की द्वितीय प्रति प्राप्त करने के लिये मैने कम्पनी में आवेदन किया है। कोई अगर इन शेयरों पर अपना दावा करता है तो वह नोटिस प्रकाशन के 15 दिनों के अन्दर कम्पनी के रजिस्टर्ड आफिस में अपना दावा प्रस्तुत कर सकता है। उसके बाद कम्पनी उपरोक्त पर कोई भी विचार नहीं करेगी और उपरोक्त शेयर प्रमाण पत्र की द्वितीय प्रति जारी कर देगी। निर्मला गुप्ता

टाटा कैपिटल फाईनांशियल सर्विसेस लिमिटेड
TATA
संपर्क पता : 7वीं मंजिल विड्याकॉन टॉवर, झण्डेलवालन एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055.
पंजीकृत कार्यालय : 11 वीं मंजिल, टॉवर ए, पेनीन्सुला बिजनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग, लोवर परेल, मुम्बई-400 013. CIN No. U67190MH2008PLC187552

संशोधन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 23.08.2019 को इसी समाचार पत्र में **आधिपत्य सूचना** शीर्षक से प्रकाशित विज्ञापन में देनदार का नाम सचिन कुमार सिंघल के स्थान पर **अचिन कुमार सिंघल पढ़ा जावें**। शेष विवरण यथावत रहेगा।

प्राधिकृत अधिकारी

सूचना
एतदद्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि कम्पनी "सीआरजी ट्रेडिंग एंड फिन्वेस्ट प्रा. लि" जिसका पंजीकृत कार्यालय मोरादाबाद धरमकाँटा, कन्ठ रोड, हर्थला, मोरादाबाद-244001 उ.प्र. है, को भा.रि.बैं. द्वारा जारी पंजीकरण का प्रमाणपत्र गुम/स्थानच्युत हो गया है। सभी लोगों से अनुरोध है कि यदि उन्हें प्राप्त हो, कृपया ऊपर वर्णित पते पर कम्पनी को वह वापस लौटा दें तथा अवांछित तत्वों द्वारा प्रमाणपत्र के दुष्प्रयोग के प्रति उन्हें सतर्क किया जाता है।
हस्ता/-
बनवारी लाल टोडी
स्थानः मोरादाबाद निदेशक
तिथिः 26.09.2019 DIN: 02260178

UTTAR PRADESH RAJKIYA NIRMAN NIGAM LTD.
Notice Inviting e-Tender
(ISO 90001:2008 Certified Company) Visheshwaraiya Bhawan, Gomtinagar, Lucknow

NAME OF WORK : "Design/S/I/T/C of SITC Of 100 & 50 Kg/hr Incinerator And 100 kg/hr Shredder At Shaeed Asfaq Ullah Khan Prani Udyan, Ramgarh Taal, Gorakhpur."
Tender No: 275/U.I/E.U-2/ZOO/RNN/19 DATE : 24-09-2019

The Unit Incharge, Electrical Unit-2 invite for and on behalf of Managing Director U.P. Rajkiya Nirman Nigam Ltd, online QCBS composite bids in two bid system for the following work:
NIT NO:275, Dated 24.09.2019, Name of work: "Design/S/I/T/C of SITC Of 100 & 50 Kg/hr Incinerator And 100 kg/hr Shredder At Shaeed Asfaq Ullah Khan Prani Udyan, Ramgarh Taal, Gorakpur."Estimated Bid Value: Rs. 1,17,00,000.00, **Earnest Money:** Rs. 2,34,000.00, **Period of Completion:** 30.11.19. **Last time and date of submission of bid:** 3:00 PM on 15.10.2019.
The bid forms and other details can be obtained/downloaded from the website: **https://etender.up.nic.in**. The press notice is also available on **http://www.uprnn.co.in**.
Unit Incharge (Electrical Unit-2)

नोवा आयरन एण्ड स्टील लि.
पंजी. कार्या: गांव-डागौरी, तहसील बेलहा, जिला- बिलासपुर, छत्तीसगढ़
सीआइएन: L02710CT1989PLC010052
ई-मेल: rai_nisl2007@yahoo.com
फोन: 077-52285217, फैक्स: 077-52285213
वैबसाइट: www.novaironsteel.com

सूचना
दिनांक 30.06.2019 को समाप्त तिमाही के लिए कम्पनी के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों पर परस्पर विचार के लिए निदेशकों के बोर्ड की बैठक 11.10.2019 को होगी। सूचना शेयर बाजार की वेबसाइट www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध है।
कृते नोवा आयरन एण्ड स्टील लि.
स्थानः नई दिल्ली ह./- (धीरज कुमार)
दिनांकः 26.09.2019 कम्पनी सचिव

दक्षिणी दिल्ली नगर निगम
शिक्षा विभाग (मुख्यालय)
डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविक सेन्टर, ई-ब्लॉक, 23वाँ तल, जेएलएन मार्ग, नई दिल्ली-110002

अभिरुचि की अभिव्यक्ति के लिए सूचना
दक्षिणी दिल्ली नगर निगम विद्यालयों में पढ रहे बच्चों के लिए पके हुए खाने के प्रावधान हेतु

दक्षिणी दिल्ली नगर निगम के विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों के लिए पके हुए खाने के प्रावधान हेतु पात्र बोलीदाताओं से बोली आमंत्रित की जाती है।
विवरण हमारी वेबसाइट **www.mcdonline.gov.in** पर उपलब्ध हैं। बोलियाँ प्राप्त करने की अंतिम तिथि **17.10.2019 (दोपहर 01:00 बजे)** है। इच्छुक बोलीदाताओं को परामर्श दिया जाता है कि वे उपरोक्त वेबसाइट को देखते रहें क्योंकि कोई भी सम्बन्धित सूचना इसी वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी।
आर.ओ. नं. 68/डीपीआई/दक्षिणी/2019-20 **एडीई (एमडीएम) (शिक्षा विभाग)**

नेस्ले इंडिया लिमिटेड
(CIN: L15202DL1959PLC003786)
पंजी. कार्यालय: 100/101, वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर बाराखम्बा लेन, नई दिल्ली-110 001
ई-मेल: investor@in.nestle.com
वेबसाइट: www.nestle.in
फोन: 011-23418891, फैक्स: 011-23415130

सूचना
एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी के 30 सितम्बर, 2019 को समाप्त होने वाले तृतीय तिमाही एवं नौ माह के अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर शुक्रवार, 8 नवम्बर, 2019 को आयोजित होने वाली प्रस्तावित बोर्ड की बैठक में विचार किया जायेगा।
निवेशक वेबसाइट www.nestle.in या www.bseindia.com भी देख सकते हैं।
नेस्ले इंडिया लिमिटेड
बी. मुरली
स्थानः गुरुग्राम निदेशक-कानूनी
तिथिः 26.09.2019 एवं कम्पनी सचिव

एसजेवीएन लिमिटेड
(भारत सरकार और हिमाचल प्रदेश सरकार का एक संयुक्त उपक्रम)
SJVN LIMITED
(A Joint Venture of Govt. of India & Govt. of H.P.)
A MINI RATNA and Schedule 'A' PSU
CIN - L40101HP1988 GOI 008409

"पीवी आधारित सौर विद्युत संयंत्रों के ईपीसी के लिए और उसके बाद संचालन और अनुरक्षण (ओएंडएम) के लिए अनुभवी तथा सक्षम पार्टियों को पैनलबद्ध करने" के लिए आवेदन आमंत्रण सूचना (एनआईए) –

एसजेवीएन लिमिटेड पीवी आधारित सौर विद्युत संयंत्रों के हेतु ईपीसी के लिए और उसके बाद संचालन और अनुरक्षण (ओ एंड एम) के लिए अनुभवी तथा सक्षम पार्टियों को पैनलबद्ध करने के लिए पात्र निविदाकर्ताओं से ई-निविदाएं आमंत्रित कर रहा है। एनआईए वैबसाइट www.sjvn.nic.in और www.eprocure.gov.in पर उपलब्ध है तथा एनआईए प्रलेख एसजेवीएन के ई-टेंडरिंग पोर्टल https://sjvn.abcprocure.com से **27.09.2019** को **11:00** बजे से **18.10.2019** को 14:00 बजे तक डाउनलोड किए जा सकते हैं। आवेदन कर्ताओं से अनुरोध है कि किसी भी स्पष्टीकरण अथवा एनआईए प्रलेख से संबंधित अधिसूचना के लिए उपरोक्त वैबसाइट के माध्यम से अद्यतन जानकारी प्राप्त करें क्योंकि इस एनआईए के बारे में कोई अतिरिक्त सूचना किसी अन्य मीडिया द्वारा प्रकाशित नहीं की जाएगी।
आवेदन भेजने की अंतिम तारीख : **18.10.2019** को **14:00** बजे तक
आवेदन खुलने की तारीख एवं समय : **21.10.2019** को **15:00** बजे
निविदा के अधिकारः एसजेवीएनलि. के पास यह अधिकार सुरक्षित रहेगा कि वे बिना कोई कारण बताएं, आंशिक अथवा पूर्व रूप से, किसी अथवा सभी टेंडरों को निरस्त कर सकता है।
कृते एवं हिते एसजेवीएन लि.
उप महाप्रबंधक (बीडी एवं एमएस-सीएंडपी)
दूरभाष : 011-61901906/61901953
ई-मेल : sjvncontractdelhi@gmail.com
हमारा भागीदारी विज़न : 2023 तक 5000 मेगावाट; 2030 तक 12000 मेगावाट, 2040 तक 25000 मेगावाट

NOTICE
Before the National Company Law Tribunal, Chandigarh Bench
Corporate Bhawan, Plot No.4B, Sector 27-B, Chandigarh
CP No. 325/Chd/Hry/2019
IN THE MATTER OF:
DRESIER COMMODITIES PVT. LTD... PETITIONER
VERSUS
SRS REAL INFRASTRUCTURE LTD... RESPONENT
Notice to:
SRS REAL INFRASTRUCTURE LTD.
SRS Multiplex, Top Floor City Centre, Sector-12 Faridabad Faridabad HR 121007 IN
Please take notice that the aforesaid Petition, was last heard by the Hon'ble NCLT on 11.09.2019 and pursuant thereof you are instructed by Hon'ble Court to appear in person or through authorised representative on 24.10.2019 before the Hon'ble Bench.
Publication issued as per the directions of the Hon'ble NCLT.
Sd/-
Nahush Jain, Advocate for Petitioners
Ph:9914012447;
Email: advnahushjain@gmail.com

प्रपत्र क
सार्वजनिक घोषणा
(भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड
(स्वैच्छिक समापन प्रक्रिया) विनियमन, 2017 के विनियम 14 के अधीन)
यूनाइटेड इक्विटी प्राइवेट लिमिटेड के पक्षकारों के ध्यानार्थ

1.	कारपोरेट व्यक्ति का नाम	यूनाइटेड इक्विटी प्राइवेट लिमिटेड
2.	कारपोरेट व्यक्ति के निगमन की तारीख	22/01/2009
3.	प्राधिकरण जिसके अधीन कारपोरेट व्यक्ति निगमित/रजिस्ट्रीकृत है	कंपनी रजिस्ट्रार – दिल्ली
4.	कारपोरेट व्यक्ति की कारपोरेट पहचान संख्या/सीमित देयता भागीदारी संख्या	U74999DL2009PTC186900
5.	कारपोरेट व्यक्ति के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय और प्रधान कार्यालय (यदि कोई हो) का पता	11, लाजपत नगर-IV, बेसमेंट, रिंग रोड, नई दिल्ली-110024
6.	कारपोरेट व्यक्ति का समापन प्रारंभ होने की तारीख	23 सितम्बर, 2019
7.	परिसमापक का नाम, पता, ई-मेल पता, दूरभाष संख्या और रजिस्ट्रीकरण संख्या	देविंदर अरोड़ा 1203, विजया बिल्डिंग,17, बाराखंबा रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001 dev_arora@hotmail.com संपर्क नं.9711405844 IBBI/IPA-002/IP-N00200/2017-2018/10586
8.	दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	23 अक्तूबर, 2019

सूचित किया जाता है कि यूनाइटेड इक्विटी प्राइवेट लिमिटेड ने 23 सितम्बर, 2019 को स्वैच्छिक समापन प्रारंभ किया है।
यूनाइटेड इक्विटी प्राइवेट लिमिटेड के पक्षकारों को 23 अक्तूबर, 2019, अर्थात बुधवार, को अथवा उससे पहले मद संख्या 7 में उल्लिखित पते पर परिसमापक के समक्ष उनके दावों के साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए कहा जाता है।
वित्तीय लेनदार अपने दावों के प्रमाण केवल इलेक्ट्रॉनिक तरीके में प्रस्तुत करें। अन्य सभी पक्षकार अपने दावों के प्रमाण व्यक्तिगत रूप से, डाक द्वारा अथवा इलेक्ट्रॉनिक तरीके से प्रस्तुत कर सकते हैं।
दावों का गलत अथवा गुमराह करने वाला प्रमाण प्रस्तुत करने पर जुर्माना लगाया जा सकता है।
– हस्ता, –
देविंदर अरोड़ा
परिसमापक
तारीखः 24/09/2019
स्थानः नई दिल्ली
रजि.नं.: IBBI/IPA-002/IP-N00200/2017-2018/10586

गुमशुदा की तलाश

रुबीना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की एक महिला जिसका नाम **रुबीना, पुत्री** मुहम्मद अली, **पता**- बी-168, जीपि-ब्लॉक, टी-हिट्स, पीतमपुरा,दिल्ली । उक्त महिला दिनांक 14.09.2019 से गुमशुदा है। इस संबंध में **एफ आई आर नं 296/19 धारा 363 भा द स, दिनांक 14.09.2019, को पुलिस थाना मौर्या एन्क्लेव, दिल्ली** में दर्ज है। स्थानीय पुलिस द्वारा इस गुमशुदा महिला की तलाश करने की कोशिश की गयी है लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया। इस गुमशुदा महिला का विवरण इस प्रकार है:
नामः रुबीना, **लिंगः** स्त्री, **उम्रः** 17 वर्ष, **कदः** 5'3", **रंगः** गोरा, **चेहराः** लम्बा, **शारीरिक गठनः** पतला, **पहनावः** नीले रंग की सूट और सलवार एवं पैरो में चप्पल पहने हुआ है.
इस गुमशुदा महिला के बारे में यदि कोई जानकारी मिले तो कृपया थाना प्रभारी मौर्या एन्क्लेव, दिल्ली को सूचित करे।
ई-मेल : cic@cbi.gov.in
फोन : 011-24368638, 24368641
फैक्स : 011-24368639
थाना प्रभारी
पुलिस थाना, मौर्या एन्क्लेव, दिल्ली
फोन न.: 011-27325006, 27322353
DP/9391/NW/19

Rathi Steel and Power Limited
CIN: L27109DL1971PLC005905
Regd. Office: Chauhan Market, Madanpur Khadar, Near Local Shopping Complex, Pocket-D & E, Sarita Vihar Delhi-110076 **Phone:** 7503112104 **Fax:** 011-26991063
Email: info@

खबर कोना

नई दिल्ली में गुरुवार को एक कार्यक्रम के दौरान गौतम गंभीर।

ग्रेग चैपल ने क्रिकेट आस्ट्रेलिया में अपना पद छोड़ा

सिडनी, 26 सितंबर (एएफपी)।

ग्रेग चैपल ने गुरुवार को क्रिकेट आस्ट्रेलिया का अपना पद छोड़ने की घोषणा की जिसके बाद सीए को नए राष्ट्रीय चयनकर्ता की तलाश है। आस्ट्रेलिया की ओर से 87 टैस्ट और 74 एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय खेलने वाले पूर्व कप्तान चैपल पिछले नौ साल से क्रिकेट आस्ट्रेलिया के राष्ट्रीय प्रतिभा मैनेजर और चयनकर्ता थे।

रिजीजू ने देशवासियों से 'फिट इंडिया प्लॉग रन' में जुड़ने की अपील की

नई दिल्ली, 26 सितंबर (भाषा)।

खेल मंत्री किरन रिजीजू ने देशवासियों से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के दिन दो अक्तूबर को 'फिट इंडिया प्लॉग रन' में जुड़ने की अपील की। 'प्लॉगिंग' में जॉगिंग करते हुए अपने चारों ओर से प्लास्टिक और अन्य कचरा उठाया जाता है। इससे दो फायदे होते हैं - स्वास्थ्य और स्वच्छता- जिसमें देश को साफ रखते हुए फिट भी रहते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 29 अगस्त को फिट इंडिया अभियान लांच किया था और 'फिट इंडिया प्लॉग रन' इसी का हिस्सा है।

'दक्षिण अफ्रीका बनाम बोर्ड अध्यक्ष' अभ्यास मैच का पहला दिन धुला

विजयनगरम, 26 सितंबर (भाषा)।

बोर्ड अध्यक्ष एकादश और दक्षिण अफ्रीकी टीम के बीच तीन दिवसीय अभ्यास मैच का शुरुआती दिन तेज बारिश के कारण धुल गया। बारिश के कारण पीवीजी राजू एसीए खेल परिसर में लंच के बाद सत्र में पहले दिन का खेल रद्द कर दिया गया। दो अक्तूबर से विशाखापत्तनम में शुरू हो रहे पहले टैस्ट से पहले दक्षिण अफ्रीकी टीम के लिए यह एकमात्र अभ्यास मैच है।

क्वार्टर फाइनल में पहुंचे कश्यप

कोरिया ओपन

इंचियोन, 26 सितंबर (भाषा)।

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पारूपल्ली कश्यप ने गुरुवार को मलेशिया के डेरेन लियू पर तीन गेम में जीत हासिल कर कोरिया ओपन के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। 2014 राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदकधारी कश्यप ने 56 मिनट तक चले मुकाबले में डेरेन लियू को 21-17, 11-21, 21-12 से मात दी।

कश्यप का सामना डेनमार्क के जान ओ जोर्गेनसन से होगा।

हैदराबाद के 33 साल के भारतीय का सामना डेनमार्क के जान ओ जोर्गेनसन से होगा जिनसे वह पांच साल पहले डेनमार्क ओपन में भिड़े थे। कश्यप का 2015 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदकधारी जोर्गेनसन के खिलाफ रेकार्ड 2-4 का है। डेनमार्क के 31 साल के खिलाड़ी ने आठवें वरीय इंडोनेशियाई खिलाड़ी एंथोनी सिनिसुका जिनटिंग को 58 मिनट तक चले मुकाबले में 17-21, 21-16, 21-13 से शिकस्त दी।

कश्यप ने प्रीक्वार्टर फाइनल मैच के बारे में बात करते हुए कहा कि दूसरे गेम के पहले हिस्से में वह काफी बढ़िया खेला। मैं जूझ रहा था और एक बार उसने बड़ी बढ़त ले ली और उसने काफी बढ़िया शॉट लगाए। स्कोर बराबर करना मुश्किल था। उन्होंने कहा कि तीसरे मैच में मैंने रफ्तार बढ़ाई और तेज गेम खेला। मैंने उसे बड़ी बढ़त नहीं लेने दी।

जोर्गेनसन से खेलने के बारे में बात करते हुए कश्यप ने कहा कि यह अच्छा मैच होगा। उन्होंने जिनटिंग को हराया इसलिए वह अच्छी फॉर्म में हैं। मैं नहीं जानता कि उन्होंने चीन ओपन क्यों नहीं खेला। यह कठिन मुकाबला होगा। देखते हैं। इस बीडब्लूएफ विश्व टूर सुपर 500 टूर्नामेंट में केवल कश्यप एकमात्र भारतीय बचे हैं।

इससे पहले विश्व चैंपियन पीवी सिंधू पहले दौर में हारकर बाहर हो गई थीं जबकि साइना नेहवाल को बीमार होने के कारण हटना पड़ा था। सिंधू को शुरुआती दौर के मैच में अमेरिका के बेईवेन झांग से 7-21, 24-22, 15-21 से हार मिली थी।

लंदन ओलंपिक की कांस्य पदकधारी साइना 21-19, 18-21 और 1-8 से पिछड़ रही थीं जब उन्हें बीमारी के कारण रिटायर होने के लिए बाध्य होना पड़ा। विश्व चैंपियनशिप के पुरुष एकल कांस्य पदकधारी बी साई प्रणीत भी टूर्नामेंट से शुरुआती दौर में बाहर हो गए थे।

सीओए ने टीएनसीए से संविधान सुधारने को कहा

नई दिल्ली, 26 सितंबर (भाषा)।

प्रशासकों की समिति (सीओए) ने तमिलनाडु क्रिकेट संघ (टीएनसीए) के नए संविधान को लोढ़ा समिति की सिफारिशों का अनुपालन नहीं करने वाला बताया है। उन्होंने टीएनसीए से कहा है कि अगर वे 23 अक्तूबर को बीसीसीआइ एजीएम में भाग लेना चाहते हैं तो चार अक्तूबर तक इसमें सुधार कर लें।

कयास लगाए जा रहे हैं कि टीएनसीए की नवनियुक्त कार्यकारिणी एन श्रीनिवासन को मुंबई में होने वाली बीसीसीआइ एजीएम के लिए प्रतिनिधि नियुक्त कर सकती है। श्रीनिवासन 73 साल के हैं और बीसीसीआइ के संशोधित संविधान के अनुसार भारतीय क्रिकेट ढांचे में किसी भी भूमिका के लिए अयोग्य हैं। सीओए का मानना है कि टीएनसीए ने सुप्रीम कोर्ट के 20 सितंबर को दिए गए आदेश की गलत व्याख्या की है जिसमें कहा है कि,'अयोग्यता पदाधिकारियों तक सीमित रहेगी।' सीओए ने टीएनसीए को लिखा कि टीएनसीए ने 20 सितंबर 2019 के आदेश की जानबूझकर गलत व्याख्या करके संशोधित संविधान में कई संशोधन किए हैं।'

सीओए ने अपने मेल में लिखा है कि टीएनसीए के 21 अनुच्छेद ऐसे हैं जिनमें समिति की सिफारिशों का पालन नहीं किया गया है।

रूपा गुरुनाथ बनीं टीएनसीए की अध्यक्ष

चेन्नई, 26 सितंबर (भाषा)।

बीसीसीआइ के पूर्व अध्यक्ष एन श्रीनिवासन की बेटी रूपा गुरुनाथ को गुरुवार को तमिलनाडु क्रिकेट संघ (टीएनसीए) का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। इससे वह भारतीय बोर्ड की राज्य इकाई की पहली महिला प्रमुख बन गई हैं। रूपा को टीएनसीए की 87वीं वार्षिक आम बैठक में अध्यक्ष चुना गया। नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया बुधवार शाम पांच बजे खत्म हो गई थी जिसके बाद अध्यक्ष पद के लिए सिर्फ रूपा ने नामांकन दाखिल किया। टीएनसीए के नियमों के अनुसार वार्षिक आम बैठक में उनके नाम की घोषणा हुई।

कुशाग्र, नटराज ने अच्छा प्रदर्शन जारी रखकर स्वर्ण पदक जीते

बंगलुरु, 26 सितंबर (भाषा)।

कुशाग्र रावत ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए गुरुवार को 400 मीटर में पहला स्थान हासिल करके एशियाई आयु वर्ग तैराकी चैंपियनशिप में अपना चौथा स्वर्ण पदक जीता। वहीं श्रीहरि नटराज ने 100 मीटर बैकस्ट्रोक में नए मीट रेकार्ड के साथ सोने का तमगा हासिल किया। कुशाग्र ने तीन मिनट 55.81 सेकंड का समय निकाला और वह ताइपे के चांग चेंग ली वेई (3:56.82) और सीरिया के अब्बास उमर (4:01.52) से आगे रहे।

कुशाग्र के आदर्श सजन प्रकाश भी 200 मीटर बटरफ्लाई में दो मिनट 00.38 सेकंड के समय के साथ शीर्ष पर रहे। थाईलैंड के नवाफत वोंगचेरोन ने रजत और सीरिया के क्लजी अयमान ने कांस्य पदक जीता। नटराज ने 100 मीटर बैकस्ट्रोक में 55.06 सेकंड के साथ नया मीट रेकार्ड बनाया। तुर्कमेनिस्तान के अतायेव मरदान दूसरे और हांगकांग के लाउ शियु युइ तीसरे स्थान पर रहे।

इससे पहले श्रीहरि नटराज, सजन प्रकाश, लिकिथ एसपी और वीरधवल खाड़े की भारत की चार गुणा 100 मीटर मेडले रिले टीम ने 10वीं एशियाई आयु वर्ग तैराकी चैंपियनशिप में भारत के लिए नौवां स्वर्ण पदक जीता।

भारतीय टीम ने पादुकोण-द्रविड़ सेंटर ऑफ स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में तीन मिनट 46.49 सेकंड के समय के साथ थाईलैंड (तीन मिनट 48.89 सेकंड) और हांगकांग (तीन मिनट 53.99) की टीमों को पछाड़ा।

भारत से पदक की उम्मीद कम

विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप

दोहा, 26 सितंबर (भाषा)।

विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत अपने दो सबसे बड़े स्टार खिलाड़ियों के बिना उतरेगा। ऐसे में पदक की उम्मीद तो दूर किसी खिलाड़ी का फाइनल में जगह बनाना भी बड़ी उपलब्धि होगी। विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप शुक्रवार से शुरू होगी। भाला फेंक के दिग्गज खिलाड़ी नीरज 27 सितंबर से छह अक्तूबर तक होने वाली इस प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं ले रहे हैं क्योंकि मई में कोहनी के ऑपरेशन के बाद वह अभी हल्की ट्रेनिंग कर रहे हैं।

एक अन्य दावेदार हिमा ने यूरोप में लगभग चार महीने ट्रेनिंग की और इस दौरान कुछ छोटे स्तर की रेस भी जीती लेकिन शुरुआती टीम में जगह बनाने के बाद वह कमर की चोट के कारण प्रतियोगिता से हट गईं। हिमा के चोट के प्रबंधन के लिए भारतीय एथलेटिक्स महासंघ को काफी आलोचना का सामना भी करना पड़ा था।

विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने वाले नीरज अगर फिट होते तो भारत को उनके पदक की उम्मीद थी लेकिन हिमा पिछले दो महीने में अपनी पसंदीदा स्पर्धा 400 मीटर में 50 . 79 सेकेंड (पिछले साल एशियाई खेलों में) के अपने निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन तक भी नहीं पहुंच सकी जिससे उनसे पदक की उम्मीद नहीं थी। यह भविष्यवाणी करना मुश्किल है कि भारतीय खिलाड़ियों में कौन फाइनल में जगह बना पाएगा।

शारीरिक शिक्षा और खेलकूद में अपार संभावनाएं : विशेषज्ञ

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 26 सितंबर।

फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया (पेफी) ने खेल और शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाले दिग्गजों को प्रगति मैदान में आयोजित स्पोर्ट्स इंडिया प्रदर्शनी समारोह में चौथे पेफी राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया। इस दौरान शारीरिक शिक्षा और खेलकूद में करिअर की संभावनाओं पर एक चर्चा का भी आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञों ने वर्तमान समय में देश में इस विषय में करिअर की संभावनाओं पर चर्चा की।

भारत ने बेल्जियम को 2-0 से हराया

हॉकी

एंटवर्प, 26 सितंबर (भाषा)।

मनदीप सिंह और आकाशदीप सिंह के दूसरे हाफ में किए गए गोल की मदद से भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने गुरुवार को बेल्जियम को तीन मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में 2-0 से हराया। मनदीप और आकाशदीप ने क्रमशः 39वें और 54वें मिनट में गोल करके भारत को जीत दिलाई।

पहले क्वार्टर में भारत ने शुरू में दबाव बनाया और मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया जिसे लोइक वान डोरेन ने बचा दिया। इसके बाद बेल्जियम ने जवाबी हमला करके पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन कृष्णा पाठक ने उस पर खूबसूरत बचाव किया। भारत दूसरे क्वार्टर में शुरू में ही हावी हो गया और उसे लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन वह इन्हें गोल में बदलने में नाकाम रहा। भारत ने गेंद पर अधिकतर समय नियंत्रण बनाए रखा लेकिन वह गोल नहीं कर पाया। इस तरह से मध्यांतर तक दोनों टीमें गोलरहित बराबरी पर थीं।

भारत ने तीसरे क्वार्टर में अधिक आक्रामकता दिखाई और बेल्जियम के गोलकीपर वान डोरेन को व्यस्त रखा। भारत को आखिर में 39वें मिनट में इसका इनाम मिला जब मनदीप ने गोल करके उसे बढ़त दिलाई। एक गोल से पिछड़ने के बाद बेल्जियम अंतिम क्वार्टर में आक्रामक हो गया और उसने गोलकीपर श्रीजेश की परीक्षा ली। भारतीय गोलकीपर ने हालांकि लगातार दो बचाव करके भारत की बढ़त बरकरार रखी।

आकाशदीप सिंह ने 54वें मिनट में गोल करके बढ़त दोगुनी कर दी जिसके बाद बेल्जियम की वापसी की संभावनाएं भी समाप्त हो गई। श्रृंखला का दूसरा मैच 28 सितंबर को खेला जाएगा।

रीयाल मैड्रिड और एटलेटिको मैड्रिड जीते

मैड्रिड, 26 सितंबर (एएफपी)।

रीयाल मैड्रिड ने ईडन हेजार्ड और गेरेथ बेल के बिना ला लिगा फुटबॉल टूर्नामेंट में ओसासुना को 2-0 से शिकस्त देकर तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। कोच जिनेदिन जिदान ने हेजार्ड और बेल के अलावा कई खिलाड़ियों को आराम दिया क्योंकि टीम शनिवार को शहर की प्रतिद्वंद्वी एटलेटिको मैड्रिड से भिड़ेगी जिसने रीयाल मालोरका को 2-0 से मात दी।

रीयाल मैड्रिड के लिए विनिसियस जूनियर ने 36वें मिनट में और रोड्रिगो ने 72वें मिनट में गोल दागे। इससे टीम 14 अंक लेकर शीर्ष पर पहुंच गई। एटलेटिको मैड्रिड ने डिएगो कोस्टा और जोआओ फेलिक्स के गोल की मदद से जीत हासिल की।

इंटर मिलान ने लाजियो को हराया : इंटर मिलान ने रोम में खेले गए सीरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में लाजियो को 1-0 से हराकर अपनी पांचवीं जीत दर्ज की और तालिका में फिर से शीर्ष पर पहुंच गया। इंटर मिलान ने पांच मैचों में पांचवीं जीत से चैंपियन यूवेंतस पर दो अंक की बढ़त बना ली। उसके लिए एकमात्र गोल डैनिलो डीएम्ब्रोसियो ने 23वें मिनट में किया।

डेविस कप न्यूजीलैंड के खिलाफ 1994 में खेले गए मैच की घटना

पारी के आगाज के लिए सचिन ने की विनती

नई दिल्ली, 26 सितंबर (भाषा)।

महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने अपने करिअर के 'टर्निंग प्वाइंट' को याद करते हुए कहा कि एक बार उन्हें पारी का आगाज करने के लिए विनती करनी पड़ी थी। यह 1994 में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला गया वनडे मैच था। तेंदुलकर के लिए मध्यक्रम बल्लेबाजी से हटकर पारी का आगाज करने का कदम 'मास्टरस्ट्रोक' साबित हुआ। इससे वह 50 ओवर के प्रारूप में विश्व रेकार्ड 49 शतक जड़ पाए।

लिंकडिन पर एक वीडियो साझा करते हुए तेंदुलकर ने ऑकलैंड में न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे के दौरान हुए क्षणों को याद किया। उन्होंने कहा कि 1994 में जब मैंने भारत के लिए बल्लेबाजी का आगाज किया था तो सभी टीमों की रणनीति विकेट बचाए रखने की होती थी। लेकिन मैंने थोड़ा इससे हटकर करने की कोशिश की।

"1994 में जब मैंने भारत के लिए बल्लेबाजी का आगाज किया था तो सभी टीमों की रणनीति विकेट बचाए रखने की होती थी। लेकिन मैंने थोड़ा इससे हटकर करने की कोशिश की।
- सचिन तेंदुलकर

तेंदुलकर ने कहा कि मैंने सोचा कि मैं आगे बढ़कर प्रतिद्वंद्वी गेंदबाजों से डटकर सामना कर सकता हूं। लेकिन मुझे विनती करनी पड़ी कि कृपया मुझे मौका दें। अगर मैं विफल रहूंगा तो मैं फिर आपके पास नहीं आऊंगा। अपने उस कदम को उदाहरण के तौर पर इस्तेमाल करते हुए पूर्व बल्लेबाज ने अपने प्रशंसकों से आग्रह किया कि विफलता के डर से जोखिम लेने से डरो मत।

तेंदुलकर (46 वर्ष) ने कहा कि न्यूजीलैंड के खिलाफ ऑकलैंड में पहले मैच में मैंने 49 गेंद में 82 रन बनाए इसलिए मुझे दोबारा नहीं पूछना पड़ा कि मुझे दूसरा मौका मिलेगा या नहीं। वे चाहते थे कि मैं पारी का आगाज करूं। लेकिन मैं यह कहने की कोशिश कर रहा हूं कि असफलता से डरो मत। मध्यक्रम के बाद पारी का आगाज करने पर उन्होंने सितंबर 1994 में आस्ट्रेलिया के खिलाफ कोलंबो में अपना पहला वनडे शतक जड़ा था।

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 36, अंक 313, *हवाई शुल्क :* इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना-एक रुपए।
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com, फैक्सः (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्षः विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।